

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो०: 9891706853

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 330 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 17 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# I.N.D.I.A गठबंधन की भोपाल रैली हुई रद्द, AAP-सपा के कारण पसोपेश में फंसी कांग्रेस

नई दिल्ली. विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (I.N.D.I.A) की मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में होने वाली पहली रैली रद्द हो गई है. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने शनिवार को कहा कि यह रैली भोपाल में नहीं होगी. वहीं कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भी बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के अन्य सहयोगियों के साथ इसे लेकर चर्चा जारी है और पहली रैली के स्थल एवं तारीख को लेकर अभी आखिरी फैसला नहीं हुआ है.

इससे पहले इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बुधवार को हुई पहली बैठक के बाद बताया गया था कि देश के विभिन्न हिस्सों में संयुक्त जनसभाएं करने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत पहली रैली भोपाल में अक्टूबर के पहले सप्ताह में होगी. ऐसे में अब इसे रद्द करने के पीछे कारणों को लेकर सवाल उठने लगा है.

**इंडिया के घटक दलों के बीच सीट बंटवारें को लेकर फंसा पेंच**

सूत्रों के मुताबिक, आने वाले कुछ महीने में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारें को लेकर फंसे पेंच की वजह से इस साझा रैली को फिलहाल टालना पड़ सकता है. सूत्रों ने बताया कि आम आदमी पार्टी ज्यादातर चुनावी राज्यों में सीटें मांग रही है, तो वहीं समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा सीटें चाहती है.

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के लिए शुरूआत में यही पेंच था. कांग्रेस ने बाद में सपा को एमपी में कुछ सीटें देने का ऑफर दिया, जिसके



बाद ही समन्वय समिति की बैठक के दौरान भोपाल में अक्टूबर के पहले हफ्ते में रैली की घोषणा की गई. हालांकि सभी चुनावी राज्यों में मामला पूरी तरह से सुलझा नहीं है. सपा और आप जैसे दलों का कहना है कि ह्यगठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए है. ऐसे में विधानसभा चुनावों में या तो सीटों का बंटवारा हो या फिर सब अपनी-अपनी ताकत पर लड़ें.' सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय दल चुनावी राज्यों में गठबंधन या सीट शेयरिंग की बात किए बिना कांग्रेस के साथ मंच साझा करके इन राज्यों में अपना नुकसान नहीं कराना चाहते. ऐसे में संभव है कि विधानसभा चुनावों के बाद ही इन राज्यों में इंडिया गठबंधन की साझा रैलियां हों.

## सीएम योगी की अनोखी पहल, अब वॉट्सएप के माध्यम से सीएम ऑफिस से संवाद कर सकेंगे प्रदेश के नागरिक

## वॉट्सएप के जरिए प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों के अपने 'परिवार' से जुड़ेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### Chief Minister Office, Uttar Pradeshनाम से आधिकारिक वॉट्सएप चैनल की हुई शुरूआत

***मुख्यमंत्री कार्यालय से सीधे व त्वरित सूचनाएं प्राप्त करने के लिए कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है वॉट्सएप चैनल से***

लखनऊ, 16 सितंबर। प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ ने आम नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए एक नई पहल की है। प्रदेश के नागरिक अब वॉट्सएप के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री ऑफिस के साथ संवाद कर सकेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर लोगों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए चीफ मिनिस्टर ऑफिस, उत्तर प्रदेश के नाम से वॉट्सएप चैनल की शुरूआत की गई है। इस चैनल से जुड़ने वाले लोग आसानी से अपनी बात सीएम ऑफिस के समक्ष रख सकेंगे। सोशल मीडिया पर सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश सरकार के हैंडल से इस पहल की जानकारी दी गई। सीएम ऑफिस के आधिकारिक हैंडल @CMOfficeUP की ओर से लिखा गया कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के लिए प्रदेश के 25 करोड़ नागरिक 'एक परिवार' हैं। मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'परिवार' के प्रत्येक सदस्य की खुशहाली एवं समृद्धि हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संवाद को लोकतंत्र की आत्मा मानने वाले मुख्यमंत्री जी के 'उत्तर प्रदेश परिवार' के प्रत्येक सदस्य से सहज संवाद के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचार के सशक्त व सरल माध्यम वॉट्सएप का उपयोग करते हुए Chief Minister Office, Uttar Pradesh" नाम से आधिकारिक वॉट्सएप चैनल शुरू किया गया है। संवाद का यह नया प्रभावशाली मंच प्रदेश सरकार से जुड़ी जनहित की सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण करेगा। इस चैनल की खास बात यह है कि इससे कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय से सीधे व त्वरित सूचनाएं प्राप्त करने के लिए इस वॉट्सएप चैनल से अवश्य जुड़ें। उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से संवाद स्थापित करने के लिए वॉट्सएप चैनल के उपयोग की यह अनोखी पहल करने वाले योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं।

# मिथिला में गृहमंत्री का हुआ भव्य स्वागत

## झंझारपुर में गृहमंत्री अमित शाह की रैली में उमड़ा जनसैलाब

झंझारपुर मधुबनी नित्यानंद झा राजू 16 सितम्बरः केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मधुबनी जिले के झंझारपुर पहुंचने पर मिथिला की परंपरा के अनुसार भव्य स्वागत किया गया। बिहार के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने उनका स्वागत गदा भेंट कर किया। झंझारपुर विधायक नीतीश मिश्र ने उन्हें सींकी से बनी कमल भेंट किया। वहीं राजनगर विधायक रामपृत पासवान ने उन्हें मिथिला पेंटिंग और मिथिला की पारंपरिक पाग दोपटा पहना कर सम्मानित किया। झंझारपुर के ललित कपूर्री स्टेडियम में आहूत जनसभा के मंच पर गिरिराज सिंह, सम्राट चौधरी, संजय जयसवाल, नीतीश मिश्र, रामपृत पासवान, मंगल पाण्डेय, विजय



सिन्हा, वीरेंद्र चौधरी, नित्यानंद राय, अश्विनी चौबे, अरुण शंकर प्रसाद दरभंगा, मधुबनी, झंझारपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष समेत बिहार के अनेक भाजपा नेता उपस्थित थे। गृह मंत्री अमित शाह ने झंझारपुर की जनसभा से विपक्ष पर करारा प्रहार किया. उन्होंने लालू यादव व संपूर्ण विपक्ष के भ्रष्टाचार-तुष्टिकरण को लेकर इंडिया

**नीतीश लालू का संबंध तेल और पानी की तरह: शाह**




गठबंधन को कटघरे में खड़ा किया. अमित शाह ने नीतीश-लालू की तुलना तेल और पानी से किया. उन्होंने कहा कि नीतीश-लालू की जोड़ी पानी और तेल की तरह है.जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि बिहार का अखबार लगातार पढ़ रहा हूं. अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है. मैं बिहार की जनता को कहने आया हूं, यह जो स्वार्थी गठबंधन बना है, यह गठबंधन फिर से बिहार को जंगल राज में ले जाने वाला है. क्या आपको फिर से जंगल राज चाहिए...अरे जोर से बोलो, जंगल राज चाहिए क्या,` लालू जी फिर से एक्टिव हो गए हैं नीतीश जी इनएक्टिव हो गए हैं। विपक्षी गठबंधन को नाम बदलने की क्यों जरूरत पड़ी, क्योंकि यूपीए गठबंधन ने 12 लाख करोड 12 लाख करोड़ के घपले घोटाले किए थे. रेलवे मंत्री रहते लालू जी ने अरबों-खरबों का भ्रष्टाचार किया था. कोर्ट में कैस चल रहे हैं .

# अंत्योदय के हक की वकालत करता हूँ मैं- स्वयं वकील न होते हुए भी हूँ उनका वकील- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी सिरसा बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में स्वयं को जन हितैषी होने की बात करते हुए बताया कि उनकी कोशिश हमेशा जरूरतमंद को सहारा और सहायता देने की रहती है। आप सभी को जन कल्याण के कामों में भागीदारी करके जितना हो सकता है उतना मदद करने के कदम उठाएं। अगर कोई किसी ऐसे लोगों का शिकार हो गया है जिन्होंने उसका नाजायज शोषण किया और उसके खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए पैसा नहीं है तो ऐसे गरीब बेसहारा लोगों की मदद करने से आपको संतोष मिल सकता है। ऐसे कदम उठाने का साहस करोगे तो नाम कमाओगे। मैंने ऐसे ही काफी लोगों के करीब जाकर उनके दर्द को जाना और मदद की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अंत्योदय के हक की वकालत करता हूं और स्वयं वकील न होते हुए भी उनका वकील हूं। सरकार में मुखिया होने के नाते हर गरीब को उसका हक मिले यह काम कर रहा हूं और करता रहूंगा।

उन्होंने इस बात पर खुशी प्रकट की कि आज यहाँ बार एसोसिएशन ने मुझे संबोधित करने



के लिए कहा। मैं वकीलों के साथ भाईचारा बढाने के लिए ही आज यहाँ हूँ। उन्होंने कहा कि सिरसा बार एसोसिएशन के अपने वकील भाइयों के बीच आकर अच्छा लगा।






## सूचना

आप सभी को सूचित किया जाता है कि गौतमबुद्धनगर में दिनांक 21.09.2023 से दिनांक 25.09.2023 तक एक्सपोमार्ट ग्रेटर नोएडा में यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो 2023 तथा दिनांक 22.09.2023 से दिनांक 24.09.2023 तक बुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय परिपथ में मोटो जीपी बाइक रेस 2023 का आयोजन किया जायेगा। दिल्ली बॉर्डर से गौतमबुद्धनगर बॉर्डर में भारी / मध्यम / हल्के मालवाहक वाहन का प्रवेश दिनांक 21.09.2023 को समय प्रातः 06:00 बजे से दिनांक 25.09. 2023 को समय रात्रि 2356 बजे तक प्रतिबन्धित किया जायेगा वैकल्पिक मार्गों और परिवहन साधनों के माध्यम से आमजनता की आवाजाही को सुगम बनाया जायेगा जिस सम्बन्ध में निम्नलिखित शर्तों का पालन करें।

यातायात सुविधा उत्पन्न होने पर गौतमबुद्धनगर यातायात हेल्प लाइन नम्बर 9971009001, 9355057381 पर सम्पर्क कर सकते हैं। आमजन से अनुरोध है कि मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाये ओर असुविधा से बचने के लिए पर्याप्त समय रखे एवं वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करे।


**विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर राजबारी होंडा, पश्चिम पाली, किशनगंज आपका स्वागत करता है।**

नई बाइक 9999 रुपए की डाउन पेमेंट पर उपलब्ध ।बस आधार कार्ड एवं पासबुक लाएं और अपनी बाइक ले जाएं।








# विश्वकर्मा योजना की लॉन्चिंग, यशोभूमि का उद्घाटन... पीएम मोदी अपने 73वें जन्मदिन पर देंगे कई बड़े सौगात

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को 73वां जन्मदिन है. इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) जहां 'सेवा पखवाड़ा' शुरू करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बनाएगी और देशभर में विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन करेगी. बीजेपी की यह कवायद महात्मा गांधी की जयंती यानी 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी. वहीं प्रधानमंत्री मोदी खुद अपने जन्मदिन पर कई विकास पहलों के शुभारंभ का हिस्सा होंगे.

रविवार को 'विश्वकर्मा जयंती' भी है. इसी के मद्देनजर पीएम मोदी अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा' की शुरूआत करेंगे. इस योजना का मकसद कारीगरों, शिल्पकारों और पारंपरिक कौशल में लगे अन्य लोगों की मदद करना है. चूंकि इन पारंपरिक व्यवसायों में लगे लोग मोटे तौर पर अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं, इसलिए 13 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना को सत्तारूढ़ बीजेपी द्वारा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस वर्ग तक पहुंच बनाने के प्रयास के तौर पर भी देखा जा रहा है.

**बीजेपी निकालेगी बाइक रैली**

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की लॉन्चिंग दौरान बीजेपी दिल्ली में 10 जगहों पर पीएम मोदी के भाषण का लाइव प्रसारण करेगी.



इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में बाइक रैली निकालकर लोगों खासकर ओबीसी समुदाय के लोगों को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ओबीसी समाज की भलाई और कल्याण के लिए उठाए गए सभी कदमों की जानकारी देगी.

इसके अलावा पीएम मोदी का द्वारका में यशोभूमि नामक इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर के पहले चरण और दिल्ली मेट्रो के एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के विस्तारित खंड का भी रविवार को उद्घाटन करने का कार्यक्रम है. एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन का विस्तारित खंड द्वारका सेक्टर 21 स्टेशन को द्वारका सेक्टर 25 से जोड़ेगा.

अधिकारियों ने कहा कि यह देखते हुए कि देश में बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों की मेजबानी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण है, द्वारका में यशोभूमि के संचालन से इस कवायद को बढ़ावा मिलेगा.

# चंद्रयान तीन और जी 20 की महत्वपूर्ण सफलता के साथ अंतरराष्ट्रीय शिखर की ओर बढ़ता विनम्र भारत'

**(विनम्रता और शांति भारत की ताकत)**

चंद्रयान-3 की चांद पर कदम रखने की सफलता और ˘20 सम्मेलन में भारत की नेतृत्व करने की भूमिका के साथ ही अब भारत विश्व के सिरमौर देश में अपना स्थान बना चुका है। दिल्ली घोषणा पत्र को सभी देशों के महासमर्थन के साथ भारत के वसुदेव कुटुंबकम की भावना और विश्व शांति की अपील को सर्वमान्यता प्राप्त हो चुकी है। भारत आगामी तीन-चार वर्षो में विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सामरिक क्षमता में भी भारत सिरमौर देशों में शामिल है। चंद्रयान-3 को चंद्रमा के साउथ ब्लॉक में पहुंचने के बाद भारत विश्व का पहला देश बन चुका है। इसके साथ यह बहुत उल्लेखनीय तथा महत्वपूर्ण तथ्य है कि अंतरराष्ट्रीय कैनवास पर भारत स्पष्ट रूप से एक शक्तिशाली देश बन कर उभरा है । चीन और पाकिस्तान अब अलग-अलग पड़ चुके हैं। दूसरी तरफ पुतिन ने भारत की ˘20 की सफलता के बाद मेक इन इंडिया योजना का भारी समर्थन कर देश की स्थिति की प्रशंसा भी की है। कुल मिलाकर वर्तमान परिस्थितियां भारतीय दृष्टिकोण से बहुत ज्यादा उसके पक्ष में है।

भारत सदैव विश्व मंच पर शांति सौहाद्र और विनम्रता की नीति को अपनाता आया है' भारत ने सदैव शांति और अहिंसा को ही अपना परम धर्म मान कर वैश्विक शांति की पैरवी की है' भारत का सदैव मानवतावादी दृष्टिकोण ही रहा है एवं उतनी ही संवेदनशीलता के साथ उसने अंतरराष्ट्रीय जगत पर अपनी बात का प्रभाव छोड़ा है' पर इसका कतई अर्थ यह नहीं है कि भारत कमजोर या भीरू है। भारत की वैज्ञानिक तथा सामरिक शक्ति अब दुनिया में चौथे नंबर पर आ चुकी है।और हमारे पड़ोसी देश चीन,पाकिस्तान इस मुगालते में बिल्कुल ना रहे कि वह भारत की तरफ आंख उठाकर उस पर किसी भी तरह आक्रमण करने की कोशिश करें। भारत अब एक स्वाभिमानी शक्तिशाली राष्ट्र बन चुका है और किसी भी आतताई शक्ति को हर स्तर पर मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। इसीलिए भारत अब धीरे धीरे वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली और मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है।

भारत की संस्कृति प्रागैतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए।

समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरू करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजई होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, lक
यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे। यही कारण है कि हमने उनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्त की थी। विनम्र व्यक्ति सदा सुखी एवं संतुष्ट रहता है क्योंकि उसकी ना तो महत्वाकांक्षा होती है, ना प्रतिस्पर्धा,ना द्वेष,ईर्ष्या ना लोभ ही होता है। सभी सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति न सिर्फ अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी बहुत उपयोगी होता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में एक बड़ा ही अनुकरणीय प्रसंग है कि जब वह ज्ञान प्राप्ति के लिए देशाटन में इधर-उधर वितरण कर रहे थे, तब लोगों ने उन पर पत्थर बरसाए उन्हें गालियां दी एवं उनको प्रताड़ित भी किया किंतु महात्मा बुद्ध इससे बिना विचलित हुए अपने कार्य तथा साधना की ओर अग्रसर होते हुए उन्होंने अंततः मां निर्वाण प्राप्त किया। और उनका ज्ञान का भंडार आज भी करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। विनम्रता और सदाशयता वह महान गुण है एवं क्षमता है जो किसी भी व्यक्ति या समाज का हृदय परिवर्तन कर सकती और जीवन को सार्थकता की ओर ले जा सकती है। समाज का कुछ वर्ग विनम्रता को व्यक्ति की कमजोरी समझने का मुगालता पाल लेता है और इसी विनम्रता से ओतप्रोत व्यक्ति का आकार से दमन करने का प्रयास करता है किंतु यह एक सत्य बात है कि सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता ना ही प्राप्त किया जा सकता है, उसी तरह विनम्रता की शक्ति इतनी व्यापक होती है के पर्वत के समान कठोर बाधा भी दूर किसके सामने हो जाती है हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने विनम्रता के साथ ब्रिटिश बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया था। विनम्रता और सहिष्णुता ही है जिसने हमारी भारतीय संस्कृति को हजारों वर्षों से शास्वत बना के रखा है। किसी व्यक्ति समाज और किसी राष्ट्र के लिए विनम्रता सहिष्णुता और विचार शीलता ऐसे महान गुण उसे विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर कर सकते हैं।



**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# बैठकी सनातन संस्कृति, झेल रही-- *"धर्म युद्ध"(भाग-1)

**दैनिक समाज जागरण**

ए सरजी, मुगलों और अंग्रेजों की हजार बर्षों की गुलामी में ये,हमारी संस्कृति,धर्म, शिक्षा, सामाजिक सदभाव, जैसे समस्त महान संदर्भों के विरुद्ध ऐसा षड्यंत्र करते रहे कि हम सनातनी समाज वाले टुकड़ों में बंटकर, अपने मूल स्वरूप और महानतम व्यवस्था से दूर होते चले गये! आजादी के बाद तो कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने मुगलों और अंग्रेजों के



"मुसलमान पैदाइशी आतंकवादी नहीं होते। उन्हें मदरसों में कुरान पढ़ाई जाती है, जिसके अनुसार वे हिन्दू, बौद्ध, सिख, इसाई, यहूदी और अन्य गैर-मुसलमानों को चुन चुनकर मारते हैं। आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए भारत में चल रहे हजारों मदरसों पर प्रतिबंध लगाना बेहद जरूरी है।'
डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

षड्यंत्र रुपी जहर को, सनातनियों की कृपा से हीं प्राप्त,सत्ता का दुरूपयोग करते हुए, संविधान, शिक्षा, साहित्य,कला और कानून के माध्यम से निरंतर गति देते रहे हैं! और आज यही जहर, विपक्षी पार्टियों के नेता, अपनी राजनीति रोटी सेकने के लिये, उगल रहें हैं!-- मास्टर साहब बैठते हीं शुरू हो गये!

ठीक कहा आपने, देखते नहीं! इंडी एलायंस के नेताओं द्वारा कैसा कैसा बिष उगला जा रहा है! डीएमके का नेता कहता है कि सनातन समानता के विरुद्ध है, यह कुष्ठ रोग है इसे डेंगू, मलेरिया और कोरोना की तरह मिटाना होगा! तो सपा का स्वामी प्रसाद मौर्य और लालू की पार्टी के, बिहार का शिक्षा मंत्री- चंद्रशेखर सिंह,हिंदूओं के महान धार्मिक ग्रंथ "रामायण" के प्रति अपशब्द बमन कर रहे हैं!-- उमाकाका मुंह बनाये!

ये कोई नई बात नहीं है! आजादी के बाद से हीं, कृपलानीजी के विचारों से छद्म हिन्दू शासकों ने संविधान को अस्त्र-शस्त्र बनाकर, सनातनियों के देश में सनातनियों और उसके धर्म को नष्ट करने से बाज नहीं आये हैं! आजादी के बाद हिंदूओं के विरुद्ध कैसे कैसे षड्यंत्र किये गये, इसकी समीक्षा करेंगे तो दुध का दुध और पानी का पानी, बिलकुल साफ नजर आयेगा! सच पुछिये तो कांग्रेस,भारत को संविधान के माध्यम से,मुस्लिम राष्ट्र बना चूकी है बस घोषणा नहीं कर पायी!--डा. पिंटू हाथ चमकाये!

**ए डा. साहब, इ त बहुत बड़हन बात कहतानी बाकि एकर आधार का बा!!-- मुखियाजी उत्सुक लगे!**

मुखियाजी, शताब्दियों से अखण्ड भारत में सनातनियों के साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से धर्म युद्ध होता रहा है और उसकी निरंतरता अभी भी बनी हुई है! मुगल काल में मुस्लिम आक्रांताओं ने जोर जबर्दस्ती, सनातन धर्म को नष्ट करने का भरपूर प्रयास किया और ईस्लाम का प्रसार किया! फिर अंग्रेजो ने सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए जोर जबर्दस्ती और लालच के सहारे, ईसाई धर्म का प्रसार किया! मोटे तौर पर हजार बर्षों से यहाँ, धर्म युद्ध चल रहा है! आजादी के साथ हीं राष्ट्र विभाजन में सनातनियों ने, धर्म युद्ध झेला है और लाखों सनातनियों की जान गई! आजादी के बाद से अपने हीं देश में देखिये, नव राज्यों में सनातनी अल्पसंख्यक हो चूके हैं या पलायन को मजबूर हो रहे!--कुंवरजी अखबार एक ओर रखते हुए!

कुंवरजी ठीक कह रहे हैं! लगता है जैसे, सनातन और सनातनियों पर आक्रमण की निरंतरता रुकने को नहीं है! बंटवारे के बाद, पाकिस्तान में सनातनियों की जनसंख्या 22-24 प्रतिशत थी लेकिन आज 2 प्रतिशत भी बा मुश्किल रह गई है! अपने देश को हीं लिजिये-- आजादी और बंटवारे के बाद यहाँ सनातनियों की जनसंख्या 88 प्रतिशत थी लेकिन आज 65-70 प्रतिशत तक सीमट चूकी है जबकि मुस्लिमों की जनसंख्या 6 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ चूकी है फिर भी ये अल्पसंख्यक हैं 🤦 और हिंदूओं के टैक्स के पैसों पर जायज-नाजायज,सभी सुविधाओं का मजे ले रहे हैं !नतीजा भी दिखता है! आज भारत




में हीं सनातनियों को अपने धार्मिक जुलुस या शोभायात्रा निकालने पर पाबंदी झेलनी पड़ती है या पत्थरबाजों या गोलीबारी का सामना करना पड़ता है!--डा. पिंटू मुंह बनाये!

अब त चारु ओर पत्थरबाजी होता! हरियाणा के नूंह काण्ड के छोड़ीं, परसो गुजरात में शिवजी के



शोभायात्रा प मुसलमान पत्थरबाजी कईले बाड़न स! ए में एक आदमी मरी गईल आ कतने घायल




बाड़े! कल एगो टीवी एंकर कहत रहे जे उहाँ शोभायात्रा प पत्थरबाजी परम्परा ह!!वाह रे, लुटियन मिडिया!! आ वाह रे, धरमनिरपेक्ष देश!!-- मुखियाजी छुब्द थे!

**इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर.....**

मुखियाजी, सच कहने और लिखने पर कितने हीं छद्म सेक्युलरवादियों के पिछवाड़े में आग लग जाती है और तथाकथित न्यायव्यवस्था जो एक आंख की कानी हो चूकी है, वैसे देशद्रोही और सनातन विरोधियों की ओर फूटी आँख कर लेती है लेकिन मुझ जैसे सत्य वचन कहने वालों पर स्वतः संज्ञान लेने से नहीं चूकती! लेकिन सत्य को झुठलाया नहीं जा सकता! क्या ये सत्य नहीं कि विभाजित पाकिस्तान में अल्पसंख्यक सनातनियों की जनसंख्या रेशियो 22 प्रतिशत के आसपास थी लेकिन आज 1-2 प्रतिशत के बीच रह गई है जो वहाँ जिल्लत की जिंदगी जीने को मजबूर हैं और उन्हें भी बहुत जल्द मिटा दिया जायेगा!--मास्टर साहब दुखी लगे!

बिलकु ल सही कहा आपने !यहाँ अपने देश में इंडी एलायंस के नेतागण जिस तरह सनातन को समाप्त करने का वक्तव्य दे रहे हैं वो भारत के भविष्य को दशार्ता




ह ै !
उ ा ा ा र
न्यायालय को स्वतः संज्ञान नहीं लेना चाहिए था क्या!!!! आज भारत में हिंदुओं की अर्थात सनातनियों की घटती जनसंख्या रेशियो और मुसलमानों की विस्फोटक बढ़ती जनसंख्या रेशियो, सनातनियों के विरुद्ध, "धर्म युद्ध", का एक बड़ा शस्त्र है! हम सनातनी, "बसुधैव कुटुंबकम" और "सर्वे भवन्तु सुखिनः" के सिद्धांत पर चलने वाले हैं! हम प्राणी मात्र पर दया रखने वाले हैं! हम किसी संप्रदाय पर आक्रमण नहीं करते या उन्हें नष्ट करने की मंशा नहीं रखते! हर धार्मिक अनुष्ठान की समाप्ति पर- "प्राणियों में सदभावना हो", "विश्व का कल्याण हो", कि कामना करते हैं! हमारे यहाँ यदि कुत्ता भी दरवाजे पर, भूखा चला जाय तो पाप का भागिदार समझा जाता है! सनातन में, हर जीव-जन्तु, पेंड़- पौधे, यहाँ तक की पत्थरों में भी ईश्वर की परिकल्पना है तथा प्रकृति के प्रति भी अपना कर्तव्य स्वीकार किया जाता हो उसकी तुलना क्या हो सकती है!! जबकि इसके ठीक उलट इस्लाम में छोटे बच्चों के मस्तिष्क में यह पिरोया जाता है कि जो इस्लाम नहीं मानता वो काफिर है और उसकी हत्या करनी चाहिये, उसकी बेटी बहनों को लूटना चाहिये! उन्हें प्रताड़ित करना हर मुस्लिम का परम कर्तव्य है तो ऐसी स्थिति में सह- अस्थित्व की परिकल्पना करना आत्महत्या नहीं तो क्या है!!आज देश में कहीं भी बहुसंख्यक होने के बावजूद,सनातनियों पर हीं, हर तरिके से आक्रमण देखा जा रहा है !सिमटता सनातन,इसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा तो करता हीं है!-- उमाकाका व्यग्र लगे!

ए सरजी, भले हीं भाजपा के नेता लोग या साधु संत, बोल रहें हैं कि सनातन संस्कृति,कभी खत्म नहीं होगी लेकिन भूतकाल और वर्तमान की स्थिति का आंकलन करने पर इन लोगों की बातें गलत लगतीं हैं!

आदिकाल से पुरी पृथ्वी पर सिर्फ सनातन धर्म और संस्कृति हीं थी फिर अखंड भारत तक सिमट गई! लेकिन आज भारत तक, जबकि भारत में भी कई राज्यों से सिमटती जा रही है! तो ऐसी सिमटने की निरंतर प्रक्रिया, एक दिन सनातन संस्कृति का अंत जरूर कर देगी बशर्ते सनातनी लोग,सस्ते आलू,टमाटर,प्याज, पेट्रोल,गैस और बिजली बिल सबसिडी के लालच में अपने सुरक्षित अस्तित्व के लिये, वोट का सदुपयोग नहीं करेंगे!--पारस नेता सही कहे!

किस तरह खुल्लमखुल्ला मुस्लिम तुष्टीकरण की जा रही है इसका उदाहरण कांग्रेस शासित कर्नाटक है जहाँ मुसलमान अपने लिये कोई ओटो रिक्शा, टैक्सी,या कोई गाड़ी खरीदेगा तो उसे सिर्फ आधी कीमत देनी होगी वो भी किस्तों में बाकी आधी कीमत कांग्रेस सरकार देगी जबकि हिंदूओं, सिखों को कोई छूट नहीं पुरी कीमत अदा करनी होगी!-- डा. पिंटू बोल पड़े!

लिजीये, मैं रिपब्लिक भारत पर सुना कि कांग्रेस पार्टी, तेलंगाना के अपने घोषणा पत्र में, मुस्लिम अस्पतालों की स्थापना करने की बात की है जहाँ सिर्फ मुस्लिमों के प्रवेश की अनुमति होगी! मुस्लिम छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए 20 लाख की मदद तथा उर्दू को राज्य की शिक्षा व्यवस्था में दुसरा दर्जा प्रदान किया जायेगा यानी भारत इस्लामिक स्टेट की ओर!--कुंवरजी भी पिछे नहीं!

अच्छा, मुझे समझ नहीं आता कि इस तरह के चुनावी वादे और स्थितियों पर चुनाव आयोग या न्यायालय स्वतः संज्ञान क्यों नहीं लेता! !मास्टर साहब हाथ चमकाये!

अजी आपने सुना नहीं! तमिलनाडु में भगवान की मूर्ति बनाने वाले गरीबों के झोपड़पट्टी गोदाम को, इंडी एलायंस के मुख्यमंत्री के आदेश से सील कर दिया गया जिसके चलते वो गणेश चतुर्थी के अवसर पर आर्डर की गई मूर्तियां नहीं दे पायेंगे और सनातनी अपने अराध्य के मूर्ति पूजन से, वंचित रहेंगे! सनातन संस्कृति पर आक्रमण का एक अंश!-- पारसनेता अपनी रखे!

**ए सरजी, रउवा ना कुछ कहब!!-- मुखियाजी मेरी ओर देखकर!**

मुखियाजी, इतना तो ध्रुव सत्य है कि हजारों बर्षों से सनातन संस्कृति के खिलाफ धर्म युद्द होता आया है, आज भी चल रहा है और भविष्य में भी चलता रहेगा जबतक ये संस्कृति नष्ट नहीं कर दी जाती!और सिकुडते सनातन संस्कृति के मूल में,स्वार्थी और लालची, जयचंद सरीखे सनातनी हीं हैं! काश! सच में हमारा भारत धर्मनिरपेक्ष होता और हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी सदभाव बनाकर रहते लेकिन ये राजनीतिज्ञ जो न करा दें! खैर आज इतना हीं रहने दिया जाय! फिर कल बहस होगी!-- कहकर मैं उठ गया और इसके साथ हीं बैठकी भी....!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

## शीर्षक
## नशा मजा या सजा

नशे के गर्त में डूब रही है,
आज की युवा पीढ़ी।
कर्णधार कहलाते देश के,
विकास की है जो सीढ़ी।

नशे की कालाबाजारी का,
धूवाँ घर-घर फैला।
तन मैला,मन भी मैला,
हर खून हो रहा मैला।

कहाँ से आता नशे का जत्था,
कौन है घर-घर लाता।
पुलिस प्रशासन, नाकाबंदी,
कोई रोक ना पाता।

नशा ना जाने बहु की इज्जत,
ना बेटी का मान।
नशे की लत को पूरा करने,
गिरवी रखा मकान।

नशे की दुनियां की बात निराली,
सब अपने मन के राजा।
इनके राज्य का नाम बताऊं,
हैश,चरस और गांजा।

युवाओं में बढ़ती नशे की लत के,
कौन है जिम्मेदार?
मूक प्रशासन, चुप समाज है,
क्यों मौन बनी सरकार?

बड़े पूण्य से मिला यह जीवन,
इसे खुशी से जियो।
ना गांजा ,ना हैश,ना चरसी,
ना शराब कभी भी पियो।



बिंदु अग्रवाल, किशनगंज,

## जीने की राह : जीने की कला

मुश्किलों का आना जीवन
का एक पहलू कहलाता है,
इनसे लड़कर बाहर आ जाना
जीने की कला कहलाता है ।

लिप्सायें हमें जीने नहीं देतीं,
पूरी होने को तरसाती हैं,
हम लिप्साओं को मरने नहीं
देते, उम्मीदें सदा बढ़ाती हैं ।

संतानों के लिये माँ की ममता
की थाह लगा पाना और,
पिता की क्षमता का अंदाज
लगा पाना अति मुश्किल है।

सबका मानना है कि ये दोनो
काम बहुत ही नामुमकिन हैं,
माँ पृथ्वी समान महान है,
तो पिता प्रजापति ब्रह्मा हैं ।

माँ प्रथम गुरू तो पिता सद्गुरू,
दोनो गुरू से ही गुरुतर होते हैं,
गुरू गोविंद सम, तो माता-पिता
भी भगवान जैसे ही माने जाते हैं ।

जीवन में हर समस्या केवल हमें
छति पहुँचाने के लिए नहीं आती,
बल्कि कुछ समस्यायें जीवन में,
आकर हर राह को सुलझाती है ।

जैसे दुर्भिक्ष आने पर दुनिया में
प्राणियों की मौतें बढ़ जाती हैं,
वैसे ही मनुष्यों में संस्कारों की,
कमी से मानवता मर जाती है ।

क्योंकि संस्कारों की वसीयत
और ईमानदारी की विरासत,
से बढ़कर नही कोई सम्पत्ति,
होती है न ही कोई मालियत।

जीवन की संस्कार शाला में,
रचनात्मकता का बल होता है,
मानवता का सद्गुण ह्यआदित्यह्ल
मिले तो वह सत्पुरुष होता है ।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य
लखनऊ**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पांच जिलों में शत प्रतिशत, 21 जिलों में 90 फीसदी पूरा हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे

- बागपत, आजमगढ़, अमरोहा, बलरामपुर और गोंडा में शत प्रतिशत हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे
- 50 प्रतिशत से कम सर्वे वाले जिलों के जिलाधिकारियों को मिली सख्त हिदायत
- 25 सितंबर तक यूपी के 54 जिलों में शत प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे पूरा करने का लक्ष्य
- प्रति सर्वेयर को प्रतिदिन पूरा करना है 50 प्लॉटों का सर्वे, डीएम खुद करेंगे मॉनीटरिंग

**समाज जागरण**

लखनऊ, 16 सितंबर। प्रदेश में फसलों के डिजिटल सर्वे का कार्य तेज गति से जारी है। सभी 75 जिलों में सर्वे का कार्य जारी है। वहीं 54 जिलों के 10-10 राजस्व ग्रामों में क्रॉप सर्वे का कार्य भी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 सितंबर तक सभी 54 जिलों में सर्वे के कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है। फिलहाल इनमें से पांच जिलों में शत प्रतिशत सर्वे पूरा कर लिया गया है। वहीं 21 जिलों में कार्य 90 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। इसके अलावा 13 जिलों में 70 से 90 फीसदी, 13 जिलों में 50 से 70 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। जबकि मात्र दो जनपदों में धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई है। जिलाधिकारियों को तेज गति से सर्वे पूरा करने की सख्त हिदायत दी गई है।

### किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोलेगा डिजिटल क्रॉप सर्वे

बता दें कि मोबाइल एप के जरिए कृषि सहित अन्य विभागों के कर्मचारी खेतों में उगी फसलों का रिकॉर्ड तैयार कर रहे हैं। योगी सरकार इसके जरिए प्रदेश में पैदा की जा रही फसलों का पूरा डेटा तैयार करा रही है। सर्वे के माध्यम से फसलों के जो आंकडे.प्राप्त होंगे, उससे प्रदेश के किसानों के लिए योजना बनाने में बहुत सुविधा प्राप्त होगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोलने का एक उपक्रम है।

### 1.19 करोड़ से अधिक कृषि प्लॉटों का हो रहा डिजिटल क्रॉप सर्वे

सर्वे के कार्य में लगे प्रत्येक सर्वेयर को प्रतिदिन 50 प्लॉटों का सर्वे करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं जिलाधिकारी करेंगे। पूरे प्रदेश में इस कार्य में कुल 5764 सर्वेयर लगाये गये हैं, जिसमें 1437 कृषि विभाग, 2733 राजस्व विभाग और 1594 पंचायत सहायक हैं। इन्हें प्रदेश के 27641 ग्रामों में कुल 1.19 करोड़ से अधिक कृषि प्लॉटों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करना है।

### किस जिले में कितनी प्रगति

अपडेट आंकड़ों की बात करें तो बागपत, आजमगढ़, अमरोहा, बलरामपुर और गोंडा में सर्वे का कार्य शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा गाजीपुर, अंबेडकर नगर, सोनभद्र, बलिया, मुजफ्फरनगर, फतेहपुर, अलीगढ़, आगरा, हाथरस, बरेली, ललितपुर, मेरठ, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, अमेठी, सहारनपुर, गौतमबुद्ध नगर, श्रावस्ती, रायबरेली और महाराजगंज में सर्वे का कार्य 90 फीसदी से ऊपर पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार बांदा, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, रामपुर, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, बदायूं, संभल, शामली, लखनऊ, बहराइच और कुशीनगर में सर्वे का कार्य 70 से 90 फीसदी पूरा हो चुका है। जबकि पीलीभीत, बिजनौर, मऊ, इटावा, मथुरा, कन्नौज, प्रयागराज, मैनपुरी, एटा, कासगंज, कानपुर देहात, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में कार्य 50 से 70 फीसदी के बीच पूरा हुआ है। वहीं मात्र दो जनपद हापुड़ और बाराबंकी में अभी भी 50 फीसदी से कम कार्य हुआ है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों के जिलाधिकारियों को सख्त हिदायत दिये हैं।

# गांधी जयंती तक प्रदेश में चलेगा मेरा विद्यालय - स्वच्छ विद्यालय अभियान

*स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर योगी सरकार ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय*

*2 अक्टूबर तक सभी विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में चलेगा गहन स्वच्छता कार्यक्रम*

*विद्यालय और समुदाय आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के बारे में किया जाएगा जागरूक*

*यूपी में पहले से ही 1 से 15 सितंबर तक आयोजित किया गया था स्वच्छता पखवाड़ा*

**समाज जागरण**

लखनऊ, 16 सितंबर। महात्मा गांधी की पुण्य जयंती 2 अक्टूबर पर स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर योगी सरकार ने प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में 2 अक्टूबर तक एक गहन स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत विद्यालयों में स्वच्छता के महत्व को प्रचारित करते हुए विद्यालय और समुदाय आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य थीम मेरा विद्यालय - स्वच्छ विद्यालय होगी। इससे पहले योगी सरकार ने प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में 01 सितंबर 2023 से 15 सितंबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा भी आयोजित किया था जो अब 2 अक्टूबर तक निरंतर जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता को एक जन आंदोलन का रूप प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष महात्मा गांधी की पुण्य जयंती, 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में आयोजित किया जाता रहा है। इसी क्रम में आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण एवं शहरी) द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता की संकल्पना को ओर अधिक बल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रस्तावित कार्यक्रम 'स्वच्छता ही सेवा' की मुख्य थीम कचरा मुक्त भारत' (गार्बेज फ्री इंडिया) निर्धारित किया गया है।

### स्वच्छता शपथ का होगा आयोजन

सभी विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा के बाद स्वच्छता शपथ' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी छात्र और शिक्षक व स्टाफ प्रतिभाग करेंगे। स्कूलों, छात्रावासों और शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों की मदद से बेकार एवं अपशिष्ट कचरे का निपटान अभियान के रूप में सुनिश्चित किया जाएगा एवं बच्चों को रंग आधारित गीले कचड़े के लिए हरा कूड़ादान एवं सूखे कचरे के लिए नीला कूड़ादान ठोस एवं अपशिष्ट प्रबन्धन के विषय में बताया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी विद्यालयों, छात्रावासों और शैक्षणिक संस्थानों में वृक्षारोपण किया जाएगा एवं बच्चों को प्राकृतिक संरक्षण के संबंध में अवगत कराया जाएगा। कचरा मुक्त भारत और अपशिष्ट प्रबंधन आदि पर पर छात्रों के लिए निबंध, स्लोगन, कविता लेखन, पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी, मॉडल बनाने, नाटक मंचन इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी एवं उत्तीर्ण बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कृत भी किया जाएगा। सभी विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ग्राम पंचायतों, नगर क्षेत्रों में स्वच्छता संदेशों के साथ ठोस एवं अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व, एकल उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) के विकल्प, स्वच्छता आधारित व्यवहार परिवर्तन के लिए समुदाय में जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

### स्वच्छता अभियान को बनाया जाएगा जन अभियान

इसके अलावा सुबह की सभाओं में श्रमदान, स्वच्छता और सामुदायिक सेवा के महत्व पर शिक्षकों द्वारा छात्रों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान जन प्रतिनिधियों, स्वच्छता पर कार्य करने वाली स्वयं सेवी संस्थाओं, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्रों इत्यादि महत्वपूर्ण हितधारकों, संस्थाओं, व्यक्तियों का नेतृत्व एवं सहयोग प्राप्त किया जाएगा। स्वच्छता आधारित फिल्मों, पोस्टर, बैनर आदि आईसी मैटेरियल का प्रसारण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अभियान को जन अभियान का रूप देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार विभिन्न सोशल मीडिया (व्हाट्सअप, फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम), प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से किया जाएगा।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ संपन्न।

**"मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह ने तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए सुनी जनता की शिकायतें।**

**"जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 134 शिकायत हुई दर्ज, 08 शिकायतों का विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया निस्तारण।**



गौतम बुद्ध नगर 16 सितंबर 2023 आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 134 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 08 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह ने सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। सदर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 09 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार दादरी तहसील में उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 56 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 04 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही कराया गया। जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर जनता के द्वारा कुल 69 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 04 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# पोषण अभियान के अंतर्गत तहसील सदर में श्री अन्न से बने व्यंजनों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी।



उत्तर प्रदेश शासन के निदेशों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज पोषण अभियान के अंतर्गत सदर तहसील में पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए मोटे अनाज/श्री अन्न के दैनिक जीवन में उपभोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा श्री अन्न से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि प्रदर्शनी में ज्वार के ढोकले, ज्वार के लड्डू, कुट्टू की दलिया, कंगनी की खीर, ज्वार की कचोरी, समा की खिचड़ी, बाजरे की मठरी आदि व्यंजन प्रदर्शित थे। उन्होंने बताया कि लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार व समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, तहसील के समस्त कर्मचारी एवं क्षेत्रीय जनता के द्वारा करने के उपरांत व्यंजनों का स्वाद भी चखा गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर सहित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जनपद को कुपोषण मुक्त, स्वस्थ एवं मजबूत बनाने संबंधी शपथ बैनर पर भी हस्ताक्षर किए गए। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# पीएम से संवाद करेंगे अटल आवासीय विद्यालय के बच्चे

## 23 सितंबर को वाराणसी से प्रदेश के सभी 18 अटल विद्यालयों का औपचारिक शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री, खासे उत्साहित हैं गोरखपुर के अटल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी

गोरखपुर, 16 सितंबर। योगी सरकार की पहल पर निशुल्क सरकारी बोर्डिंग स्कूल सरीखे अटल आवासीय विद्यालय में पढ़ाई शुरू करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करने का मौका मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री 23 सितंबर को वाराणसी से प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर स्थापित अटल आवासीय विद्यालयों का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वह वाराणसी में प्रत्यक्ष तो अन्य मंडलों के बच्चों से ऑनलाइन संवाद करेंगे। प्रारंभिक तैयारियों में पीएम मोदी से वर्चुअल संवाद के लिए गोरखपुर स्थित अटल आवासीय विद्यालय को भी शामिल किया गया है।



प्रदेश में श्रमिकों के पाल्यों तथा कोरोना से बेसहारा हुए बच्चों को उत्कृष्ट आवासीय व्यवस्था के तहत पूणर्तः निशुल्क व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अटल आवासीय विद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभिनव पहल है। योगी सरकार की तरफ से प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर बनाए गए अटल आवासीय विद्यालय में पहले शैक्षिक सत्र में पठन पाठन प्रारंभ हो चुका है। पहले सत्र में ऐसे सभी विद्यालयों में मंडल स्तरीय प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर कक्षा छह में 80 विद्यार्थियों (40 बालक व 40 बालिका) को प्रवेश मिला है। गोरखपुर के सहजनवा स्थित तथा उत्तर प्रदेश भवन एंव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित अटल आवासीय विद्यालय के पहले शैक्षिक सत्र का शुभारंभ 11 सितंबर को प्रवेश उत्सव के साथ हुआ। रहने, खाने, पढ़ने तथा पाठ्येतर गतिविधियों की उत्कृष्ट व्यवस्था से सत्र शुरू होने के एक सप्ताह के भीतर ही यहां के विद्यार्थियों का मन पूरी तरह रम गया है। हर गतिविधि में वे पूरे मनोयोग से सम्मिलित हो रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री से संवाद करने की संभावना को लेकर इन विद्यार्थियों का उत्साह और बढ़ गया है। अटल आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत कुमार सिंह बताते हैं कि छात्रवास से लेकर विद्यालय तक यहां बच्चों को एक मित्रवत माहौल दिया गया है। उनकी हर सुविधा व जरूरत का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। बच्चे सुबह से लेकर शाम तक तय हर गतिविधि में खूब उत्साह से भाग ले रहे हैं।

उप श्रम आयुक्त अमित कुमार मिश्रा के मुताबिक सभी अटल आवासीय विद्यालयों का औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से करेंगे। उद्घाटन अवसर पर वह बच्चों से संवाद भी कर सकते हैं। हालांकि अभी अंतिम निर्णय बाकी है, फिर भी पीएम मोदी से 'टू वे' कम्युनिकेशन को लेकर प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### कर्मकार समीर दास के साथ संघातक दुर्घटना के संबंध में एक सप्ताह के भीतर कोई भी व्यक्ति अपना पक्ष लिखित या मौखिक रूप से कर सकते प्रस्तुत।

सहायक निदेशक कारखाना, उ0प्र0 नोएडा क्षेत्र गौतमबुद्धनगर बी0 के0 शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि नोएडा गौतमबुद्धनगर प्रसंस्करण के दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 07.05.2023 को प्रकाशित खबर के अनुसार सेक्टर- 04 स्थित नोएडा गौतमबुद्धनगर स्थित एक फैक्टरी में दिनांक 05.05.2023 दिन शुक्रवार को रात में कार्य करते समय गिरने से कर्मकार समीर दास के साथ संघातक दुर्घटना घटित हुई थी। उन्होंने उक्त घटित संघातक दुर्घटना की जांच के सम्बन्ध में सर्व साधारण का आह्वान करते हुए बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहता है तो एक सप्ताह के भीतर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक निदेशक कारखाना उत्तर प्रदेश सी 119 प्रथम तल सेक्टर 18 नोएडा कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष लिखित या मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं तथा अपने कथन के समर्थन में यदि कोई भी व्यक्ति साक्ष्य या सबूत देना चाहे तो उसे भी उपलब्ध कराने के लिए स्वच्छंद हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती
पर हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं अभियन्ताओं सहित
सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




### मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा जयन्ती पर हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं अभियन्ताओं सहित सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं



लखनऊः 16 सितम्बर, 2023 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने विश्वकर्मा जयन्ती पर हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं अभियन्ताओं सहित सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

आज यहां जारी एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश एवं प्रदेश के आर्थिक विकास में तकनीकी विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में कारीगर एवं हस्तशिल्पी पारम्परिक कार्यों के माध्यम से जीविकोपार्जन करते हैं। यह हस्तशिल्पी और कारीगर पारम्परिक कार्यों में अत्यन्त प्रतिभाशाली हैं। पारम्परिक कारीगरों की प्रतिभा को निखारने के लिए इनके प्रशिक्षण तथा व्यवसाय में वृद्धि के उद्देश्य से डबल इंजन सरकार द्वारा ह्यएक जनपद, एक उत्पादह्न योजना तथा ह्यविश्वकर्मा श्रम सम्मानह्न योजना संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयन्ती सृजन व निर्माण के प्रति हम सभी को प्रतिबद्ध होने का अवसर प्रदान करती है।

# स्वास्थ्य मेले से लोगों की सेहत सुधारेगी योगी सरकार

## आयुष्मान भवः अभियान के तहत शनिवार और रविवार को वृहद रूप से स्वास्थ्य मेले का होगा आयोजन

**"आयुष्मान मेले के तहत शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जबकि रविवार को सीएचसी और पीएचसी पर विशेषज्ञ करेंगे स्वास्थ्य परीक्षण**

**"शहर से लेकर दूर-दराज गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ उन्हे बीमारियों को लेकर करेगी जागरूक**



लखनऊ, 16 सितंबरः योगी सरकार 17 सितंबर से प्रदेश भर में आयुष्मान भवः अभियान की शुरूआत करने जा रही है। इस अभियान के तहत शनिवार और रविवार को वृहद रूप से स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर से लेकर दूर-दराज गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ उन्हे बीमारियों को लेकर जागरुक करेगी। इस दौरान यदि किसी व्यक्ति में गंभीर बीमारी के लक्षण मिलते हैं तो आगे की चिकित्सा परामर्श के लिए रेफर किया जाएगा। आयुष्मान मेले के तहत शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जबकि रविवार को सीएचसी और पीएचसी पर विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। मालूम हो कि 14 सितंबर को ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयुष्मान भवः योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना के माध्यम से योगी सरकार प्रदेश में हर पात्र व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करेगी।

### गैर संचारी रोगों को लेकर किया जाएगा जागरूक

आयुष्मान मेला के तहत प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत पहले शनिवार को गैर संचारी रोगों बुखार, खांसी, चिकनगुनिया, डेंगू जैसे रोगों के लक्षणों को लेकर जागरुक किया जाएगा। वहीं आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर कूलर, पानी की टंकियों और पानी एकत्र होने के स्थान की चेकिंग करेंगी ताकि संचारी रोगों को जन्म देने वाले कारकों पर नियंत्रण किया जा सके। अभियान के तहत दूसरे शनिवार को टीबी, कुष्ठ रोग समेत अन्य संचारी रोगों की विशेषज्ञों की टीम स्क्रीनिंग करेगी। इस दौरान लोगों को दवा, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, टेली परामर्श की सुविधा दी जाएगी। वहीं तीसरे शनिवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जागरुक किया जाएगा जबकि चौथे शनिवार को जनजाति क्षेत्र में सिकल और गैर जनजाति क्षेत्र में आंखों की जांच की जाएगी। इसके अलावा हर शनिवार को स्वास्थ्य एवं कल्याण तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के साथ सेवाओं के बारे में जागरुक किया जाएगा। इस दौरान आभा स्वास्थ्य (आईडी कार्ड) कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाये जाएंगे। साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह और तीन सामान्य कैंसर मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा जैसी बीमारियों के लिए जनसंख्या आधारित स्क्रीनिंग की जाएगी। इतना ही नहीं पीएम-जेएवाई का इलाज कराने वाले मरीज का फॉलोअप लिया जाएगा और नियमित टीकाकरण के लिए अभियान चलाया जाएगा।

### रविवार को मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों की टीम करेगी इलाज

वहीं प्रदेश के सभी सीएचसी, पीएचसी (ग्रामीण एवं शहरी) में हर रविवार को आयुष्मान मेले के तहत मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सीएचसी में विशेषज्ञ और आउटरीच सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि करना है। ब्लॉक स्तर पर स्त्री रोग, बाल रोग, त्वचा, नेत्र, ईएनटी विशेषज्ञ, सर्जन, एनेस्थेटिस्ट, मनोचिकित्सक, दंत सर्जन आदि अपनी सेवाएं देंगे। वहीं मेले की रोजाना की रिपोर्ट को आयुष्मान भवः पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। मेले में सीएचसी, मेडिकल कॉलेज, जिला प्रशासन की अहम जिम्मेदारी होगी। मेले में सांसद, विधायक, सलाहकार, प्रधान, सरपंच और अन्य स्थानीय नेताओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी।

आवश्यकता है

देश में तेजी से फैलते हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार को भोजपुर (आरा),बक्सर व कैमूर जिले में व्यूरो प्रमुख, विज्ञापन प्रतिनिधि, प्रखंड रिपोर्टर व क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
वहीं रोहतास जिले के प्रखंड बिक्रमगंज, नासरीगंज, राजपुर, अंकोढी. गोला, डेहरी, नौहट्टा, शिवसागर, सासाराम व सुर्यपुरा में समाचार संकलन हेतु उक्त प्रखंडों में प्रतिनिधियों की भी जरूरत है। कृपया आप इस सम्पर्क सूत्र -: 9006265092, 6200504654 व 9801253445 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# कई मध्य व उत्क्रमित मध्य विद्यालयों को है पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक का इंतजार।

## किशनगंज जिला में विभागीय आदेश का अनुपालन करने में हो रहा विलंब।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

ठाकुरगंज प्रखण्ड के कई पुराने मध्य विद्यालयों और उत्क्रमित मध्य विद्यालयों का संचालन विगत कई वर्षों से बगैर पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक के ही होता आ रहा है जिस कारण सम्बंधित विद्यालयों का आंतरिक व्यवस्था व अध्ययन-अध्यापन का कार्य प्रभावित होता आ रहा है। मध्य विद्यालय बेहबुलडांगी, मध्य विद्यालय जंगलाभीठा, मध्य विद्यालय चुरली, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरचौन्दी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जीरनगच्छ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुधौटी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नेंगरा डूबा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेसरबाटी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटेश्वरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सखुआडाली, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालूबारी, आदि कई विशेष रूप से चिन्हित विद्यालयों को विगत कई वर्षों से पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक के पदस्थापना का इंतजार करना पड़ रहा है। इनमें कई विद्यालय ऐसे भी हैं जो माध्यमिक विद्यालयों के रूप में भी उत्क्रमित हो चुके हैं किन्तु इनमें प्रभारी प्रधानाध्यापक का कमान बेसिक ग्रेड के नियोजित शिक्षकों के जिम्मे ही है।उक्त स्थिति में ऐसे विद्यालयों के प्रशासनिक व्यवस्था के हालात का अंदाजा कोई भी बुद्धिजीवी आसानी से लगा सकते हैं।




प्रधानाध्यापक पद की महत्ता ह्न विद्यालय में प्रधानाध्यापक को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। प्रधानाध्यापक अपने सफल नेतृत्व, व्यक्तित्व, अनुभव, योग्यता एवं कार्य दक्षता के आधार पर विद्यालय को निर्दिष्ट लक्ष्य की ओर अग्रसर करता है। विद्यालय में प्रधानाध्यापक की ठीक उतनी ही आवश्यकता होती है जितनी कि खेल के मैदान में कप्तान की और युद्ध क्षेत्र में सेनापति की । शिक्षाविद ई. पी. कुवरली के शब्दों में - ह्लप्रधानाध्यापक केवल प्रशासक होने के कारण ही नेता नहीं है, उसके नेतृत्व के प्रधान अंग है- तर्क शक्ति, प्रगाह ज्ञान तथा अदम्य उत्साह ।ह्व अतः प्रधानाध्यापक एक नेता के समान होता है जो शिक्षक, कर्मचारी तथा बालक एवं अभिभावकों का नेतृत्व करता है। वास्तव में वह समस्त विद्यालय क्रियाओं का मार्गदर्शक है। मार्गदर्शक के रूप में यह संयोजक का स्त्रोत होता है जो विभिन्न क्रियाओं समन्वय स्थापित करता है और साधनों का अधिकतम उपयोग करता है। प्रधानाध्यापक अध्यापकों का अध्यापक होता है। इस रूप में वह शैक्षिक कार्यों में अध्यापकों का मार्गदर्शक बनाउनके शैक्षणिक स्तर को ऊँचा उठाता है। जैसा प्रधानाध्यापक होगा, शिक्षक वैसा ही शिक्षण करेंगे।

सम्भवतः इन्हीं तथ्यों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए शिक्षा विभाग, बिहार के आदेशानुसार जिला संवर्ग के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित और स्नातक प्रशिक्षित को गैर-वित्तीय लाभ के 10 सितंबर 2023 तक पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति देते हुए एतद सम्बंधित रिक्ति वाले मध्य विद्यालयों और उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में पदस्थापित करना था।

किन्तु 16 सितंबर 2023 के तिथि में समाचार प्रेषण तक किशनगंज जिला शिक्षा कार्यालय से उक्त सम्बंधित आदेश निर्गत नहीं हुआ जबकि कार्यालय सूत्रों के अनुसार सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया जा चुका है।

विभागीय निदेशानुसार न केवल पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति व पदस्थापना के लिए समय निर्धारित है जबकि इसके बाद आवश्यक मानकों को पूर्ण करने वाले मैट्रिक प्रशिक्षित तथा 34540 कोटि के उच्च योग्यता धारकों को स्नातक प्रशिक्षित पद पर प्रोन्नति देनी है जिसके लिए 20 सितंबर 2023 तक का समयसीमा निर्धारित है।

# विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताहः सदर अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों ने ली मरीजों की सुरक्षा की शपथ

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

रोगी सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 17 सितंबर को विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया जाता है. सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने कहा कि इस बार जिले में 11-17 सितंबर को विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है. रोगी सुरक्षा एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है और स्वास्थ्य देखभाल का एक मूलभूत सिद्धांत है. रोगी सुरक्षा स्वास्थ्य देखभाल की प्रक्रिया के कारण रोगियों को होने वाले नुकसान को रोकने के महत्व पर प्रकाश डालता है. रोगी सुरक्षा में सुधार का अर्थ है रोगी को होने वाले नुकसान को कम करना. विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के लिए डब्ल्यूएचओ ने सुरक्षित एवं सम्मानजनक शिशु जन्म पर कार्य का चयन किया है. इस आलोक में उन्होंने इस वर्ष की थीम ह्लरोगियों को मरीजों के प्रति देखभाल और सेफ्टी के लिऐ प्रेरित करना हैह्व ,रखा है. इसी क्रम में जिले के सदर अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों की सुरक्षा की शपथ ली. उक्त कार्यक्रम में एनक्यूएस डॉ विद्या, स्वास्थ्य प्रबंधक जुल्ले अशरफ, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनवर आलम, पीरामल स्वास्थ्य के अश्वनी पटेल एवं जिला की एएनएम, जी एन एम आदि उपस्थित हुई.

**रोगियों की सुरक्षा करना स्वास्थ्य कर्मियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारीः**

--सिविल सर्जन डॉ. कौशल किशोर ने कहा 17 सितंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में पहला ह्यविश्व रोगी सुरक्षा दिवसह्व मनाया गया. जिसका मुख्य उद्देश्य किसी भी स्वास्थ्यकर्मी की सबसे पहली और सबसे बड़ी जिम्मेदारी रोगियों की सुरक्षा होती है. रोगियों की सुरक्षा के लिए सभी चिकित्सकों के साथ ही अन्य कर्मियों को भी स्वास्थ्य सेवाओं को अनुशासित और सुरक्षित बनाने की जरूरत है. सभी कर्मी समाज के प्रति जवाबदेह हैं. अभी



विशेष रूप से रोगियों की सुरक्षा स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है. लिहाजा ऐसे समय में स्वास्थ्य सेवाओं को कुशल और सुरक्षित करने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मिलकर योगदान देना चाहिए. रोगियों की जांच के साथ ही अपने उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करें जिससे वे स्वयं का बेहतर ध्यान रख सकें.

**11 से 17 सितंबर तक आयोजन--**

एनक्यू एस डॉ विद्या ने बताया कि 11 से 17 सितंबर तक "रोगी सुरक्षा सप्ताहह्व मनाया जा रहा है. ह्वरोगी सुरक्षा सप्ताह" के आयोजन के दौरान ह्लमेडिकेशन सेफ्टीह्व को ध्यान में रखते हुए पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा. मरीजों को लिखी एवं दी जाने वाली दवा की सही पहचान पर स्वास्थ्यकर्मियों का उन्मुखीकरण, जीवनरक्षक दवाओं की पहचान, उनकी लिस्टिंग एवं उपलब्धता की पूरी जानकारी, चिकित्सकों द्वारा लिखी गयी दवा पर्चों का औचक अवलोकन, नियमित चिकित्सा प्रणाली में सुधार पर क्रिया-न्वयन, मरीजों को मेडिकेशन सु-रक्षा एप ह्व5 मोमेंट्स ऑफ मेडिकेशन सेफ्टीह्व के बारे में जागरूक करना एवं 17 सितंबर को ह्वविश्व रोगी सुरक्षा दिवसह्व का आयोजन किया जायेगा.

**सिविल सर्जन ने बताया कि रोगी अपनी सुरक्षा के लिए क्या कर सकते हैं :-**

- यदि आप एलर्जी से पीड़ित हैं तथा आप अपनी सही और पर्याप्त जानकारी अस्पताल के कर्मचारी को देते हैं, तो वह आपकी उचित सहायता कर सकता है.
- यदि आपको किसी भी बात पर संदेह है या यदि आप निदान से संबंधित जानकारी से संतुष्ट नहीं हैं, तो उससे संबंधित सवाल अवश्य पूछें.
- आपके लिए प्रस्तावित होने वाली किसी भी चिकित्सीय प्रक्रिया के पक्ष एवं विपक्ष के बारे में चिकित्सक से अवश्य पूछें. यदि दवा के माध्यम से दुष्प्रभाव पैदा हो सकता है तो इसके बारे में भी जानकारी प्राप्त करें.

# तीन नाबालिक छात्रों के अपहरण के आरोप में हावड़ा के दो राजमिस्त्री गिरफ्तार

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

गोपीबल्लभपुर में मकान निर्माण कार्य करने आए तीन नाबालिक छात्रों के अपहरण के आरोप में हावड़ा के दो राजमिस्त्री को पुलिस ने किया गिरफ्तार। इस घटना में शामिल अन्य एक युवक भाग निकलने में सफल रहा। आरोपियों में शेख निजामुद्दीन व शेख शरीफुल को गिरफ्तार किया जा सका।जबकि शेख आरिफुल भाग निकला। आरोपियों हावड़ा जिले के श्यामपुर थाना अंतर्गत डी एम घाट इलाके के रहने वाला है। इनमें निजामुद्दीन व शरीफुल विवाहित बताए जाते हैं। यह लोग विभिन्न जिलों में जाकर राजमिस्त्री का काम किया करते हैं। शुक्रवार अहले सुबह पुलिस द्वारा इन्हें हावड़ा से गिरफ्तार किया गया। साथ ही तीन नाबालिक को इनके चंगुल से छुड़ाया गया। गोपीबल्लभपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण गोपाल मीणा ने कहा घटना की जांच हो रही है तथा बिधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस एवं स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीनों नाबालिक छात्राओं का घर गोपीबल्लभपुर थाना इलाके में है। तथा वह एक दूसरे की सहेली हैं। तथा उनका एक साथ विद्यालय आना-जाना होता था। छात्राओं के घर से कुछ ही दूरी पर हावड़ा एवं अन्य जिले के 11 लोग राजमिस्त्री काम के सिलसिले में वहां रहते हैं। विद्यालय आने-जाने के क्रम में राजमिस्त्रियों के साथ नाबालिकों का बातचीत होती थी। दोस्ती के साथ-साथ उनके बीच मोहब्बत हो गई। बृहस्पतिवार तीनों नाबालिक शाम को घर से निकले परंतु वापस नहीं हुए। परिवार के लोगों एवं ग्रामीणों द्वारा खोजबीन शुरू की गई परंतु कोई सफलता नहीं मिली। बाद में ग्रामीणों की नजर पड़ी 11 लोग राजमिस्त्रियों के मध्य तीन राजमिस्त्री दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। प्रारंभिक पूछताछ में राजमिस्त्रियों ने कुछ बताने से इनकार किया। ग्रामीणों द्वारा क्लब परिसर में लेकर राजमिस्त्रियों को थप्पड़ लगाने पर आखिरकार वे सब कुछ बता दिया। तत्पश्चात परिवार के लोगों द्वारा गोपीबल्लभपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज की गई। आरोपियों के मोबाइल टावर लोकेशन के सहारे पुलिस ने इन्हे गिरफ्तार किया। वे लोग हावड़ा स्टेशन से अन्यत्र भगाने के फिराक में थे। पुलिस ने बताया न्यायालय के आदेश अनुसार नाबालिकों को उनके परिवार वालों के हाथों सौंप दिया गया है।

# क्षेत्रीय मुख्यालय बीएसएफ किशनगंज में प्रतियोगिता आयोजित कर मनाया हिंदी पखवाड़ा

**दैनिक समाज जागरण, किशनगंज**

क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल किशनगंज के कार्यवाहक उप महानिरीक्षक आई के वाल्डे के निर्देश क्षेत्रीय मुख्यालय किशनगंज में हिंदी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत उप कमांडेंट क्षेत्रीय मुख्यालय शशांक भूषण के द्वारा की गई. सर्वप्रथम उप कमांडेंट शशांक भूषण ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया. और सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि 14 सितंबर 1953 को पहली बार देश में हिंदी दिवस मनाया गया और तब से हम सभी हर साल पूरे देश में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं. हिंदी दिवस राष्ट्रीय पहचान और एकता की मजबूत कड़ी के रूप में निरंतर विशेष भूमिका निभाती आ रही है. हिंदी ऐसी भाषा है जो हर जगह बोली और समझी जाती है. हिंदी भाषा के और अधिक विस्तार



के लिए सभी को अपना अधिकतम कार्य हिंदी में ही करना चाहिए. भाषा के और अधिक प्रचार-प्रसार हेतु सभी कार्यालयों में आज के दिन कुछ ना कुछ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है. मुख्यालय द्वारा करवाए जाने वाली प्रतियोगिताओं के क्रम में आज प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें गैर हिंदी भाषी जवानों ने प्रतियोगिता में भाग लिया. सीमा सुरक्षा बल द्वारा हिंदी पखवाड़े जो कि 14 सितंबर से 29 सितंबर तक चलेगा, जिसमें कविता वाचन निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम में उप निरीक्षक गोविंद यादव, सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक महिला सोनी कुमारी, सहायक उप निरीक्षक राजीव रंजन, मुख्य आरक्षक के डी खान, आरक्षक राम विकास प्रियदर्शी आरक्षक आकाश चौहान, आरक्षक, विवेक कुमार, आरक्षक सर्वजीत कुमार एवं अन्य सहित प्रतिभागी बल कर्मी भी उपस्थित थे.

# जमीनी विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन, दो मामले का हुआ निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण, किशनगंज**

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निदेर्शानुसार किशनगंज जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना परिसर में जमीनी विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन किशनगंज सीओ समीर कुमार के नेतृत्व में किया गया. टाउन थाना परिसर में लगे जनता दरबार में जमीनी विवाद से संबंधित कुल तीन मामले पहुंचे. वही इस दौरान सीईओ समीर



कुमार के द्वारा बारीकी से सभी के कागजात जांच किए गए जांच करने के उपरांत दो मामले का निष्पादन किशनगंज सीओ समीर कुमार के द्वारा मौके पर कर दिया गया वही बाकी बचे एक मामले को अगले शनिवार जनता दरबार में जमीन से संबंधित पूरे कागजात के साथ आने के लिए कहा गया.

# किशनगंज महिला थाना में पारिवारिक विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन, तीन मामले का हुआ निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण, किशनगंज**

किशनगंज जिला मुख्यालय स्थित महिला थाना परिसर में महिला थाना अध्यक्ष विनीता कुमारी एवं राहत संस्था के सचिव डॉक्टर फरजाना बेगम के अध्यक्षता में पारिवारिक विवाद से संबंधित मामले के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया. वही लगे जनता दरबार में पारि-वारिक विवाद से संबंधित कुल सात मामले पहुंचे. इस दौरान महिला थाना अध्यक्ष



विनीता कुमारी एवं राहत संस्था के सचिव डॉक्टर फरजाना बेगम ने पारिवारिक विवाद से संबंधित आए हुए परिवारों को अपने घर में प्रेम भाव और प्यार से रहने के लिए प्रेरित करते हुए तीन मामले का निष्पादन मौके पर कर दिया.

# जिले में आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा के तहत बनाया जायेगा गोल्डन कार्ड-जिलापदाधिकारी

## -17 सितम्बर व 2 अक्टूबर तक वसुधा केंद्र में निशुल्क बनेगा आयुष्मान भारत कार्ड

## -कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा , दिए गए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण, किशनगंज**

जिले में आगामी 17 सितंबर से 2आस अक्टूबर तक आयुष्मान भवः अभियान के तहत जिले में प्रचार प्रसार कर पात्र लाभार्थियों का अधिक से अधिक कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिए है आयुष्मान भव कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों में शिविर का आयोजन कर गोल्डन कार्ड बनाया जायेगा।

मालूम हो कि जिले में वर्ष 2011 के जनगणनो के अनुसार कुल 2,17,430 परिवारों को गोल्डन क-ार्ड देने का लक्ष्य है। वर्तमान में कुल 83,159 परिवारों को गोल्डन ई. कार्ड बनाया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने सभी किशनगंज वासियों से गोल्डन ई. कार्ड बनवाने की अपील की है -

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया 'आयुष्मान भवः' अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है। जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करना है। यह अभूतपूर्व पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता पर आधारित व स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन का



प्रतीक है। वही जिले में आयुष्मान भवः कार्यक्रम में शेष बचे ज्यादा से ज्यादा लाभुकों का गोल्डन ई. क-ार्ड पंचायत में शिविर लगाकर सीएससी संचालकों की सहायता से निशुल्क बनाया जायेगा ।प्रखंड स्तर पर गोल्डन कार्ड बनाने और वितरण की देखरेख प्रखंड स्तर पर कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य प्रबंधक, जीविका के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि करेंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर लाभुकों को चिह्नित करने के लिए प्रखंड स्तर के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं आशा कार्यकर्ता और जीविका के अधिकारी और कर्मचारी को लाभुकों की सूची सौंप दी गई है। इसलिए आप सभी जिले वासी से अपील है की इस कार्यक्रम का लाभ उठाए।

**एचडब्ल्यूसी और सीएचसी में आयुष्मान मेलेः आयुष्मान सभा को आयोजने किया जायेगा-**

-सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि जिला पदाधिकारी श्रीकांत श-ास्त्री के दिशा निर्देश के आलोक में यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान लागू किया जाएगा। यह पूरे राष्ट्र और पूरे समाज के दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह सरकारी क्षेत्रों, नागरिक समाज संगठनों और समुदायों को एक सामान्य मिशन के तहत एकजुट करता है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी असमानता के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। आयुष्मान भवः अभियान स्वास्थ्य विभाग, अन्य सरकारी विभागों और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थानीय निर्वाचित निकायों के साथ मिलकर ग्राम पंचायतों द्वारा चलाया गया एक सहयोगी प्रयास है। इसका मुख्य उद्देश्य भौगोलिक बाधाओं को पार करते हुए हर गांव और शहर में व्यापक स्वास्थ्य सेवा कवरेज का विस्तार करना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

# बाबा गणिनाथ गोविंद जी जन्मोत्सव समारोह में कानू मध्यदेशीय वैश्य समाज की उमड़ी भीड़

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

अखिल भारतीय कानू मध्यदेशीय वैश्य महासभा जिला इकाई किशनगंज के तत्वावधान में श्री श्री बाबा गणिनाथ गोविंदजी (कुल देवता) जन्मोत्सव सह पूजन समा-रोह का केल्टेक्स चौक श्री दिगम्बर जैन भवन में शनिवार को आयोजित हुआ । जिसमें जिले भर से कानू मध्यदेशीय वैश्य समाज के लोगों की उमड़ी भीड़ । सर्वप्रथम समारोह स्थल पर प्रातःआठ बजे झण्डोतोलन हुई तत्पश्चात श्री बाबा गणिनाथ गो-विंदजी जयंती पर विधिवत पूजन एवं होम कुलदेवता के भगत सह पुजारी हरेंद्र गुप्ता एवं यजमान शत्रुघन साह के द्वारा संपन्न हुआ।समाज के प्रतिष्ठित एवं बुजुर्गों का मंच पर सम्मान किया गया।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लोगों ने उठाया।

वही अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य महासभा बिहार प्रदेश मंत्री प्रो.अशोक गुप्ता अपने सम्बोधन में कहा कि समाजिक उत्थान तभी संभव है जब हम शैक्षनिक, आर्थिक एवं सांगठनिक रूप से सशक्त होगें। आज यहां जिले भर से आए हुए समाज से मेरी अपील होगी कि अपने बच्चों का शैक्षणिक विकाश पर ज्यादा ध्यान देंगे तो हमारे समाज का भी भविष्य उज्ज्वल होगा। वही पूजन समिति के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि हमारा समाज अन्य समाज की अपेक्षा आज भी संगठनात्मक रूप से मजबुत नहीं जबकि हमारा समाज वैश्विक स्तर पर फैला हुआ





है हमारे समाज के आईएस आईपीएस आईएफएस के अधिका-री, प्रोफेसर, डॉक्टर ,इंजीनियर सहित बड़े-बड़े व्यवसायिकों से भरे पड़े हैं, फिर भी सांगठनिक रूप से हम कमजोर है जिसके कारण राजनैतिक क्षेत्र में हमारी भागीदारी नगन्य है। लेकिन इन दिनों जब हम बाबा गणिनाथ गोविंदजी के जयंती पर जगह -जगह समाजिक समारोह का आयोजन हो रहा है और हमारा समाज समारोह में भाग लेने लगें हैं, तो सांगठनिक रूप से सशक्त भी हो रहें हैं। हमारे जनप्रतिनिधि कई क्षेत्रों में भी देखें जा रहें। इसलिए हमारे समाज को संगठित होना होगा । फिर हमारे समाज को भी सभी क्षेत्रों में सम्मान जरूर मिलेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता अशोक चंद गुप्त, पश्चिम बंगाल कानकी निवासी अरूण गुप्ता,रामबाबु साह इत्यादि अन्य प्रमुख लोगों ने भी मंच से अपने-अपने विचारों में समाजिक विकाश और सहयोगात्मक भावना से स्वजाति समाज को आगे बढ़ने लिए प्रेरित किया। इसी अवसर पर अजित गुप्ता, सचिव अरविंद गुप्ता , कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,सह कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता,संगठन मंत्री दुलारचंद गुप्ता व अजय गुप्ता,संरक्षक सदस्य अशोक गुप्ता,मनोज गट्टानी,अरूण गुप्ता,दीप नारायण साह एवं शंकर प्रसाद तथा महिला मंडल अध्यक्ष रेखा देवी, उपाध्यक्ष किरण गुप्ता इत्यादि समारोह को सफल बनाने में अपने जबावदेही में सक्रिय रहें।

# सुरक्षित शनिवार : सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतार रहा है विद्यालय

**राकेश, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) ।मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आज मध्य विद्यालय गलगलिया में सुरक्षित शनिवार मनाया गया ।

कार्यक्रम के तहत विद्यालय के फोकल शिक्षक विकास कुमार एवं फोकल शिक्षिका समृता डे ने आज सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत भूकंप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी दी ।साथ ही भूकंप के दौरान एवं भूकंप के बाद क्या करें क्या ना करें के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया एवं मॉक ड्रिल भी करवाया गया ।



वहीं प्रधानाध्यापक अर्जुन पासवान ने बताया कि भूकंप के दौरान भगदड़ न मचाये और बच्चों, बूढ़ों एवं विकलांगो पर विशेष ध्यान रखें ।साथ ही भूकंप के दौरान अपना धैर्य एवं संयम बनाये रखें एवं प्रभावित व्यक्तियों की मदद करें ।बताते चले कि मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक शनिवार को सभी विद्यालय में प्राकृतिक आपदा से बचाव के संबंध में जानकारी देने हेतु सुरक्षित शनिवार मनाया जाता है ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे ।

# मल्लागुड़ी सिंक्लेयर्स रिजॉर्ट में प्रेस कॉन्फ्रेंस

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग):**

आज सिलीगुड़ी सिंक्लेयर्स रिजॉर्ट में चाय उद्योग और नेत्र देखभाल क्षेत्र के हितधारकों ने विजनस्प्रिंग की क्लियर विजन पहल के लिए अपना समर्थन और सराहना व्यक्त की है, जिसमें आंखों की जांच और चाय चुनने वालों को चश्मा प्रदान करना शामिल है। विजनस्प्रिंग ने अगले पांच वर्षों में क्षेत्र के कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमियों को चश्मा प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ, इस साल जनवरी में 12 जनवरी 2023 को गुवाहाटी, असम में हमारे संस्थापक डॉ. जॉर्डन कसालो की उपस्थिति में 'लाइवलीहुड्स इन फोकस' लॉन्च किया। यह पहल भारत में 10 लाख कम आय वाले लोगों की स्क्रीनिंग के बड़े लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 10 लाख कर्मचारियों के लिए लगभग 6 लाख चश्मों की आवश्यकता होगी, और कंपनी का कहना है कि वह इस कार्य के लिए तैयार है। इस अभियान में 2023 में चाय बागान श्रमिकों, कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमियों के लिए 13.5 मिलियन डॉलर की आय अर्जित करने की क्षमता है, अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस (21 मई 2023) पर चाय भागीदारों के बीच सहयोग पर चर्चा के लिए असम में तीन बैठकें आयोजित की गईं। , विजन स्प्रिंग, और नेत्र देखभाल क्षेत्र में हितधारकों को हमारे काम का आधार व्यापक बनाने के लिए। बैठकें 21 मई को डिब्रूगढ़ के मनोहारी टी रिजॉर्ट में, 23 मई को तिनसुकिया के छोटा तिंगराई टी एस्टेट में और 25 मई को जोरहाट के टोकटाई टी रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित की गईं। जोरहाट में टी रिसर्च एसोसिएशन के निदेशक डॉ. एस बाबू ने बताया कि विजनस्प्रिंग की पहल को "शानदार" बताते हुए, यह स्वीकार करते हुए कि अभी भी प्रगति होनी बाकी है, विजनस्प्रिंग ने असम के चाय बागानों में 1 लाख से अधिक आंखों की जांच की है और चाय चुनने वालों को 60,000 चश्मे वितरित किए हैं। पश्चिम बंगाल में हमने 5000 से अधिक उद्यान श्रमिकों और लगभग 3000 बुनकरों/कारीगरों की जांच की है। कुल मिलाकर, विजनस्प्रिंग ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में 5.5 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की दृष्टि को ठीक किया है। विजनस्प्रिंग इंडिया के एमडी श्री अंशू तनेजा विजनस्प्रिंग और "आजीविका इन फोकस" के बारे में बात करेंगे। श्री पिनाकी बनर्जी हमारे मेड इन इंडिया, सीई प्रमाणित चश्मे की गुणवत्ता पर, चाय चुनने वालों को चश्मा प्रदान करने में कंपनी द्वारा की गई प्रगति के बारे में बात करेंगे। जबकि सुश्री देवजानी घोष इस बात पर जोर देंगी कि कैसे विजन स्प्रिंग ने अपने सभी शिविरों को डिजिटल कर दिया है और कुशलतापूर्वक डेटा एकत्र करने के लिए डिजिटआइज सॉफ़्टवेयर का उपयोग करता है। उत्तर बंगाल में, विजनस्प्रिंग नेत्र जांच कार्यक्रमों में छोटे चाय उत्पादकों को शामिल करने के लिए भारतीय लघु चाय उत्पादकों के परिसंघ के साथ सहयोग कर रहा है, मोकलबरी के गार्डन प्रबंधकों ने कार्यक्रम के लाभों के लिए अपनी सराहना व्यक्त की, लेकिन चाय चुनने वालों के कार्य कार्यक्रम के अनुसार नेत्र शिविर आयोजित करने की सिफारिश की। उन्होंने भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए नेत्र शिविरों में स्थानीय व्यक्तियों को रखने का भी सुझाव दिया। विजनस्प्रिंग ने 10 जून को टॉलीगंज क्लब, कोलकाता में 'क्लियर विजन टी गार्डन्सः बिल्डिंग कोलैबोरेटिव एक्शन' विषय पर एक प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किया था। यह कार्यक्रम इस बात पर केंद्रित था कि कैसे चश्मे के माध्यम से स्पष्ट दृष्टि चाय बागान श्रमिकों के लिए उत्पादकता और कमाई के संबंध में जबरदस्त लाभ पहुंचा सकती है। बैठक में भारत को एक स्पष्ट दृष्टि वाला राष्ट्र बनाने के तरीकों पर भी चर्चा होगी। इस कार्यक्रम में चाय क्षेत्र, सरकार, कॉर्पोरेट्स, गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक उद्यमिता, पारिवारिक फाउंडेशन और नेत्र अस्पतालों के वरिष्ठ नेता भाग लेंगे।

चाय बागानों में आंखों की जांच के महत्व पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई और विजनस्प्रिंग की पहल के लिए अपना समर्थन और सराहना व्यक्त की गई। असम में तीन कार्यक्रम आयोजित किये गये जिससे विजनस्प्रिंग को बढ़ावा मिला। उत्तर बंगाल में तीन घटनाएं..1 . 2. चाय बागानों में बच्चों की आंखों की जांच पर ध्यान दें। एक उदाहरण देने के लिए, 1947 के बाद से मोकलबाड़ी चाय बागान के एक निचले प्राथमिक विद्यालय में कभी भी आंखों की जांच नहीं की गई। विजनस्प्रिंग स्कूल में आंखों की जांच करने वाली कंपनी है, जिसकी सभी ने सराहना की। 3. आंखों के लिए छोटे चाय उत्पादकों को शामिल करने की आवश्यकता है स्क्रीनिंग जो अब भारत की 50 प्रतिशत से अधिक चाय का उत्पादन करती है। छोटे चाय उत्पादकों को संगठित क्षेत्र के अपने समकक्षों की तरह लाभ नहीं मिलता है। 4 कार्यकारी निदेशक, टी बोर्ड इंडिया ने भी विभिन्न चाय बागानों में चाय श्रमिकों की स्क्रीनिंग के लिए मदद देने की पुष्टि की है। 5. उत्तरी बंगाल के नेत्र अस्पतालों ने स्थानीय कार्यान्वयन भागीदार के रूप में विजनस्प्रिंग के साथ सहयोग करने, जटिल नेत्र रोगों के लिए उनकी सेवाओं तक पहुंचने और मोतियाबिंद वाले चयनित रोगियों को आयुष्मान भारत जैसी सरकारी योजनाओं के तहत सर्जरी के लिए ले जाने पर सहमति व्यक्त की है। 6. गुडरिक टी, एपीपीएलएफ, जालान टी जैसे बड़े खिलाड़ी पहले से ही उत्तर बंगाल, डुआर्स और असम में श्रमिकों की स्क्रीनिंग के लिए वीएस के साथ साझेदारी कर रहे हैं।

# एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर पोषण रथ को किया रवाना

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय के कैम्पस से शनिवार को एसडीएम उपेन्द्र कुमार पाल एवं डीसीएलआर अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पोषण- रथ को रवाना किया। आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा अनुमंडल कार्यालय के कैम्पस में पोषण से सम्बंधित स्लोगन बनाया गया था।जो अपने आप मे एक अजूबा व आकर्षण का केंद्र बना रहा । एस-डीएम ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाने से पूर्व आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा बनाए गए पोषण से संबंधित स्लोगन को मनमोहक दृश्य को देख भाव विभोर हुए एवं सेविकाओं के द्वारा बनाए गए पोषण से संबंधित स्लोगन का काफी सराहना किया। सभी सेविकाओं को पोषण के संबंध में शपथ दिलाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीडीपीओ शशि कुमारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सितम्बर माह पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। जिसमे बच्चों, महिलाओं, माताओं का पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु आ-



ईसीडीएस विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करके पूरे माह अलग- अलग तरह की गतिविधियों का आयोजन करती है तथा लोगो को इस संबंध में जागरूक भी करने का कार्य भी किया जाता है। आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा लोगो को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए अनुमंडल कार्यालय से रैली निकाल मुख्य पथ से होते हुए प्रखंड मुख्यालय पे पहुंचा। जहां पर इसका समापन किया गया। मौके पर सुपरवाइजर कुसुम कुमारी, निर्मला कुमारी, प्रखंड समन्वयक रिंकी कुमारी, सेविका गीता कुमारी, आशा कुमारी, संगीता कुमारी, गीता कुमारी, देवंती देवी, सुधा देवी, शकुंतला देवी, ज्योति देवी, आशा देवी, शीला देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, रेणु देवी, सुशीला देवी, बैजंती देवी, ममता देवी, सरिता देवी, अमृता देवी, रीता देवी के अलावे अन्य सभी सेविकाएं मौजूद रही।

# भूमि विवाद मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा करने का हुआ प्रयास

**दैनिक समाज जागरण मंटु तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर एवं बघैला थाना परिसर में भूमि विवाद एवं सुधार संबंधी मामलों का शनिवार को शिविर के दौरान ऑन द स्पॉट निपटारा करने का प्रयास किया गया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार व राजस्व पदाधिकारी तारूलता ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया की भूमि विवाद,दाखिल खारिज,परिमार्जन,भू मापी आदि मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु मंगरवलिया गांव निवासी कुटन डोम समेत अन्य ने विगत शनिवार के शिविर में आवेदन



किया था। मामले के दोनों पक्ष को कागजात जांच हेतु व अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए नोटिस भेज कर बुलाई गई थी। काफी प्रयास के बाद भी दोनों पक्ष सुलह समझौता पर राजी नहीं हुए हैं। कुछ नये मामले भी दर्ज हुआ हैं। जिसका सुनवाई अगले शिविर के दौरान होगी। उन्होंने बताया कि रजिस्टर - टू के अधिकतर पन्ने सड़कर फट गए हैं। जिस कारण क्षेत्र के रैयतों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मौके पर कर्मचारी सत्यनारायण साह, कुंदन कुमार, शनी कुमार सोनी, लिपिक संदीप कुमार,डाटा ऑपरेटर जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# पोषण माह पर निबंध रंगोली पेंटिंग एवं क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डेहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को राजकीय कृत मध्य विद्यालय शिवगंज में पोषण माह के अवसर पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार की देखरेख में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें पेंटिंग के लिए प्रभारी शिक्षिका चंचल द्विवेदी, निबंध की प्रभारी शिक्षिका नासरीन, रंगोली की प्रभारी शिक्षिका सुजाता प्रसाद एवं क्वीज प्रतियोगिता प्रभारी शिक्षक तनवीर अख्तर थे। सभी प्रतियोगिताओं के छात्रों ने सफलतापूर्वक भाग लिया । जिसमें क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 8 के छात्र अमित राज



रंगोली में कक्षा 7 की छात्रा की टीम बबली कुमारी अंतरा कुमारी दुर्गा कुमारी रानी कुमारी अंशु कुमारी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त की तथा पेंटिंग में अमन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । वही निबंध में कक्षा 8 की छात्रा प्रिया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को पु-रस्कृत किया जाएगा। छात्रों में पोषण के प्रति जागरूकता देखी गई और पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित रहे।

# रोहतासगढ़ किला पर सासाराम भभुआ सेंटर को-ऑपरेटिव बैंक का पहली बार हुआ वार्षिक आमसभा

## *सासाराम – भभुआ के पैक्स अध्यक्षों ने लिया भाग*

**दैनिक समाज जागरण अमन कुमार रोहतास**

रोहतास जिले के रोहतासगढ़ किला परिसर में सासाराम भभुआ सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के वार्षिक आम सभा का आयोजन सहकारिता बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे के अध्यक्षता में किया गया। मंच का संचालन भोलानंद यादव ने किया। मंच पर उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री बिहार सरकार सुरेंद्र यादव ने कहा कि आधुनिक तकनीक की एवं ग्राहकों को दी जाएगी सेवाएं। बैठक में बताया गया कि बैंक के द्वारा ग्राहकों को डेबिट एटीएम कार्ड केसीसी की सुविधा एसएमएस अलर्ट की सुविधा आदि दिया जाएगा। बैंक के द्वारा एटीएम मशीन अपने ग्राहक को उनके घर के दरवाजे पर पहुंचने की सुविधा दी जा रही है । राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे ने कहा कि को- ऑपरेटिव बैंक सासाराम के सभी शाखा के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री



अटल योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ,फसल बीमा योजना आने वाले समय में और सुविधाओं के साथ बैंक अपने ग्राहकों के बीच कार्य योजना पर काम कर रही हैं। इसमें सभी लोगों के सहयोग की अपेक्षा है। बैंक के प्रति विश्वास एवं बैंक की कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए है। बैंक संबध्द समिति एवं व्यक्तिगत ग्राहकों को समिति संसाधन एवं सीमित मानव शक्ति के बावजूद बेहतर बैंकिंग सेवा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। मौके पर उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, निर्देशक राजा राम, राजनाथ उरांव ,पैक्स अध्यक्ष विनोद सिंह , अमर प्रसाद अजीत सिंह, संतोष यादव ,दिनेश प्रसाद ,नगीना सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, चंद्रदीप मेहता, लाल बाबू सिंह प्रबंध निदेशक संजीत कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

# स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की हुई शुरूआत, आरपीएफ ने स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

रेलवे सुरक्षा बल के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को सासाराम आरपीएफ पोस्ट की टीम ने स्टेशन परिसर से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरूआत की है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ ने रेलवे परिसर में गंदगी की रोकथाम हेतु बैनर, पोस्टर एवं लाउड हेलर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया तथा लोगों को बताया गया कि कचड़े को रेलवे परिसर एवं ट्रैक पर इधर-उधर न फेकें। इससे रेल परिचालन में बाधा आती है तथा दुर्घटना भी हो सकती है। भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने एवं किसी प्रकार के कूड़ा-करकट को उचित जगह पर निष्पादित करने हेतु आग्रह किया गया तथा आरपीएफ ने बताया कि यदि कोइ व्यक्ति रेल परिसर में इधर-उधर कचड़ा फेकते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की रेलवे को सूचित करने सहित बिना उचित और पर्याप्त कारण के गाड़ियों में चेन पुलिंग ना करने, नशाखुरानी से बचाव, मानव व बाल तस्करी आदि के संबंध में भी जागरूक किया।



बता दें कि रेलवे द्वारा 16 सितंबर से आगामी 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत लगातार लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ हीं आरपीएफ ने स्टेशन पर यात्रियों के बीच सुरक्षित यात्रा करने, यात्रा के दौरान सहायता एवं गाड़ियों व स्टेशन परिसर में कोई लावारिस बस्तु, सामान या कोई आपराधिक गतिविधि दिखने पर रेलवे हेल्पलाइन नं०-139 का उपयोग कर जाएगी। मौके पर स्टेशन मैनेजर कौशल किशोर पांडेय, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक वरुण मल्होत्रा सहित अन्य रेल कर्मचारीगण एवं रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

# नशे में हंगामा कर रहा एक शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के शहरी गांव से शराब के नशे में धुत्त होकर शोर शराबा करते हुए एक शराबी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे मेडिकल जांच के उपरांत शराब पीने के पुष्टि होने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के शहरी गांव निवासी अंतू नट को शराब के नशे में शोर शराबा करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध मद्ध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक रियासत में भेज दिया है।

# पीएचसी में निक्षय दिवस व परिवार नियोजन पखवाड़े का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

नगर पंचायत कोचस के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को परिवार नियोजन पखवाड़ा व निक्षय दिवस का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तुषार कुमार के द्वारा किया गया। परिवार नियोजन के लिए उपयोग किए जाने वाले तौर तरीके के बारे मे जानकारी एवं लोगो को सलाह चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के लिए कोचस पीएचसी मे बंध्याकरण किया जाता हैं एवं परिवार नियोजन के लिए अन्य तरीके के दवा और सामग्री हमारे यहां उपलब्ध हैं । उन्होंने बताया कि आज निक्षय दिवस भी हैं। मैं क्षेत्र के सभी संभावित टीबी मरीजो को जिसका दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, बुखार



हो या अन्य लक्षण हो पीएचसी कोचस में आकर जांच कराए। साथ ही समय से ईलाज करा कर निक्षय रोग से खुद व अपने परिवार को बचा सकते हैं। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तुषार कुमार, ब्लॉक हेल्थ मैनेजर मोतिउर रहमान, वरीय उपचार प्रवेक्षक (टिबी) सोनू कुमार शर्मा, लिपिक मुकेश कुमार गुप्ता, ज्ञानेन्द्र कुमार, लेखापाल सुरेश कुमार, कमलेश कु मार , अमन कुमार, लैब टेक्नीशियन प्रभु कुमार सहित सभी आशा, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

# कचरा मुक्त भारत निर्माण के लिए छात्राओं के बीच हुआ संवाद कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण मंटु तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत शनिवार को कचरा मुक्त भारत निर्माण के लिए लोहिया स्वच्छता मिशन के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर मोहम्मद दानिश के नेतृत्व में क्षेत्र के बरांव मध्य विद्यालय में बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक व छात्रों के बीच स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सरकार के कचरा मुक्त भारत निर्माण के लिए साफ-सफाई, शौचालय का इस्तेमाल,प्लास्टिक के इस्तेमाल को बंद करने, गांव, घर, गली एवं विद्यालय में साफ-सफाई रखने समेत अन्य कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। बीसी ने बताया कि कार्बेज फ्री इंडिया निर्माण के लिए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के



विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। गांव-गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ -सफाई अभियान, स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर, दीवाल चित्रण, गली- नालियों की सफाई, नदी पोखरे व पाइन समेत अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने तथा ज्यादा आवागमन वाले स्थलों यथा बस स्टैंड,पर्यटन स्थल,सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थल,स्कूल,हॉट बाजार पर भी साफ सफाई के लिए कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक, शिक्षिका एवं गांव के मुखिया प्रतिनिधि राजू कुमार, समाजसेवी प्रमोद मिश्रा,भीम यादव,बबुल तिवारी,अरूण कुमार तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नवागंतुक बैच के लिए फ्रेशर्स कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

रोहतास जिला स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी जमुहार के छात्रों द्वारा नवागंतुक बैच के लिए फ्रेशर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन छात्रों के शिक्षण प्रशिक्षण हेतु नई टेक्नोलॉजी युक्त प्रयोगशालाएं एवं पुस्तकालय की व्यवस्था के साथ ही हर प्रकार के सहयोग के लिए संकल्पित है। उन्होंने छात्रों से अनुशासन बनाकर ज्ञान अर्जित करने की अपील की तथा नए-नए अनुसंधानों के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ जगदीश सिंह ने छात्रों को अपने सीनियर्स को इज्जत करने की नसीहत दी तथा सीनियर्स को अपने जूनियर्स से प्रेम एवं भाईचारे का व्यवहार रखते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में हर प्रकार से सहयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम को परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, प्रतिकुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह, परीक्षा नियंत्रक कुमार आलोक प्रताप ,सहायक कुल सचिव मिथिलेश कुमार सिंह एवं फामेर्सी के डीन डॉ धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया तथा छात्राओं ने स्वागत व दूसरे सत्र में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य भुवनेश्वर त्रिपाठी, वरिय प्राध्यापक ललितेश्वर प्रताप सिंह ,सहायक प्राध्यापक संकुल कुमार ,वेदांत कुमार, शशि रंजन, पंकज कुमार, ओम सत्यम, विकास कुमार, अतुल शुक्ला, राजराजेश्वर, दीपक कुमार, विनोद कुमार ,मनीष सिंह सृष्टि तिवारी ,गरिमा त्रिपाठी, रानी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़ा एवं रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर एवं सेवा पखवाड़ा का आयोजन करेगी। सेवा पखवाड़ा नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती तक चलेगा। जबकि 18 सितंबर को सदर अस्पताल सासाराम के प्रांगण में भाजयुमो के रोहतास जिला इकाई द्वारा एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव ने शनिवार को शहर के एक निजी होटल में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस नए युग के विश्वकर्मा है। जिन्होंने आज नए एवं सशक्त भारत का निर्माण किया है तथा सेवा को हीं राजनीति का माध्यम बनाया। उनके जन्मदिन के



शुभ अवसर पर रक्तदान महादान का कार्यक्रम हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। जिसमें सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करें। वहीं भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने बताया कि रक्तदान महादान 18 सितंबर को सदर हॉस्पिटल सासाराम में किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकताओं के साथ-साथ आम लोग भी हिस्सा लेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रणव प्रभाकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, जिला मंत्री पंकज तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार, संजय कुमार, उत्तम सिंह एवं भाजयुमो के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्युत उर्जा चोरी को लेकर छह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड अंतर्गत शनिवार को विद्युत विभाग के कनीय अभियंता कौशलेंद्र कुमार ने विद्युत उर्जा चोरी को लेकर जुमार्ना लगाते हुए छह लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। अपर थानाध्यक्ष तिल्ला उरांव ने बताया कि दर्ज कराई गई प्राथमिकी में जेई ने लिखा कि विद्युत उर्जा चोरी को लेकर चलाये गये विशेष अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से दावथ निवासी गोरख राम पर 58697, देवेन्द्र कुमार पर 10610, रुपए, शान्ति कुंअर पर 36428 रुपए उर्मिला देवी 85812, रूपए अनिल कुमार सिंह 24983 व विमला देवी पर 109832 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

# जनता दरबार में तीन में दो मामला निष्पादित

**दैनिक समाज जागरण नसीम शाह नोखा रोहतास**

रोहतास जिले के नोखा थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी सुमन कुमार के अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जहां जनता दरबार में जमीनी विवाद का निपटारा किया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी सुमन कुमार के द्वारा आवेदन के आधार पर तीन लोगों के प्राप्त आवेदन पाया। जिसमें दो मामले का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। शेष एक मामले को अगले शनिवार के जनता दरबार में बुलाया गया है। इस मौके पर कई फरियादी सहित कई अन्य फरियादी पहुंचे हुए थे।

# स्कूल में लगातार तीसरी बार हुई चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत श्रीनगर+2 उच्च विद्यालय सुकहरा में निरंतर चोरी हो जा रहा है। जिससे शिक्षकगण इस घटना से परेशान हो गए है। वही प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में यह तीसरी बार चोरी की घटना है। विगत शुक्रवार के रात्रि में प्रधानाध्यापक कक्ष सह कार्यालय कक्ष का खिड़की तोड़कर चोर घुस गए जहां अलमीरा को तोड़कर उसके लॉकर को तोड़कर परीक्षा फार्म का शुल्क राशि 20300 रुपए तथा ई. शिक्षा कोष का भरा हुआ



फॉर्म एवं कक्षा दशम का 150 फॉर्म ले गए। जिसकी लिखित शिकायत काराकाट थाना में दर्ज करा दी गयी है। लगातार विद्यालय में चोरी की घटना चर्चा का विषय बना हुआ है।

# वार्ड संघ ने 14 सुत्री मांगों के समर्थन में बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत शिव मंदिर परिसर में शनिवार को काराकाट वार्ड संघ का बैठक 14 सुत्री मांगों के समर्थन में किया गया । बैठक की अध्यक्षता वार्ड संघ प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। बैठक में 14 सुत्री मांगों पर चर्चा करते हुए वार्ड संघ अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा वार्ड सदस्यों के अधिकारों में कटौती की जा रही है। चर्चा में सर्व सम्मति से



वार्ड सदस्यों ने निर्णय लिया कि 25 सितंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्य किया जाएगा। मौके पर वार्ड संघ उपाध्यक्ष रजनीश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष विजेन्द्र कुमार सिंह, संतोष कुमार, रवि सिंह, नेपाली सिंह, प्रेम रंजन तिवारी, डॉ. प्रमोद गुप्ता, नेपाली राम, छठु राम,अरुण कुमार सहित प्रखंड के सभी वार्ड सदस्य उपस्थित हुए।

# साइकिल सवार छात्रा ने पैदल जा रहे आवास सहायक को मारी टक्कर

## *आवास सहायक सदर अस्पताल रेफर*

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को हरनाथपुर गांव के समीप साइकिल चला रही एक किशोरी छात्रा ने पैदल जा रहे आवास सहायक में टक्कर मार दी। जिससे साइकिल के हैंडल पेट में लग जाने से आवास सहायक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आवास सहायक परसथुआ निवासी आमिर खान बताया जाता है। घटना के बारे में



बताया जाता है की घायल आवास सहायक कोचस प्रखंड मुख्यालय में पदस्थापित है। वह कार्यालय संबंधी कार्य को लेकर हरनाथपुर गांव में गया था। जिसमें पढ़ने जा रही एक स्कूली किशोरी छात्रा ने अपने साइकिल से टक्कर मार दी, जिसमें साइकिल के हैंडल पेट में जा लगा। जिस वजह से वे घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सा प्रभारी डॉ. तुषार कुमार ने इलाज उपरांत पेट में गंभीर चोट लगने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया।

# 14 महिलाओं का बंध्याकरण एवं 4 पुरुषों का सफलतापूर्वक किया गया नसबंदी

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस पीएचसी मे जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़े के तहत शनिवार को पीएचसी प्रभारी तथा सासाराम से आए सूर्या क्लिनिक के द्वारा 14 महिलाओ का बंध्याकरण एवं चार पुरुषों का सफलतापूर्वक नसबंदी किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवो से महिला एवं पुरुष शामिल हुए। ऑपरेशन के उपरांत सभी को आवश्यक दवा उपलब्ध कराई गई, साथ ही ऑपरेशन रूम में सभी संबंधित डॉक्टर मौजूद रहे। वही कोचस



समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि जनसंख्या पर नियंत्रण पाने के लिए पुरुष नसबंदी या महिला बंध्याकरण कराना अति आवश्यक है। उन्होने यह भी बताया कि पुरुष तथा महिला बंध्याकरण उपरांत लाभार्थी को मिलने वाली राशि को उनके खाते में भुगतान किया जाता है। मौके पर ब्लॉक हेल्थ मैनेजर मोतिउर रहमान, वरीय उपचार पर्यवेक्षक सोनू कुमार शर्मा, मनोज कुमार, बीसीएम अजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# महुआ शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार, बाइक जब्त

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत नटवार थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शनिवार को 20 लीटर महुआ शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि धनकुटिया गांव के पास वाहन चेकिंग के दौरान 10 लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पल्सर बाइक बीआर 03 ए डी 1735 को जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार तस्कर बक्सर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी लाल बाबू पासवान एवं नागेंद्र पासवान शामिल हैं।वहीं बिहार मद्य निषेध कंट्रोल रूम पटना से प्राप्त सूचना के आधार पर असीयां टोला से महेश चौधरी को 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। महुआ शराब उनके दलान से बरामद किया गया है।

# रोहतास में पुलिस ने ऑटो से किया 45 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक ऑटो से 45 किला गांजा बरामद किया है।साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए डेहरी एसडीपीओ विनिता कुमारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि डेहरी-बिक्रमगंज रोड में तस्कर गांजा लेकर जा रहे हैं।पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ऑटो को रोका गया तो उस पर सवार तीन लोग भागने लगे।जिनमें से दो को पुलिस की छापेमारी दल द्वारा पकड़ लिया गया। पकड़े गए तस्करों में अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के गम्हरिया निवासी 30 वर्षीय सोनू पासवान एवं सासाराम नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर एक के रहने वाला 38 वर्षीय धीरेन्द्र कुमार शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि मादक पदार्थ को प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी के समक्ष विधिवत जब्ती सूची तैयार कर अग्रतर कार्रवाई की गई।

# बाइक छोड़ फरार हुए शराब कारोबारी, 30 लीटर शराब जप्त

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

जिले के सासाराम नगर थाना क्षेत्र के दलेलगंज मोहल्ले से पुलिस ने शनिवार को 30 लीटर शराब के साथ एक बाइक को जप्त किया है। हालांकि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम को चकमा देकर शराब कारोबारी भागने में सफल रहे। लेकिन पुलिस ने इस दौरान घटनास्थल से 30 लीटर शराब एवं एक बाइक को जप्त कर लिया। इस संदर्भ में नगर थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दलेलगंज मुहल्ले से दो शराब कारोबारी बाइक पर शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते हीं तत्काल उक्त स्थल पर पुलिस टीम को भेजा गया। जहां पुलिस को देखते हीं शराब कारोबारी बाइक और शराब छोड़कर भाग खड़े हुए। इस दौरान घटनास्थल से पुलिस ने 30 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है तथा एक बाइक को भी जब्त किया गया है। जबकि पुलिस की अगली कार्रवाई जारी है।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत भाजपा नेता ने किया कार्यक्रम

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता मनोज कुमार शाह**

*महगामा गोड्डा(झारखंड) मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत* भाजपा नेता श्री अशोक कुमार सिंह के द्वारा महागामा विधानसभा के ठाकुरगंगटी प्रखंड के कुरपट्टी गांव के घर-घर से आज मिट्टी और चावल संग्रह किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डोकलाम में शहीद हुए श्रवण कुमार उराँव की प्रतिमा पर माल्यर्पण और शहीद की घर से मिट्टी और अक्षत लेकर की गई इस दौरान अशोक कुमार सिंह ने शहीद की पत्नी को अंग वस्त्र देकर सम्मान भी किया...एवं शहीद श्रवण कुमार उराँव की माँ के पैर को छूकर आशीष भी



लिया।वही श्री अशोक कुमार सिंह ने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है.. आजादी के इस महोत्सव में देश के लिए बलिदान हुए तमाम स्वतंत्रता सेनानी और वीर जवानो की याद में नई दिल्ली में स्मृति वाटिका का निर्माण करवाया जाएगा जिसमें इस मिट्टी को भी लगाया जाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश के हर घर से मिट्टी का संग्रह और दो दाना चावल का संग्रह किया जा रहा है ....मिट्टी संग्रह कार्यक्रम में बलवंत सिंह,पिन्टू कुमार,संजीव एक्का,रवींद्र महतो,बृज मोहन महतो,समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण और भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बरसों से फरार चल रहे कुख्यात नक्सली को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण लालू कुमार यादव**

जमुई (बिहार) जमुई पुलिस और एसएसबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हार्डकोर नक्सली चिराग दा के भरोसेमंद और उसके गार्ड के रूप में कार्य करने वाले एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। जमुई पुलिस और एसटीएफ




को गुप्त सूचना मिली थी कि बटिया के जंगली इलाके में एक नक्सली आने वाला है। सूचना के उपरांत जमुई पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से बटिया के जंगली इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के दौरान टीम ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली की पहचान किशोर सोरेन उर्फ किशोर मांझी के रूप में हुई है। वह चकाई थाना क्षेत्र के कछुआ का रहने वाला था। किशोर मांझी पुलिस की गिरफ्त से 2010 से ही फरार चल रहा था। कुख्यात नक्सली चिराग दा एनकाउंटर के बाद किशोर मांझी दूसरे नक्सली कमांडर प्रकाश राणा के साथ रह रहा था। नक्सली किशोर मांझी और किशोर सोरेन कई नक्सलियों गतिविधि में सम्मिलित रहा है, मुख्य रूप से वह 2013 में पारसी में कैंप भवन को बम लगाकर उड़ने की घटना का आरोपी था इसके साथ ही एसटीएफ के साथ हुई फायरिंग में भी किशोर मांझी सम्मिलित था। एसटीएफ के साथ हुई फायरिंग में एक जवान शहीद हो गया था, जबकि दो जवान घायल हुआ था।

# तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कर्मचारी द्वारा लगातार पांचवें दिन भी रहा कलम बंद हड़ताल जारी

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर (बिहार)तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने कर्मचारियों के द्वारा लगातार पांचवें दिन भी आज कलम बंद हड़ताल जारी है। वही कर्मचारी की मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है जिसको लेकर पांचवे दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इन लोगों का कहना है कि विश्वविद्यालय के द्वारा इनके वेतन में 25 पर्सेंट की कटौती की



गई है और जब तक मांग नहीं मानी जाती है तब तक ये हड़ताल पर रहेंगे।वही इस मसले पर कुलपति का कहना है कि राज्य सरकार के द्वारा पे फिक्सेशन सेल के द्वारा जीन लोगों ने वेरिफिकेशन नहीं करवाया है ऐसे लोगों के वेतन कटौती करने का आदेश राज्य सरकार के द्वारा आया है। उसी के आलोक में वेतन कटौती की गई है और जब तक राज्य सरकार का कोई आदेश नहीं आता तब तक वह कुछ नहीं कर सकते।

# धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले पोस्ट को लेकर रूद्र सेना संगठन के संस्थापक ने दिया आवेदन।

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर- (बिहार)। शनिवार को रुद्र सेना संगठन के संस्थापक सौरभ कुमार चौधरी के द्वारा बिहपुर थाना में धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले पोस्ट को प्रखंड के दिवेश सिंह नाम से बने फेसेब id यूजर के नाम से आवेदन दिया गया। आवेदन देने के बाद सौरभ कुमार चौधरी ने बताया पोस्ट से सभी सनातनी मित्रों की भावना आहत हुई है। पोस्ट में महादेव के बारे में अभद्र टिपण्णी की गई है। जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।वही थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने आवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि ऐसे लोगो जो धार्मिक उन्माद पैदा करना चाहते हैं उसे किसी भी हाल में माफ नही किया जाएगा।

# झंडापुर में 10 बोतल विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर - (बिहार)। शुक्रवार की रात बिहपुर प्रखंड के झंडापुर ओपी पुलिस व एलटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना पर झंडापुर में छापेमारी कर 10 बोतल विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया.प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि झंडापुर के मृत्युंजय चौधरी के घर से 180 एमएल के आठ पीस 7ढट का फ्रूटी व दो बोतल 180 टछ का ब्लू स्टॉक विदेशी शराब बरामद किया . मौके से शराब तस्कर मृत्युंजय चौधरी को भी गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भागलपुर जेल भेज दिया गया.

# सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन में आरपीएफ के जवानों ने लखनऊ के एक कांवरिया की जमकर पिटाई कर दी।

**समाज जागरण प्रखंड संवाददाता विकास कुमार**

सुल्तानगंज बिहार रेलवे स्टेशन में सुबह 5 बजे के लगभग लखनऊ के कांवरिया का जत्था रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2पर विश्राम करने पर आरपीएफ के जवानों ने की लखनऊ के एक कांवरिया सियाराम पाल की पिटाई करने का विडियो तेजी से वायरल,घायल कांवरिया ने बताया कि प्लेट फार्म नंबर 2पर परिवार के साथ विश्राम करने पर आरपीएफ के तीन जवानों ने लाठी चार्ज करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया है वही आफ के जवानों ने बताया कि लखनऊ के कमरिया सियरमपाल स्टेशन परिषद हुए हंगामा का एक पत्थर से रेल यात्री पर हमला कर रहे थे जो घटना की सूचना पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंच कर लखनऊ के कमरिया सियरमपाल को पकड़ने पड़ता पाई होने पर लाठी चार्ज करते हुए काबू पा लिया गया जिसमें आफ के जवान



एक सिंह आरके मनी पी के हवलदार घायल हो गए हैं आरपीएफ के जवानों ने लखनऊ के कांवरिया सियरमपाल को हिरासत में लेकर भागलपुर रेलवे न्यायालय भेज दिया गया है इस घटना से परिजन लखनऊ के कांवरिया लखनऊ से फरार बताया गया है वही इस घटना की जानकारी शहर के लोगों को वीडियो वायरल होने पर आफ की दबंगई रेलवे स्टेशन पर होने पर हो रही है बात कही जा रही है जो वीडियो में साथ पता चल रहा है कि लखनऊ के कांवरिया सियरमपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर परिजनों के साथ भी कम कर रहे हैं अब देखना यह है कि रेलवे विभाग के अधिकारियों कांवरिया के साथ इस तरह का व्यवहार करने वाले आफ पर क्या कार्रवाई करती है एक तरफ रेलवे विभाग के अधिकारियों के द्वारा कांवरिया की सुरक्षा के लिए एवं रेल यात्रा करने वाले लोगों को हर समय सहायता करने की बात कह रही है और दूसरी तरफ कांवरिया सियरमपाल को लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिए जो वीडियो वायरल में साफ पता चल रहा है।

# जिले के नाथनगर मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर हरिजन टोला में संदिग्ध स्थिति में एक महिला की मौत

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार)ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची मधुसूदनपुर थाना की पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेज दिया है। मृत महिला की पहचान हरिजन टोला के निवासी छोटू दास की 22 वर्षीय पत्नी फुलमनी देवी के रूप में हुई है। वही घटना को लेकर पुलिस ने फोरेंसिक और स्कॉयड डॉग की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच किया।फोरेंसिक टीम कुछ ब्लड के सैम्पल इकट्ठा कर जांच के लिए लेकर गया है।वही मृतक महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी को दो तीन दिनों स्व मौसमी फीवर था और बुधवार की रात में दवाई खाकर सोया था और



बीती रात्रि में उसकी अचानक मौत हो गई। वही मृतक महिला की मायके वालों ने ससुराल वालों के खिलाफ मधुसूदनपुर थाना में हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है।वही मृतक महिला को एक पुत्री है।मृतक महिला का पति छोटू दास बीमारी से ग्रसित है। वही शव को अंतिम संस्कार के लिए बरारी श्मशान घाट पर करने के दौरान मृतक महिला के मायके हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया है।हंगामा की सूचना मिलते ही मौके पर 112 की पुलिस टीम ओर बरारी थाना पुलिस पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा बुझा कर शांत कराया।वही मामले को लेकर भागलपुर के सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने बताया कि एक महिला की मौत की सूचना पर पुलिस टीम को भेजकर पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया और घटना स्थल का एफएसल और स्कॉयड डॉग टीम से जांच कराई गई है।मृतक के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# भाजपा विशकर्मा पूजा के दिन निकालेगी भव्य आभार यात्रा

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार) शनिवार को मोहद्दीनगर स्थान स्थित विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण मेँ भाजपा की बैठक जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने नेतृत्व मेँ आयोजित की गयी।

बैठक मेँ 17 सितम्बर को आयोजित भव्य शोभायात्रा जीवंत झांकी को सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया.

जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि 17 सितंबर को ही आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा देने वाले महान शिल्पी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस भी है, जिसके चलते देश भर के विश्वकर्मा समाज के लोगों में भारी उत्साह है।

पिछड़ा वर्ग के लिए वरदान केंद्र सरकार ने देश के 30 लाख पिछड़ा वर्ग परिवारों को लक्ष्य कर योजना का खाका तैयार किया है।इसको लेकर भाजपा के द्वारा प्रधानमंत्री जी



को आभार यात्रा निकालकर आभार प्रकट करेगी।

जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने बताया की शोभायात्रा मेँ प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी, विधान परिषद सदस्य सैयद शहनवाज हुसैन, डॉ एनके यादव, विधायक पवन यादव, ललन पासवान सहित वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इस बैठक मेँ मुख्य रूप से अंजना प्रकाश,उमाशंकर,विजय कुशवाहा, योगेश पांडेय, मनीष दास,राजेश टंडन,शशि मोदी,पंकज सिंह, अमरदीप साह, ईश्वरनगर मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, महामंत्री चंदन पांडेय,निरंजन साह,छाया सिंह,नीरज दास, सुधाकर सोनू,राजू श्रीवास्तव, राजेश साह, मनीष कश्यप, रितेश घोष,विष्णु शर्मा,चन्दन सिंह,मनीष पांडेय सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भागलपुर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की रिटायर्ड शिक्षिका ने पेंशन विभाग के एसओ और संगीत विभाग के वर्तमान विभाग अध्यक्ष पर लगाया गंभीर आरोप

**समाज जागरण कार्यालय संवादाता दिलीप कुमार साह**

भागलपुर( बिहार )तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की रिटायर्ड शिक्षिका प्रोफेसर डॉक्टर किरण सिंह ने विश्वविद्यालय के पेंशन विभाग के एसओ शैलेश चक्रवर्ती और संगीत विभाग की वर्तमान विभाग अध्यक्ष निशा झा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिटायर्ड शिक्षिका का कहना है कि उनको रिटायर्ड हुए एक माह चौदह दिन हो गए हैं। लेकिन उन्हें पीएफ का पैसा तक आज तक नहीं मिला है। उनका कहना है कि सिर्फ ग्रेच्युटी का पैसा अभी तक मिला है। वही एरियर का फाइल कई साल पहले सब कुछ हो गया था लेकिन कमीशन नहीं देने के कारण शैलेश चक्रवर्ती के द्वारा फाइल को गायब कर दिया गया। वही उनका आरोप है कि वर्तमान संगीत



विभाग की हेड पर उन्होंने पहले का गबन का आरोप लगाया था। लेकिन उसकी भी जांच नहीं हुई और वर्तमान विभाग अध्यक्ष के द्वारा पीएफ का कागज बैंक को नहीं भेजा जा रहा है। वही पेंशन विभाग के एसओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं कुलपति आवास पर जब वह कुलपति से मिलने गई तब वहां के कर्मचारी उन्हें कुलपति से मिलने नहीं दिए। उन्होंने कहा कि कुलपति अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन कर्मचारी कमीशन के फेर में कुलपति के छवि को बिगड़ने में लगे हुए हैं। वही इस मामले पर विश्वविद्यालय के कोई अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। वहीं कुछ दिन पहले ही राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा पेंशन कर्मियों को परेशान करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का निर्देश विश्वविद्यालय को दिया था। लेकिन उसके बावजूद भी कर्मचारी मनमानी में लगे हुए हैं।

# बीसीसीएल के ठेकेदार के खिलाफ असंगठित मजदूरों का प्रदर्शन।

**दैनिक समाज जागरण, शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड) जिले का तिसरा:- बस्ताकोला क्षेत्र के 6 नंबर साइडिंग में काम करने वाले 45 असंगठित मजदूर को बोरागढ़ साइडिंग पर काम में भेजने के नोटिस व फैसला के खिलाफ बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेतृत्व में संगठित मजदूरों ने काम का बहिष्कार किया एवं ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन किया । मजदूरों के हड़ताल पर चले जाने से रैक लोडिंग का काम बाधित हो गया है।

बताते हैं कि आज सुबह ठेकेदार की ओर से साइडिंग के हाजिरी घर और अन्य जगहों पर एक नोटिस चिपका दिया गया ,जिसमें बालचंद दास श्यामलाल सत्येंद्र महतो गणेश बेलदार सुधीर पासवान मधु मलिक उपेंद्र पासवान राजेश बाल्मीकि अर्जुन निषाद राम प्रसाद यादव, अशोक राम महेंद्र पासवान सहित 45 मजदूर हैं । नोटिस में कहा गया है कि 16 सितंबर से सभी मजदूर बोरागढ़ रेलवे साइडिंग मैं अपना योगदान देंगे ,नहीं योगदान देने वालों



के खिलाफ कंपनी कार्रवाई करेगी । साईड पर नोटिस चिपकाने के बाद मजदूर भड़क गए और निर्णय के खिलाफ सभी ने काम का बहिष्कार किया। इस संबंध में क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पासवान और रामप्रसाद यादव ने बताया कि कंपनी मनमाने ढंग से काम कर रही है, जब 6 नंबर साइडिंग बस्ताकोला का है तो यहां का मजदूर दूसरे जगह नहीं जाएगा , सभी मजदूर यही काम करेंगे। पहले ही यहां से मजदूर का स्थानांतरण कर दिया गया है, अब 141 मजदूर बच्चे हैं जिसमें अधिकांश महिलाएं हैं कुछ मजदूर सी एच पी में भी काम करते हैं। ऐसे में मजदूर ही नहीं रहेंगे तो साइडिंग का काम कैसे होगा। यह सोची समझी सजीस है इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन होगा।

विरोध करने वालों में विजय भुइयां मनोज निषाद गुड्डु पासवान शंकर रवानी बिंदेश्वर पासवान हरे राम पासवान कौशल्या देवी पुतुल देवी आदि लोग थे।

# बढ़ते डेंगू जैसे महामारी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी भाजपा युवा मोर्चा

**समाज जागरण**

भागलपुर( बिहार )प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो गई है। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से स्थानीय शीला विवाह भवन तिलका मांझी में भागलपुर जिला अंतर्गत 21 मंडलों द्वारा दिनांक 18 सितंबर 2023 दिन सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । रक्तदान शिविर में रक्त देने वाले रक्त वीरों को प्रमाण पत्र और डोनर कार्ड भी दिये जाएंगे । भाजयुमो जिला अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने मंडल इकाइयों के साथ बैठक कर रक्त दाताओं की सूची फाइनल की एवं युवाओं से आवाहन किया कि इस रक्तदान शिविर में जिले के सभी युवा भाग लें और रक्त की कमी से जो लोग काल के गाल में समा जाते हैं ऐसी जिंदगियों को बचाने में सहयोग करें।

जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि इस समय शहर में बुरी तरीके से डेंगू फैला हुआ है एवं हर एक लोगों को रक्त की प्लेटलेट्स की



आवश्यकता है इस वजह से भी भारतीय जनता युवा मोर्चा के सारे युवा आगे बढ़कर रक्तदान शिविर को लगाकर लोगों की मदद करने में जुटे हैं। रक्तदान शिविर के आयोजन पर भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज जायसवाल एवं अनुज कुमार झा ने अपनी सहमति जताते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवा इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक में प्रदेश से आए कार्यक्रम प्रभारी आनंद प्रकाश ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा भागलपुर जिला द्वारा ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष -राज तेजस्वी, हर्षउत्सव, रोहित कुमार।

जिला मंत्री-सिद्धार्थ सोलंकी,विकाश चौहान,राजकुमार यादव।

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष-विकाश कुमार,अमित ट्विंकल,प्रवीण कुमार के साथ युवा मोर्चा के रितेश प्रजापति,राज किशोर,भारती ललन,कुमार गौरव सिन्हा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसकी जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने दी।

# पीरपैंती में एनएचपीसी का सोलर पावर प्रोजेक्ट जल्द पुरे किए जाएंगे ,ई.ललन कुमार

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार)जिले के पीरपैंती इंजीनियर दिवस के दौरान एनएचपीसी के कार्यकारी निदेशक ईं आरके चौधरी से मुलाकात करने पहुंचे पीरपैंती विधायक ईं ललन कुमार के साथ समाजसेवी ईं आरके जायसवाल, ईं विरेन्द्र निषाद, ईं ऋषि रंजन सूरी व मयंक किशोर आदि ने निदेशक श्री चौधरी से मिलकर बिहार में पावर परियोजनाओं और बिजली संकट से अवगत कराया तथा इससे निजात पाने हेतु अनुरोध किया साथ ही भागलपुर के पीरपैंती में सोलर पावर प्लांट निर्माण करने का अनुरोध किया। वहीं विधायक ललन कुमार ने इस मामले को बिहार सरकार व अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर मामले को पूर्ण रूप से अंतिम चरण तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया क वही विधायक ने बताया कि पीरपैंती में बिहार सरकार द्वारा सोलर पावर प्लांट निर्माण के उद्देश्य से करीब नौ सौ एकड़ जमीन कुछ वर्ष पूर्व अधिग्रहण किया गया है जो कि रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर दूरी पर स्थित है। उन्होंने आगे कहा कि कुल बारह सौ एकड़ सोलर पावर प्लांट निर्माण के उद्देश्य से प्रयाप्त है और इसे जल्द पूरा करना चाहिए। निदेशक श्री चौधरी अनुरोध को स्वीकारते हुए कहा जल्द बिहार सरकार व राजकीय उच्चस्तरीय अधिकारीयों के साथ बैठक कर प्रताव अंतिम चरण तक





पहुंचाएंगे क जिससे समाज को समस्या से निजात मिल सके।

गौरतलब हो कि कुछ वर्ष पूर्व विधायक जी द्वारा बिजली समस्या के अनूरोध को स्वीकार करते हुए एनएचपीसी के पूर्व अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री एके सिंह ने समस्या का सामाधान करने का भरोसा जताया था। वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा कोसी इलाके की प्रस्तावित 130 मेगावाट डगमारा परियोजना को कुछ साल पहले इस योजना को बंद करने का फैसला सरकार के द्वारा किया गया था । केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने परियोजना की लागत और बिजली उत्पादन की लागत ज्यादा होने समेत कई बिंदुओं के चलते बंद करने का फैसला किया था । इस प्रोजेक्ट के जरिए कहा जा रहा था कि कोसी के एक बड़े इलाके में सलाना बाढ़ की विभीषिका से मुक्ति मिलेगी और बिजली भी बनेगी। भारत सरकार के नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन और बिहार राज्य जल विद्युत निगम के साथ दिपक्षीय समझौता के तहत नीतीश कुमार के कैबिनेट ने योजना के मौजूदा स्वरूप को स्वीकृति दी थी और अब परियोजना पर तालेबंदी है। वहीं एक बार फिर से विधायक जी के द्वारा भागलपुर के पीरपैंती में सोलर पावर प्लांट निर्माण के अनुरोध पर एनएचपीसी निदेशक श्री चौधरी के आश्वासन से सभी खुशी जाहिर करते हुए उन्हें आभार व्यक्त किया। इस बैठक के तहत एनएचपीसी में कार्यरत बरिष्ठ अधिकारी व एमआईटी और बीआईटी के पुर्वती छात्रों कि लम्बी मुलाकात हुई और आपसी सहयोग के तहत कार्य को अंतिम चरण तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया तथा बिहार में प्रस्तावित पावर परियोजनाओं में पूरी तरह से सहयोग के साथ हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया।

# भागलपुर एवं नाथनगर में विश्वकर्मा पूजा एवं गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा ऐसे में पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव सक्रिय रहेंगे

**समाज जागरण**

भागलपुर एवं नाथनगर( बिहार) में विश्वकर्मा पूजा एवं गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा, पूजा समिति अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने कहा कि, विश्वकर्मा पूजा 17 तारीख को हर घर घर में मनाया जाएगा, चुकी सभी लोग के पास विश्वकर्मा जी विराजमान है, किसी के पास गाड़ी है, तो किसी के पास साइकिल वह अन्य लोहा उपकरण है, वही विश्वकर्मा पूजा एवं गणेश पूजा बड़े ही हर्ष उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा, वैसे सभी पूजा समिति के लोग सक्रिय रहते हैं और किसी प्रकार का कोई दिक्कत हो पूजा समिति को जानकारी दें, इसके लिए



जिला प्रशासन को पूजा समिति के अध्यक्ष जानकारी मुहैया कराएंगे, शांति सद्भाव भाईचारा से विश्वकर्मा पूजा व गणेश पूजा मनाएंगे, मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष श्री पप्पू यादव, महामंत्री देवाशीष बनर्जी, संरक्षक भावेश यादव, अशोक राय प्रवीण यादव अभिनंदन यादव राजेंद्र लाल राजू मालाकार दिलीप मालाकार उमाकांत मंडल पप्पू मंडल शिव शंकर सिंह, अशोक शाह, संतोष मिश्रा, जितेंद्र यादव,प्रमोद सिंह, भागवत रंजक,मुन्ना खान व अन्य सदस्य । भाईचारा से विश्वकर्मा पूजा व गणेश पूजा संपन्न कराने में अहम रोल इनका रहता है, उधर प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिलता है!

# ग्राम पंचायत बोंटा मे पंचायत समन्वय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : शनिवार को ग्राम पंचायत भवन बोंटा में मुखिया श्रीमती सुकांती किस्कू के अध्यक्षता में ग्राम पंचायत बोंटा में चल रहे योजना से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। जिसमें प्रखण्ड के प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन, जेएसएलपीएस के कोडिनेटर, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी, उपस्थित हुए।

प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन द्वारा नियमित स्थायी समिति की बैठक करने, ग्राम एवं जल स्वच्छता समिति का नियमित बैठक करने, पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना में राशि व्यय करने, रोस्टर के आधार पर पंचायत स्तरीय कर्मी का दिवाल लेखन करने, पंचायत को साफ सुथरा रखने, प्रज्ञा केन्द्र संचालक को नियमित पंचायत में उपस्थित रहने, 09 थीम के संबंध मे दिवाल लेखन, सिद्धो-कान्हू युवा क्लब का गठन करने, टाल्क टू डीसी, गुगल मीट में पंचायत सचिव एवं मुखिया द्वारा प्रति माह 07 तारिख तक करने का सचिव, स्वयं सेवक, डिलर, आदि। नियमित बैठक रखने के लिये मुखिया महोदय को जानकारी दिया



जानकारी दिया । प्रखंड समन्वयक द्वारा यह भी बताया गया कि पंचायत स्तरीय समन्वयक समिति में कृषि मित्र, आंगनवाड़ी सेविका, / सहायिका, एएनएम, सीएचऔ, शिक्षक, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व उपनिरीक्षक, जेएसएलपीएस के दीदी अध्यक्ष/ गया । समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत बोंटा के मुख्यिा, श्रीमती सुकांती किस्कू, , आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज, श्री रामधन हाँसदा, प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के चित्रसेन भगत, जेएसएलपीएस के दीदी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय सिद्धो-कान्हु युवा क्लब का गठन सोमवार को: बीडीओ

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

बोड़ाम प्रखंड के प्रखंड स्तरीय सिद्धो-कान्हु युवा क्लब का गठन सोमवार दिनांक 18/09/2023 को प्रातः 10 बजे बोड़ाम प्रखंड सभागार में किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बोड़ाम प्रखंड विकास पदाधिकारी नाजिया अफरोज ने कहा कि निर्वाचन द्वारा क्लब के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जायेगा। उन्होंने ने कहा निर्वाचन में बोड़ाम प्रखंड में गठित सभी ग्राम स्तरीय सिद्धो-कान्हु युवा क्लब के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सचिव शामिल होंगे इसकी सूचना इनलोगों को दिया गया है, सभी को साथ में मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और आवासीय प्रमाण पत्र लाना है।

# लैंड पोर्ट अथॉरिटी जोगबनी के प्रशाल में गृह मंत्री अमित शाह, बोले- बिहार में जल्द ही होने जा रहे चुनाव

## *जोगबनी में 21 करोड़ की लागत से बना एस एस बी भवन का अमित शाह ने किया लोकार्पण*

**जोगबनी/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** भारत-नेपाल सीमा के जोगबनी स्थित आईसीपी परिसर में बने एसएसबी के भवन का लोकार्पण गृह मंत्री अमित शाह ने किया है। इसके निर्माण में 21 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसएसबी की 56 वीं बटालियन के आवासीय परिसर में भवनों का उद्घाटन किया। इन भवनों में 192 जवानों के रहने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही इनमें 10 महिला जवान और चार पदाधिकारी और 10 सफाई कर्मी के रहने की व्यवस्था है। इस भवन के निर्माण में 21 करोड़ रुपए खर्च हुई है। बता दें कि जोगबनी के नगर पंचायत स्थित भेड़यारी में यह भवन स्थित है। इस भवन की दूरी कार्यक्रम स्थल से सवा किलोमीटर थी। इस भवन का उद्घाटन करने के बाद गृह मंत्री कार्यक्रम स्थल पर गये जहां कार्यकताओं को संबोधित किया। अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर कड़ी सुरक्षा की गई थी। जगह-जगह मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती भारी संख्या में की गयी है। ढाई सौ जगह को चिन्हित किया गया जहां पुलिस और एसएसबी के जवानों को तैनात किया गया है। सभा को संबोधन के क्रम में श्री शाह ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद से लेकर आज तक सीमा सुरक्षा बलों ने उसके समर्पित जवानों ने ना केवल सीमा की सुरक्षा की है, सीमांत



क्षेत्र में जो गांव हैं उनकी सांस्कृतिक पहचान और भारत के साथ जुड़ाव को और सुदृढ़ करने का काम किया है। आज मैं बताना चाहता हूं कि सीमा सुरक्षा बल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गांव के गरीबों के लिए जितनी भी योजनाएं हैं उनके क्रियान्वयन में भी जिला समाहर्ता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं।आज अथॉरिटी द्वारा 27 करोड़ की लागत से बने आवासों का लोकर्पण हुआ है। एसएसबी के 35 करोड़ की लागत से कार्यालयी भवनों का लोकार्पण हुआ है। सीमा सुरक्षा बल हमारे दो मित्र देश नेपाल और भूटान की सीमा पर सुरक्षा से ज्यादा सांस्कृतिक आदान-प्रदान का काम भी करता है। हमारे पड़ोसियों के लिए भारत का पहला संवाद केंद्र यहां की सुविधाओं को आधुनिक करना और आवागमन व व्यापार सुचारू रूप से चल पाएं, इस प्रकार की व्यवस्था खड़ी करना यही लैंड पोर्ट अथॉरिटी का उद्देश्य है।

**लैंड पोर्ट अथॉरिटी भारत के सांस्कृतिक और वाणिज्यिक राजदूत का भी करेगी काम**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी को दृष्टिगत रखते हुए लैंड पोर्ट अथॉरिटी को और ज्यादा सक्षम करने का बीड़ा उठाया है। मुझे भरोसा है कि आने वाले 5-6 साल के अंदर ये लैंड पोर्ट अथॉरिटी सिर्फ व्यापार का या आवागमन का केंद्र नहीं बनेगी। अथॉरिटी के सारे संस्थान जहां-जहां भी स्थापित हैं, वो हमारे पड़ोसी देशों की सीमा पर भारत के सांस्कृतिक और वाणिज्यिक राजदूत का भी काम करेंगे। लैंड पोर्ट अथॉरिटी की सुविधाओं में एक नया बिंदु जोड़ा जा रहा है। भारत एक ऐसा देश है जिसकी 15 हजार किमी. की सीमाएं पड़ोसी देश के साथ लगी हुई है। ये भूमि सीमा ना केवल व्यापार के लिए उपयोगी है। हमारे पड़ोसी देशों के साथ सांस्कृति, सामाजिक और व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए भी इस सीमा का उपयोग किया जा सकता है।

इस मौके पर स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह के अलावा दिग्गज भाजपा के नेताओं सहित भाजपा के युवा नेता रंजीत यादव, किमी आनंद सहित युवा कार्यकताओं की भीड़ देखने को मिली। सोसल मीडिया ट्विटर, फेसबुक पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के फणीश्वर नाथ रेणु की सांस्कृतिक धरती पर उनका हार्दिक अभिनंदन पोस्ट पर लाइक कोमेंट बढ़ता जा रहा था।

# गृह मंत्री जी !सीमांचल और बिहार में इस बार आपकी दाल नहीं गलेगी: मंजर खान

**जोगबनी ।** राजद के कद्दावर युवा एवम बेबाक बोलने वाले मंजर खान ने कहा कि सीमांचल फणीश्वर नाथ रेणु की धरती है और पूर्व बिहार कर्ण की नगरी।यहाँ अमित शाह जैसे राजनीतिज्ञों की दाल गलने वाली नहीं है। देश को अमित शाह जैसा असफल गृहमंत्री अभी तक नहीं मिला था। ये उसी गुजरात से आते हैं, जहाँ देश के पहले गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार पटेल पैदा हुए थे, लेकिन गृहमंत्री के रूप में दोनों एक दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने मणिपुर का ताजा उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ पर भीषण आग ऐसी लगी हुई है कि वहां गृह युद्ध की स्थिति बनी हुई है। लगभग डेढ़ पौने दो सौ लोग अबतक मारे जा चुके है। वहाँ डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि वे यह नहीं समझ पा रहे हैं कि वहाँ की सरकार आग लगाने में लगी है या बुझाने में मंजर खान ने कहा कि अमित शाह जी का वहाँ आजतक सिर्फ एक दौरा हुआ है। इस दौरान उन्होंने वहाँ पर शांति तक की अपील नहीं की थी बल्कि शांति स्थापित करने का आदेश दिया था। उस दौरे के बाद आज तक उनके मुँह से मणिपुर का नाम भी उच्चरित नहीं हुआ है। जबकि वह देश का सीमावर्ती इलाका है। श्री खान ने कहा कि मणिपुर की आग पड़ोस के राज्यों को भी प्रभावित



करने लगी है, लेकिन गृहमंत्री ने ऐसा रूख अपनाया हुआ है जैसे मणिपुर हमारे देश का अंग ही नहीं है। कुछ इसी तरह का हाल कश्मीर का भी ऐसा ही है। जब संविधान की धारा 370 को समाप्त करने का प्रस्ताव गृहमंत्री जी ने संसद में पेश किया था, उस समय के उनके भाषण का स्मरण किया जाए तब ऐसा लग रहा था कि कश्मीर की सारी समस्याओं का समाधान धारा 370 में ही छीपा हुआ है। इसको हटाइए और कश्मीर की धरती पर स्वर्ग उतर आयेगा। उन्होंने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज वहां की क्या स्थिति है । करनाल, मेजर, डीएसपी स्तर के पदाधिकारी आतंकवादियों की गोली का शिकार हो रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री सहित पूरी सरकार जी-20 के सम्मेलन की सफलता का जश्न मनाने में इस तरह मग्न दिखाई दे रहे हैं, जैसे पुरे देश में अमन चैन कायम है। उन्होंने कहा कि ऐसी असंवेदनशील सरकार आजतक देश नहीं देखा है। जनाब मंजर ने कहा कि अमित शाह जी शनिवार को बिहार के जोगबनी में गरजे हैं अररिया सीमांचल का यह इलाका मुस्लिम बहुल इलाका है। प्रदेश में सांप्रदायिक आधार पर गोल बंदी को मजबूत करने और सांप्रदायिक मानसिकता के तुष्टिकरण के लिए अपने अंदाज में उनके भाषण को कोई तरजीह नहीं मिलेगा।उन्होंने कहा कि वे अमित शाह जी को 2015 का चुनाव स्मरण कराना चाहते हैं, जब लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार एक साथ मिल कर चुनाव लड़ रहे थे। उस समय भी अपने प्रधानमंत्री जी के साथ अमित शाह जी बिहार की गलियों का धूल फांका था। प्रधानमंत्री जी ने उस चुनाव में आरा की आम सभा में बिहार की बोली लगई थी। कितना दे दें! सत्तर हजार करोड़ एक लाख करोड़ नहीं-नहीं सवा लाख करोड़ दे दिया ! उस सवा लाख करोड़ का हिसाब पूछिए तो उसका चौथाई भी अब तक नहीं मिला है उस सबके बावजूद बिहार की जनता ने लालू-नीतीश की गोलबंदी दो तिहाई से ज्यादा बहुमत दिया था। इसलिए अमित शाह जी स्मरण रखें कि, हमारा बिहार गाँधी, लोहिया और जयप्रकाश की धरती है. यहाँ मोदी जी और अमित शाह जी की दाल नहीं गलेने वाली है।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 में भाग ले रहे विद्यालयों, क्लबों के प्राचार्य, टीम मैनेजर एवं कप्तानों की अहम बैठक 18 सितम्बर को पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स में

***सीजन -6 में खिलाड़ियों की उत्साह देखने लायक है। रजिस्ट्रेशन का पिछला सभी रिकॉर्ड को तोड़ नया रिकॉर्ड बना डाला***

***अत्याधिक रजिस्ट्रेशन आने से समय की उपलब्धता सुनिश्चित करने में हो रही है परेशानी***

**पूर्णियां।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 06 में भाग ले रहे 10+2 विद्यालय खेल बालक एवं बालिका वर्ग के बैटमिंटन , बास्केटबॉल,वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज के साथ - साथ ओपन टू ऑल प्रतियोगिता फुटबॉल एवं क्रिकेट खेलों आदरणीय क्लब अध्यक्ष/ सचिव, प्राचार्य महोदय/ महोदया, टीम प्रबंधक, टीम मैनेजर, कप्तानों की अहम बैठक दिनांक :- 18/09/2023 दिन :- सोमवार




समय :- पूर्वाह्न 10 बजे स्थानः- पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया ( नियर टाटा मोटर्स बाईपास) में बैठक बुलाई गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने दी और कहा कि बैठक में सभी रजिस्टर स्कूल एवं क्लबों की उपस्थिति अतिआवश्यक है। ताकि सभी रजिस्टर स्कूल व क्लबों से विचार-विमर्श कर आयोजन से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर निर्णय लिया जा सके।

**बैठक में प्रमुख विषय**

1. रजिस्टर विद्यालय एवं क्लबों की संख्या अत्यधिक है इस संदर्भ में।
2. ड्रॉ के माध्यम से विभिन्न खेलों का टाईसीट बनाने के संदर्भ में।
3. पनोरमा टॉर्च (मशाल) के तिथि, समय एवं स्थान सुनिश्चित करने के संदर्भ में।
4. छः चरणों के प्रतियोगिताओं को बेहतर तरीकों से आयोजित करने के संदर्भ में।
5. विभिन्न खेलों के इच्छुक मैच रेफरी प्रतिनियुक्ति करने के संदर्भ में।

# डेहरी शहर में बड़े वाहनों से जाम से निजात पाने हेतु आहुत की गई बैठक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के डेहरी अनुमंडल में शनिवार को डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बड़े वाहनों से शहर में लगने वाले जाम की समस्या से निजात पाने हेतु अनुमण्डल कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई। जिसमें अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विनिता कुमारी, डेहरी, कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, डेहरी अंचलाधिकारी अनामिका कुमारी, डेहरी राजस्व पदाधिकारी, अकोढीगोला थानाध्यक्ष चंद्रशेखर



शर्मा, डेहरी राजीव रंजन, दरीहट थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, डालमियानगर थानाध्यक्ष खुशी राज शामिल रहे। थानाध्यक्ष द्वारा बहुत से स्थलों चौक- चौराहों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने हेतु अनुरोध किया गया। जिस पर अग्रेतर कार्रवाई कराने का निर्देश अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। डेहरी नगर के मुख्य मार्ग थाना मोड़ से अम्बेडकर- चौक तक जाम के निजात हेतु माइकिंग कराते हुए मिशन मोड़ से अतिक्रमण हटाते हुए एवं पुनः लगाने पर दण्ड की राशि काटने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी डिहरी, अंचलाधिकारी डेहरी एवं थानाध्यक्ष डेहरी नगर को निर्देशित किया गया। शहर को जाम से निजात दिलाने हेतु आगे भी रणनीति बनाकर

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बनने पर डॉ मनोज कुमार को बधाई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत दिनारा प्रखंड क्षेत्र स्थित सोनबरसा ग्राम के डॉ मनोज कुमार को भाजपा द्वारा प्रदेश प्रवक्ता कि अहम जिम्मेवारी सौंपे पर जाने पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है। दिनारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नटवार थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी बिहार सरकार के सेवानिवृत्ति वरीय पुलिस पदाधिकारी स्व० रामायण मिश्रा के पुत्र बिहार के प्रतिष्ठित गैस्ट्रोइंटरोलॉजिस्ट एवं मेडिकेयर सेंटर पाटलिपुत्र कॉलोनी



पटना के निर्देशक डॉ मनोज कुमार

चिकित्सा जगत में सेवा करने के साथ ही एक सफल सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी क्षेत्र में जाने जाते हैं। राजनीतिक क्षेत्र में 2015 से ही भाजपा के प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में पार्टी की सेवा करते आए हैं। अभी उन्हें भाजपा द्वारा प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोगों ने आशा व्यक्त किया है कि डॉ मनोज कुमार प्रदेश भाजपा को और अधिक गतिमान बनाने में सहयोगी होंगे। क्षेत्र के दिनारा, नटवार, खनिता, परानपुर, सोनबरसा, मिल्की, नियाजीपुर, नदौवां, भानस, भुआवल, राजपुर, भलुनी, खरिका सहित दिनारा विधानसभा के कई गांव के लोगों ने बधाई देते हुए उनके अपने जीवन पथ में उत्तरोत्तर विकास करने की कामना की है। बधाई देने वालों में बच्चन चौबे, प्रदीप पांडेय, मुखिया मुरलीधर दुबे, जनार्दन सिंह, विजय क्रांति जनार्दन पांडेय, लक्ष्मीकांत दूबे, कृष्णा दास,राज कुमार, बैजू केसरी,समाजसेवी गुड्डू पान्डेय सहित अन्य कई लोग शामिल हैं।

# बीएनएमयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) आरकेपी रमण को मिले एक और कार्यकाल: प्रो. मनोज भटनागर

**मधेपुरा।** भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अनुदानित डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रो. मनोज भटनागर ने बयान जारी कर कहा कि इस माह की 19 तारीख को बीएनएमयू के वर्तमान कुलपति प्रो. (डॉ.) आरकेपी रमण का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, जबकि विश्वविद्यालय को उन जैसे कुशल प्रशासक की अभी और आवश्यकता है। उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय ने अकादमिक स्तर पर जो उपलब्धियां हासिल की हैं और इसके इन्फ्रास्ट्रक्चर का जिस तरह विकास हुआ है, उसे देखते हुए उन्हें एक और कार्यकाल मिलना चाहिए, ताकि अपने कार्यकाल में शुरू किए गए कार्यों को वे सही मुकाम तक पहुँचा सकें। प्रो. मंनोज भटनागर ने कहा कि मैं महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री



नीतीश कुमार जी से आग्रह करता हूँ कि विश्वविद्यालय के हित में उन्हें एक और कार्यकाल दिया जाय। विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं एवं बुद्धिजीवियों की भी ऐसी ही धारणा है। प्रो. मनोज भटनागर ने आगे कहा कि मैं अनुदानित डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा की ओर से प्रो. (डॉ.) आरकेपी रमण के कुलपति के रूप में अत्यंत सफल कार्यकाल की सराहना करता हूँ और उन्हें हृदय से साधुवाद देता हूँ। साथ ही, विश्वविद्यालय के हित में उनकी क्षमता का आगे भी उपयोग हो, ऐसी कामना करता हूँ। बता दें कि प्रो. मनोज भटनागर जद यू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भी हैं।

# प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को ले घुरघुरा से निकाली कलश यात्रा, उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़

## *चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा व मूर्ति पूजन को लेकर निकली गई शोभायात्रा, गाजे बाजे व जयकारे से गुंजा वातावरण*

**अररिया ।** वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शनिवार सुबह अररिया प्रखंड के सहासमल पंचायत के घुरघुरा गांव स्थित विषहरी स्थान मंदिर में आयोजित चार दिवसीय विषहरी माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पहले चरण में शनिवार को भव्य कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान विषहरी मंदिर घुरघुरा से 251 संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर विश्व कल्याणार्थ कामनाएं की। विदित हो कि नवनिर्मित भव्य विषहरी मंदिर में कलश यात्रा के उपरांत रविवार को चक्षु दान एवं सोमवार को विषहरी माता के भव्य प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा तथा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाएगी तथा मंगलवार को चार दिवसीय इस कार्यक्रम का



कुमारी कन्याओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई जबकि सैकड़ों श्रद्धालु भक्तजन शोभा यात्रा में शामिल होकर माहौल को आनंदित किया। गगनभेदी जयकारे तथा गाजे बाजे के साथ निकाली गई यह शोभा यात्रा विषहरी स्थान घुरघुरा से निकलकर शिव चौक घुरघुरा, लक्ष्मी मंदिर घुरघुरा होते बजरंगबली मंदिर बीड़ी चौक, दुर्गा मंदिर डाक बंगला, गुजन चौक होते बकरा नदी के बेंगा करहबाड़ी घाट पहुंची जहां कुमारी कन्याओं ने कलश में पवित्र जल भरकर मंत्रोच्चार करते पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। इस बीच शनिवार सुबह से शाम तक गगनभेदी जयकारे मंत्रोच्चार आदि से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। आयोजन में कुमारी कन्याओं के अलावे बड़ी समापन किया जाएगा। इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का माहौल भक्ति में बना है। वहीं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए ताराबाड़ी थाना पुलिस सक्रिय थे। कलश यात्रा को सफल बनाने में उप प्रमुख कुमारी रीना पासवान, उपप्रमुख प्रतिनिधि श्याम पासवान, मुखिया प्रतिनिधि महमुद रेजा,पूर्व मुखिय विनोद पासवान, चेयरमैन मनोज मंडल, पुजारी रामजतन पासवान के आलावे सुरेश पासवान, मृत्युंजय पासवान, राजनारायण पासवान, राजेश पासवान, मांगन पासवान, राजेंद्र मंडल, दुगार्नंद पासवान, श्रवण पासवान, रामचंद्र पासवान, सिकेन पासवान, मुन्ना पासवान, कृष्णानंद सिंह, भागवत पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु शामिल थे।

# अक्षय राज बाबू के बर्थ डे पर शामिल हुए समाजसेवी संजय मिश्रा

## *पहले करवाया अक्षय से पौधारोपण फिर कटवाया केक*

**अररिया।** अररिया काली बाजार में आयोजित हुए अक्षय राज बाबू के सातवें जन्मदिन के अवसर पर, एसडीएम ग्रुप के निदेशक श्री संजय मिश्रा ने खुद की नाती को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने अक्षय को अपने आशीषों से नवाजा और उनसे उनके जीवन में सफलता की कामना की। उन्होंने यह भी प्रार्थना की कि अक्षय जरूरतमंद लोगों की सेवा करके समाज में योगदान करें। माय बर्थ माय अर्थ श्लोगन को ध्यान में रख पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु संजय बाबू ने अपने नेतृत्व में सात पौधा रोपण किया फिर परिवार जनों के साथ केक काटा।बताते चले कि अक्षय राज बाबू के पिता, श्री अशोक कुमार झा, जो अररिया समाहरणालय में नियुक्त हैं, और मां, जो एक गृहिणी हैं, भी उपस्थित थे। नगर के कई प्रमुख व्यक्तियों ने भी इस खास दिन पर अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। समाजसेवी श्री संजय मिश्रा ने कहा इस खुशी के मौके पर हम अक्षय को उनके जीवन के सफल मार्ग पर बढ़ने की शुभकामनाएं देते हैं और उनके जीवन में सफलता और सुख-शांति की कामना करते हैं।मौके पर इंदु मिश्र, ओमप्रकाश झा,मनोज सिंह, ब्रह्मानन्द झा,शिक्षक आदित्य विशाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# गृह मत्री अमित शाह क आगमन स सीमा क्षेत्र की सुरक्षा पुख्ता होने के साथ भारत नेपाल के बीच बेटी रोटी के रिश्तों सहित व्यपारिक सम्बन्धों में आएगी

**प्रगाढ़ता : प्रवीण जोगबनी ।**

भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट जोगबनी में पहली बार गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से सीमा क्षेत्र की सुरक्षा पुख्ता होने के साथ भारत नेपाल के बीच बेटी रोटी के रिश्तों सहित व्यपारिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता आएगी, सामरिक दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण इस सीमावर्ती क्षेत्र में उनके आगमन से सीमा क्षेत्र में चल रहे राष्ट्रविरोधी कार्यों में पर अंकुश लगने के साथ बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल उत्साहित लोगों खासकर



युवाओं में ना सिर्फ राष्ट्रीय भावना के जज्बे को मजबूत और नई ऊर्जा का संचार किया ही है। वहीं विकास के दृष्टिकोण से पिछड़े अकांक्षी जिला अररिया में विकास की किरण पहुँचाने को प्रतिबद्ध मोदी सरकार के संकल्प के प्रकटीकरण को दशार्ता है।जिसका प्रभाव आने वाले 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा।

# आरजेडी जिला कार्यालय में अध्यक्ष मनीष यादव के अध्यक्षता में हुई जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक

**अररिया।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय अररिया में जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष श्री मनीष यादव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अररिया के पूर्व सांसद सरफराज आलम एवं राजद प्रदेश महासचिव श्री अरूण यादव उपस्थित रहे। बैठक में सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा हुई। राजद संगठन को पंचायत व बूथ स्तर पर सुदृढ़ करने, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी, अम्बेडकर परिचर्चा व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। पार्टी के सभी




पदाधिकारियों को अपने गाडी. व घर पर झण्डा लगाने के लिए कहा गया। बैठक में जिला कमिटी के पदाधिकारीगण, सभी 9 प्रखंड अध्यक्ष व 6 नगर अध्यक्षगण, सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारी सहित जगदीश झा गुड्डू प्रवक्ता राष्ट्रीय जनता दल अररिया व रामनारायण विश्वास मौजूद रहे।

# नरपतगंज पुलिस ने धारा 302/24 भा0द0वि0 के 02 अभियुक्तों को भेजा जेल

**नरपतगंज**

नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा हत्याकांड का अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार नरपतगंज थाना कांड संख्या 539/23 दिनांक 13 /09/ 2023 धारा 302/24 भा0द0वि0 के 02 अभियुक्तों को नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया और न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया।



# गायक सरोज को बनाए गए लोजपा(रा) के जिला प्रवक्ता

**ताराबाड़ी ।** लोजपा (रा)के अनुसूचित जाति जनजाति प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान के निदेर्शानुसार एससीएसटी प्रकोष्ठ के विस्तार को लेकर कार्यकताओं ने क्षेत्र में संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान शनिवार को अररिया सदर प्रखंड के ताराबाड़ी में कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें की अनुसूचित



जाति व जनजाति के जिलाध्यक्ष प्रकाश पासवान के मौजूदगी में ताराबाड़ी निवासी सह चर्चित गायक सरोज कुमार पासवान को अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के जिला प्रवक्ता मनोनीत किया गया। मनोनयन होने पर लोजपा आईटी सेल के प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, असलम अंसारी सहित उपस्थित कार्यकताओं ने शुभकामना देते सरोज पासवान के मनोनयन को पार्टी हित में बताया। कहा कि इनके जुड़ने से क्षेत्र के युवावर्ग की बड़ी आबादी लोजपा (रा) से जुड़ेगा जिसका लाभ आने वाले चुनाव में पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। शुभकामना व्यक्त करते विजय पासवान, दीप नारायण पासवान, विकास पासवान, राम कुमार राही आदि ने बताया कि जिला प्रवक्ता सरोज पासवान के अगुवाई में पार्टी का विकास तथा युवाओं की मजबूत फौजी तैयार हो सकेगा।

# डंफर के धक्के से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल, रेफर

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बनरसिया गांव के समीप शनिवार को सड़क पार कर रहे एक 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति डंफर के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल व्यक्ति बनरसिया निवासी मेवा लाल बिंद का 50 वर्षीय पुत्र साहब बिंद बताया जाता है। जिसे आनन- फानन में स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से सदर अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल व्यक्ति को बेहतर ईलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। इस संदर्भ में घायल व्यक्ति के परिजन राजू बिंद ने बताया कि साहेब बिंद अपने घर से निकलकर किसी कार्य वश सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया। फिलहाल घायल व्यक्ति की स्थिति गंभीर बताई जा रही है तथा घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सासाराम मुफस्सिल थाने की पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद ने सोनहर पैक्स गोदाम का किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के शिवसागर अंतर्गत सोनहर में लाखो की लागत से बने गोदाम का उद्घाटन करने पहुंचे पंचायती राज मंत्री सह चेनारी विधानसभा विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने कहा कि गांव-गांव मेरे हृदय मे बसा है।यहां के किसान और उनके परिवार के लिए शिक्षा,रोजगार और विकास उनकी प्राथमिकताओं मे सबसे उपर है।उन्होंने कहा की 1500 पंचायतों के किसान भाइयों और उनके परिवार की जिम्मेवारी मेरे उपर है।उन्होंने कहा की बिहार सरकार की जो भी योजनाएं है उसे सौ फीसदी गांव की मिट्टी पर उतारना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा की इसके अलावा जो भी समस्या है सूचना देने पर अपने स्तर से निपटने की पहल करूंगा।उन्होंने कहा मैं खुद शिक्षक रहा हूं। गावों मे शिक्षा के लिए हमारी सरकार बड़ चढ़ कर काम कर रही है और उनका प्रयास भी इस दिशा में अग्रसर है।शनिवार को पैक्स समयानुसार दोपहर 12 बजे के बजाए अपराह्न 3 बजकर 25 मिनट पर किया गया।बताते चले की पंचायती राज मंत्री सह चेनारी विधानसभा के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम समय से 3 घंटा देरी से सोनहर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।हालाकि इस बीच इलाके में घंटो जोरदार बारिश का प्रभाव रहा।लेकिन स्थानीय जनता अपने पंचायत के शानदार पैक्स गोदाम के उद्घाटन के लिए बुद्ध विहार सोनहर के स्थल पर इंतजार करती रही। बताते चले कि पंचायती राज मंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय मुखिया अनिता देवी पति अमरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों के बीच पंचायती राज मंत्री का माला पहना कर स्वागत किया।जिसके उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोनहर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह ने उपस्थित अथितियो और मीडिया कर्मी का स्वागत किया।पैक्स अध्यक्ष ने कहा की 31लाख की लागतू से तैयार सोनहर का पैक्स गोदाम पंचायत के लोगो के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।यह केंद्र किसानों की सभी सुविधा को ध्यान मे रखकर बनाया गया।बीते दिनों में स्थानीय जनता के लिए यहां से कई कामों को संचालित किया जाएगा।इस मौके पर राजद युवा नेता दीपक यादव,करूप पैक्स अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष जोखन बिंद, डीलर अशोक सिंह के अलावा ग्रामीण जनता मौजूद थी।

# इं.कृष्ण कुमार जायसवाल भाजपा नेता को मातृशोक, उमड़ा सैलाब

## राज्यमंत्री सहित तमाम लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता इं. कृष्ण कुमार जायसवाल मुन्नू की लगभग 80 वर्षीया माता जी का निधन हो गया। यह जानकारी मिलते ही खेतासराय स्थित उनके पैतृक आवास पर लोगों का तांता लग गया। उनकी संस्कार यात्रा खेतासराय से चलकर वाराणसी पहुंची जहां मणिकर्णिका घाट पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। इसके पहले जौनपुर नगर में राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव के सम्पर्क कार्यालय पर शवयात्रा रोकी गयी जहां उपस्थित भाजपाजनों एवं जायसवाल समाज के लोगों ने



श्रद्धांजलि दिया। साथ ही कलेक्ट्रेट स्थित उनके आवास पर भी शवयात्रा रोकी गयी जहां उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि दिया। मर्णिकर्णिका घाट पर मुखाग्नि माता जी के ज्येष्ठ पुत्र कमल जायसवाल ने दिया। इस मौके पर तमाम राजनेता, अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, पत्रकार, अधिवक्ता आदि की उपस्थिति रही। सभी ने नम आंखों से माता जी को अंतिम विदाई दिया। वहीं घर एवं जिला मुख्यालय से लेकर घाट तक पहुंचकर शोक जताने वालों में राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, जौनपुर नगर की चेयरमैन मनोरमा मौर्या, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया, सुधांशू सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम मोहन अग्रवाल, शाहगंज के पूर्व चेयरमैन ओम प्रकाश जायसवाल, भाजपानेता प्रमोद सिंह, पत्रकार अजय पाण्डेय आदि प्रमुख रहे।

# जिलाधिकारी ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए किया बैठक

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा की अध्यक्षता में मतदाता सूची के पुनरीक्षण संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जहां उन्होंने चुनाव आयोग के निर्देश के क्रम में 21 जुलाई से 21 अगस्त तक होने वाले सर्वे के माध्यम से इस वर्ष 18 वर्ष की आयु को प्राप्त करने वाले नए मतदाताओं को शामिल करने तथा 70 वर्ष एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, स्थानांतरित मतदाता तथा डुप्लीकेट मतदाताओं के सर्वे की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी एईआरओ व ईआरओ को निर्देशित किया कि जिन भी ब्लॉक में अभी सर्वे पूर्ण नहीं हुआ है, वे 30



सितम्बर तक सर्वे पूर्ण करा लें। उन्होंने कहा कि जिन भी मतदाताओं का नाम सूची से हटाया जाना है, उनके नाम हटाने का कारण भी दर्ज करें। मतदाता सूची अपडेटेड तथा स्वीकृत रूप में हो। समस्त एईआरओ को निर्देशित किया कि वे सुपरवाइजर व बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वृद्ध महिला की धारदार हथियार से लुटेरों ने की निर्मम हत्या

*–हृदयविदारक घटना*

*–सोनबरसा (बैरिया) की मूल निवासी बलिया में आवास बना करतीं थी प्रवास*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : कोतवाली सदर के परमंदापुर गांव में शुक्रवार की देर रात बदमाशों ने रिटायर्ड शिक्षिका वीना श्रीवास्तव (80) पत्नी स्व. केदारनाथ श्रीवास्तव की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे आभूषण समेत अन्य सामान लेकर भाग निकले। घटना की जानकारी आस-पास के लोगों को शनिवार सुबह हुई। आनन -फानन में हत्या से पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक वीना श्रीवास्तव बैरिया थाना क्षेत्र के सोनबरसा की मूल निवासी थी।



उनके पति स्व. केदार श्रीवास्तव रेलवे में काम करते थे। जिनका निधन 2005 में हुआ था। वह शहर से सटे परमंदापुर में दो दशक से अधिक समय से आवास बनाकर निवास करती थीं। वह घर पर अकेली रहती थी। वृद्ध महिला के दो पुत्र हैं। बड़ा बेटा सोनू कुमार श्रीवास्तव कानपुर नगर में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। जबकि छोटा बेटा आनंद कुमार श्रीवास्तव मुंबई में चीफ कंट्रोल ऑफीसर के पद पर रेलवे में तैनात है। वही एक बेटी स्मिता श्रीवास्तव है जिनकी शादी हो चुकी है। आसपास के लोगों ने वृद्ध महिला के बड़े पुत्र सोनू श्रीवास्तव को फोन से घटना की जानकारी दी। इसके बाद बड़े पुत्र एवं उनकी पत्नी तुरंत घर पहुंचे। उधर पुलिस अधीक्षक एस आनंद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ सिटी एसएन वैभव पांडेय समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। घटना लूट की है या कोई अन्य मामला है पुलिस जांच कर रही है।

# अंतरजनपदीय गिरोह के तीन शातिर चोर चढे फेफना पुलिस के हत्थे

*–पुलिस को सफलता*

*–गिरफ्तार चोरों के पार 20 लाख कीमत के जेवर और 1.84 लाख नगद बरामद*

*–एसओजी टीम की भी रही अभियान में सहभागिता, असलहा कारतूस भी बरामद*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक की निगहबानी में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में फेफना पुलिस को बड़ी सफलता शनिवार के दिन प्राप्त हुई। पुलिस ने अंतरजनपदीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। चोरों के पास 20 लाख के जेवर और 1.84 लाख नगद बरामद हुआ। एसओजी की भी अभियान में सहभागिता रही। अभियुक्तों के पास कारतूस तमंचा भी पुलिस को प्राप्त हुआ। क्षेत्राधिकारी सदर अशोक कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना फेफना पुलिस और एसओजी की



टीम ने दर्ज चोरी के मामले में घटना अनावरण में जुटे थे। पुलिस ने सूचना के आधार पर गडवार रोड पर ग्राम कनैला के पास खड़े दो अभियुक्तों को दबीश देकर पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्तों में बृजभान उर्फ नसूड़ी बनवासी पुत्र रमेश बनवासी निवासी सैदपुर भीतरी (पौटा) थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर और राजकुमार बनवासी पुत्र राजेश निवासी शहबाजकुली नसीरपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर शामिल रहे। इनके पास चोरी के जेवर लगभग 20.लाख कीमत के मिले। पूछताछ के बाद पुलिस ने स्वर्ण ब्यापारी रणजीत कुमार वर्मा पुत्र स्व0 रामजी वर्मा निवासी चितनाथ थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर* को भी गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# ग्राम पंचायत की जमीन कब्जा मामले में अधिकारियों के ढुलमुल रवैये का मामला डीएम के समक्ष

*–संपूर्ण समाधान दिवस*

*–तहसील सभागार बांसडीह में जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिया निर्देश*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : तहसील सभागर बांसडीह में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में कुल 90 मामले आए जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिये टीमें गठित की गई। सबसे ज्यादा मामले राजस्व व खाद्यान्न के रहे।

जिलाधिकारी के पंहुचते ही फरियादियों की लंबी लाइन लग गयी। शुरूआत में ही मनियर थाना क्षेत्र के सरवार ककरघट्टी में नावट नं 1 में पूर्व प्रधान रामदेव यादव द्वारा पंचायत भवन के सामने की जमीन, खेल के मैदान व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध ढंग से नाम चढ़वाने अंत्येष्टि स्थल का निर्माण रोकने को लेकर प्रधान प्रतिनिधि द्वारा शिकायत करने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों के ढुलमुल जवाब से डीएम की त्योरियां चढ़ गयी। नाराज लहजे में एसडीएम को चेताया कि ऐसे मामलों का निस्तारण तो दूर इस संबंध में आपको जानकारी भी नही है। ऐसे नहीं चलेगा प्रकरण की जांच करिये और यदि ग्राम समाज की भूमि पर गलत ढंग से नामांतरण हुआ है तो तत्काल एफआईआर दर्ज करवायी जाए। इसी बीच सर्वाधिक मामले मनियर थाने के आने पर मनियर थानाध्यक्ष की जमकर क्लास लगाई। इसी दौरान विक्रमपुर दक्षिणी में एक और खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीएम ने लेखपाल से लेकर एसडीएम कि एक बार फिर क्लास लगाई और चेतावनी देकर कहा कि स्थिति में सुधार लाओ अन्यथा कार्रवाई लिखने में देर नही लगेगी। इसी के बाद चोरकैण्ड कि महिला पुष्पा देवी ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत करते हुए कहा कि उसके अंत्योदय कार्ड में उसे मृतक बताकर उसका नाम काट दिया गया है। बार बार गुहार लगाने पर भी कोई कार्रवाई नही हुई। महिला की शिकायत सुनने के बाद डीएम ने डीएसओ को फटकार लगाई और कहा ऐसी समस्या का भी यदि निस्तारण करने में महीनों लग जाये तो स्पष्ट है कि आपकी कार्यप्रणाली किस स्तर की है। इसी दौरान पूछताछ में पूर्ति निरीक्षक बांसडीह दिलीप सिंह डीएम के सामने पड़े तो उनकी जबरदस्त क्लास लग गयी। डीएम ने पूर्ति निरीक्षक को सस्पेंड करने की चेतावनी देकर तत्काल महिला का नाम जोड़ने के आदेश दिये। इसी क्रम में सुखपुरा के गोपालपुर सपही में खलिहान की जमीन कि शिकायत आई जिसमें डीएम ने तुरंत टीम भेजने के निर्देश दिये। इसी दौरान रेवती के हड़िहा कला में ट्रांसफार्मर लगे जमीन की बाउंड्री करने व केवटलिया मिश्र में नवीन परती की जमीन का मामला आया। जिसमें डीएम द्वारा तत्काल टीम भेजकर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये गये। कुल 83 मामले पटल पर आए जिनमें 10 मामलों में तत्काल मौके पर टीम भेजी गयी। बाकी मामलों को डीएम ने जांच के लिये मातहतों को निर्देशित किया। कुछ मामले की फाइल जिलाधिकारी ने अपने संज्ञान में लेकर रिपोर्ट हल कर देने को कहा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन में पूरे समय डीएम के तेवर काफी तल्ख दिखे, जिसे देखकर सभी अधिकारी सहमे रहे। इस दौरान एसडीएम राजेश गुप्ता, तहसीलदार निखिल शुक्ला, नायब तहसीलदार सुधांशु श्रीवास्तव, सीओ एसएन वैस, इंस्पेक्टर बांसडीह योगेंद्र प्रसाद सिंह, थानाध्यक्ष बांसडीहरोड राजकपूर सिंह समेत काफी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।

# अटेवा शाहगंज कार्यकारिणी का गठन अनिल बने अध्यक्ष, वीरेन्द्र महामंत्री एवं नरेन्द्र कोषाध्यक्ष

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

शाहगंज, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के महात्मा गांधी जपटापुर विद्यालय परिसर में अटेवा पेंशन बचाओ मंच जौनपुर की ब्लॉक इकाई शाहगंज की कार्यकारिणी का पुनर्गठन हुआ। सर्वसम्मति से अनिल चौधरी अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव महामंत्री, नरेंद्र विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष, महेन्द्र प्रसाद, एआरपी धर्मेन्द्र सिंह, मनोज यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुजीत सोनकर संगठन मंत्री चुने गये। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र राय ने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ उपस्थित सभी पेंशन विहीन कर्मचारियों को आगामी 1 अक्टूबर को दिल्ली चलने एवं पेंशन आन्दोलन में जी जान से जुटने का आह्वान किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ यामिनी सिंह ने सदस्यता अभियान को गति देने का आह्वान किया। साथ ही जिलाध्यक्ष चन्दन सिंह, जिला महामंत्री इन्दु प्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष टी.यन. यादव,



संगठन मंत्री सुभाष सरोज, अध्यक्ष मड़ियाहूं अरविंद, अध्यक्ष सिकरारा डॉ कृपानिधि, अध्यक्ष बक्शा लालचंद यादव, अनिल चौधरी महामंत्री सुइथाकला, प्रमोद प्रजापति सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मंत्री, विनय वर्मा जिला प्रवक्ता, अरविंद यादव अध्यक्ष टीचर्स सेल्फ केयर टीम जौनपुर, मीडिया प्रभारी नन्द लाल पुष्पक ने पेंशन आंदोलन को गति प्रदान करने हेतु अपने विचार व्यक्त किये। समस्त कार्यक्रम का आयोजन लोकेश मौर्य, वीरेंद्र यादव, मनोज यादव, अनिल चौधरी तथा कार्यक्रम प्रभारी एआरपी अखिलेश यादव की देख–रेख में किया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड शाहगंज के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुबास सरोज एवं संचालन महेन्द्र प्रसाद यादव व विवेकराज ने संयुक्त रूप से किया।

# नगर पंचायत मडियाहू के सभागार में नगर अध्यक्ष ने आहुत किया बोर्ड की बैठक, सभी सभासद रहे उपस्थित

**चंदन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण मरियाहू**

मडियाहू, जौनपुर। जनपद के मडियाहू नगर पंचायत में शुक्रवार को बोर्ड की बैठक कराई गई' बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष रुकसाना कमाल फारूकी / अधिशासी अधिकारी संजय कुमार की उपस्थिती में शुरू हुई। बताया जाता है कि नगर पंचायत की बैठक शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रुकसाना कमाल फारूकी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, इस मौके पर अधिशासी अधिकारी डॉ. संजय कुमार भी मौजूद रहे ' बैठक में सभासदों ने नाली, प्रकाश व्यवस्था एवं नगर के सफाई पर सभासदों ने विशेष चर्चा करते नजर आए। नगर पंचायत अध्यक्ष रुकसाना कमाल ने कहा कि नगर की साफ सफाई की व्यवस्था करना नगर पंचायत की प्राथमिकता है, प्रकाश की व्यवस्था के लिए समुचित व्यवस्था की गई है, बारिश के मौसम में टेक्निकल खराबी के चलते कभी-कभी किसी खंबे में बल्ब नहीं जलता है उसकी जांच करवा कर प्रकाश व्यवस्था को चुस्त



दुरुस्त किया जा रहा है' कुछ सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में टूटे हुए खडंजे के निर्माण के लिए शिकायत किया, जिसके लिए 15 दिन में कार्य करने का आश्वासन भी अध्यक्ष महोदय द्वारा दिया गया तथा अध्यक्ष ने बोर्ड की बैठक में सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि नगर में जल कल, प्रकाश तथा नाली की समुचित व्यवस्था हो इसके लिए आप सभी को अपने वार्डों की समस्या के समाधान के लिए मेरे साथ मिलकर कार्य करें।इसके अलावा अन्य कोई समस्याएं नगर वासियों को है तो तुरंत अवगत कराएं जिससे उसका भी समाधान तुरंत कराया जा सके '२ उक्त अवसर पर श्रीमती इंद्रा देवी ,राजेंद्र सोनकर, पिंकी ,पप्पू, बबलू सोनकर, अरविंद चौरसिया, राकेश कुमार गुप्ता ,रवि कुमार मौर्य ,चंद बीबी ,अब्दुल वाहिद, इकबाल अहमद ,ममता वर्मा, अर्चना मौर्य ,अनिल साहू , इजहार अहमद गुड्डू सहित तमाम लोग मौजूद रहे '

# आत्महत्या रोकथाम के प्रति कालेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

*–शैक्षिक आयोजन*

*श्री सुदिष्ट बाबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुदिष्टपुरी रानीगंज में आयोजन*

**शकील खान, समाज जागरण**

सुरेमनपुर (बलिया) : श्री सुदृष्टि बाबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सुदिष्टपुरी-रानीगंज के सभागार में मनोविज्ञान विभाग के परामर्श एवं निर्देशन इकाई के तत्वावधान में आत्महत्या रोकथाम के प्रति व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। "कार्य से आशा जगाना" शीर्षक पर केंद्रीत व्याख्यान वैचारिक संगोष्ठी की मुख्य वक्ता सतीश चंद्र कॉलेज बलिया के मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री स्मिता वर्मा थीं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम शर्मा ने की। कार्यक्रम का आरम्भ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री आकांक्षा उपाध्याय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विषय प्रवर्तन किया। मुख्य व्यक्ता सुश्री स्मिता वर्मा ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में आत्महत्या की रोकथाम के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग के सम्बन्ध में विस्तार से समझाया और साथ ही विद्यार्थियों के जिज्ञासा पूर्ण प्रश्नों का समाधान किया। हिन्दी विभाग के प्रोफेसर सन्तोष कुमार सिंह ने अपने



सम्बोधन में जनकवि शैलेंद्र के प्रेरक गीत ' तू ज़िन्दा है तो ज़िन्दगी की जीत पर यकीन कर ' के माध्यम से जीवन के प्रति प्रगतिशील दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम शर्मा ने भी अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आत्महत्या से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को उजागर करते हुए विद्यार्थियों को जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष अध्यक्ष सत्येंद्र मणि विक्रम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन स्नातक तृतीय सेमेस्टर की छात्रा साक्षी राय ने किया। आत्महत्या की समस्या और इसके निवारण के उपायों के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं की विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता भी इस आयोजन का एक सार्थक पक्ष था। इस प्रतियोगिता में कु श्वेता वर्मा ने प्रथम, कु लकी सिंह ने द्वितीय व कु प्रीति मौर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में सुधीर कुमार गुप्ता, डॉ रामचंद्र, डॉ सुबोधकांत तिवारी, वीरेंद्र त्रिपाठी, डॉ आभा श्रीवास्तव व डॉ शिखा श्रीवास्तव, डॉ सहजानंद भारती, डॉ अखिलेश कुमार पांडेय इत्यादि शिक्षकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# पूरी तरह खोखला है सरकार का गड्ढा मुक्त सड़क का दावा

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : प्रदेश सरकार का गड्ढा मुक्त सड़क का दावा गड़वार-सुखपुरा मार्ग पर पूरी तरह से खोखला साबित हो रहा है। सात किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर खरहाटार, खडीचा, त्रिकालपुर तिराहे सहित जगह जगह अनेकों गड्ढे हो गए हैं। सड़क पर गड्ढों के कारण सड़क दुर्घटनाएं भी थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। इस मार्ग पर गड्ढों का कारण ओवरलोड वाहन (ट्रकों) का आना



जाना है। बलिया, बांसडीह, बैरिया, रेवती की तरफ से रसड़ा, मऊ की तरफ जाने वाले भारी वाहन फेफना की तरफ से न जाकर जल्दी पहुंचने के लिए इस मार्ग का सहारा लेते हैं जिनकी संख्या अनगिनत है। अगर जल्द ही भारी वाहनों का निषेध इस रास्ते पर नहीं किया गया तो यह मार्ग पूरी तरह से गड्ढा युक्त हो जाएगा। स्थानीय लोगों ने सम्बंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में निपुण असेसमेंट की परीक्षा

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय खरुआंव पर निपुण असेसमेंट परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक कृष्णा देवी ने बताया कि कक्षा 6, 7 व 8 के बच्चों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा में कुल 143 बच्चे सम्मलित हुए। परीक्षा ओएमआर सीट पर करायी गयी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों का गणित और विज्ञान विषयों पर परीक्षाएं 'सरल ऐप' के जरिए आयोजित की गयी है और पहली बार बच्चे ओएमआर शीट पर सवालों के जवाब दिए है। परीक्षा पत्रों के मूल्यांकन के बाद, रिपोर्ट कार्ड तैयार किए जाएंगे और बाद में सभी छात्रों को वितरित किए जाएंगे।

# हिन्दी भाषा भूषण की मानद उपाधि से सम्मानित हुए डविद्यासागर उपाध्याय

*–जिले को सम्मान*

*–राजस्थान प्रांत की अग्रणी साहित्यिक संस्थान साहित्य मंडल श्रीनाथ ने दिया सम्मान*

बलिया : राजस्थान प्रांत की अग्रणी साहित्यिक प्रतिष्ठान "साहित्य मण्डल श्रीनाथद्वारा" ने हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय हिन्दी सेवी समागम में बलिया जनपद के शिक्षाविद डॉ विद्यासागर उपाध्याय को "हिन्दी भाषा भूषण " की मानद उपाधि से विभूषित किया जिसे उनकी प्रतिनिधि डॉ रेखा श्रीवास्तव ने ग्रहण किया। सूचना प्राप्त होते ही जनपद के बुद्धिजीवियों



व साहित्यकारों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। गणमान्य लोगों द्वारा आवास पर और दूरभाष से बधाई देने का तांता लगा हुआ है। हिन्दी भाषा भूषण की उपाधि प्राप्त होने पर डॉ विद्यासागर उपाध्याय का कहना है कि उपाधि से दायित्वबोध बढ़ गया है। यह उपाधि प्राप्त होना मेरे और मेरे शुभचिंतकों के लिए हर्षित और गर्वित करने वाला पल है। उपाधि इस बात की पुष्टि है कि मेरा सृजन साहित्य की दुनिया में अपनी छाप छोडड्डे में सफल रहा है। संस्थान ने मेरी साहित्यिक सेवाओं का सम्मान किया है, इसके लिए मैं उसके अध्यक्ष और सदस्यों का आभारी हूं। सम्मान को केवल सम्मान की दृष्टि से ही नहीं देखा जाना चाहिए, यह साहित्य के सेवा की सामाजिक स्वीकृति भी है। इससे मेरे अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होगा और बेहतर सृजन की प्रेरणा मिलेगी। सम्मान की दुनिया में यह महत्वपूर्ण पड़ाव है। मंजिल प्राप्त होने तक यह सिलसिला जारी रखूंगा। चौदह से पंद्रह सितंबर तक चले कुल अठारह सत्रों में में भारत के समस्त प्रांतों से पधारे विद्वान हिन्दी सेवियो ने हिन्दी के उत्थान हेतु व्याख्यान व कवि सम्मेलन इत्यादि में प्रतिभाग किया। चेन्नई से डॉ बी गीता मालिनी,वर्धा महाराष्ट्र से डॉ अर्चना पंड्या,रांची झारखंड से डॉ जंगबहादुर पाण्डेय ,अंबिकापुर छत्तीस गढ़ से डॉ राजकुमार मणि और बलिया उत्तरप्रदेश से डॉ विद्यासागर उपाध्याय को भाषा भूषण प्राप्त होना समस्त बलिया के लिए गर्व का पल है। डॉ उपाध्याय की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ जनार्दन राय, डॉ नवचन्द तिवारी, डॉ अरविन्द उपाध्याय, डॉ अनिल तिवारी, डॉ आदित्य कुमार अंशु, डॉ नन्द जी नंदा, डॉ जितेंद्र स्वाध्यायी,करुणानिधि तिवारी,संतोष दीक्षित, हरेंद्र नाथ मिश्र,राधेश्याम यादव,शिवजी पाण्डेय रसराज, डॉ फतेह चन्द बैचेन,पवन कुमार तिवारी,राकेश प्रसाद दुबे,श्रीराम सरगम,गोवर्धन भोजपुरी,सूरज समदर्शी,विजय नारायण शरण आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

# ओजोन परत संरक्षण दिवस पर विशेष---

## पृथ्वी का सुरक्षा कवच है आजोन परत : डा० गणेश पाठक

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के पूर्व प्राचार्य एवं जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के पूर्व शैक्षणिक निदेशक पर्यावरणविद् डा. गणेश कुमार पाठक ने एक भैंटवार्ता में बताया कि वायुमंडल में धरातल से लगभग 22 से 25 किमी की ऊँचाई एवं 25 से 28 किमी की मोटाई में ओजोन गैस की एक परत पायी जाती है, जिसे "ओजोन परत" कहा जाता है। ओजोन गैस में सूर्य की पराबैगनी किरणों को अवशोषित करने की क्षमता होती है, इसलिए ओजोन गैस की यह परत सूर्य की घातक पराबैगनी किरणों को रोककर पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। ल्लबताया कि ओजोन गैस विनाशकारी पराबैगनी किरणों के 99 प्रतिशत भाग को अवशोषित कर लेती है और मात्र एक प्रतिशत भाग ही पृथ्वी पर पहुँच पाता है। यदि यह परत न होती तो ये पराबैगनी किरणें सीधे धरती पर आकर भयंकर तबाही मचाती एवं जीव-जगत सहित वनस्पति जगत को भी जलाकर राख कर डालती। यही नहीं इसके प्रभाव से प्रकाश संश्लेषण की क्रिया लगभग समाप्त हो जाती ,जिससे पेड़-पौधों की वृद्धि भी रूक जाती। पराबैगनी किरणों का जीव जंतुओं पर आनुवंशिक प्रभाव भी पड़ता है, जिससे जीवों में आनुवंशिक विकृतियां भी उत्पन्न हो जाती है। इसके प्रभाव से मनुष्य की त्वचा झुलस जाती है और त्वचा कैंसर हो जाता है। यही नहीं इसके प्रभाव से निमोनिया, ब्रोंकाइटिश एवं अल्सर जैसे रोगों में भी वृद्धि होने लगती है। आँखों में मोतियाबिंद होकर अंधापन को बढ़ावा मिलता है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता समाप्त होने लगती है, जिससे रोगों के विरूध्द लड़ने की शरीर की क्षमता समाप्त हो जाती है। साँस संबंधी बीमारियों का भी जन्म होता है। ओजोन की मात्रा में मात्र एक प्रतिशत की कमी से चर्म कैंसर के रोगियों में लगभग दो लाख की वार्षिक वृद्धि होती है। ओजोन परत के नष्ट होने से जब सूर्य की बराबैगनी किरणें छिद्र से होकर पृथ्वी के वायुमंडल एवं पृथ्वी की सतह तक पहुँचती हैं तो तापमान में अतिशय वृद्धि होती है, जिससे भूमण्डलीय तापन में वृद्धि होती है ,जिसे ग्लोबल वार्मिंग भी कहा जाता है। इस तरह इससे जलवायु परिवर्तन की क्रिया भी प्रभावित होती है। पराबैगनी किरणों को अवशोषित करते हुए ओजोन की परत उनकी गर्मी ले लेती है एवं उसे समताप मंडल को दे देती है, जहाँ वायु धाराओं की उत्पत्ति होती है, जिनके प्रभाव से ही पृथ्वी पर स्थिर जलवायु कायम रहती है ओजोन परत का क्षरण - सबसे पहले 1970 में ब्रिटेन के पर्यावरणविदों ने पता लगाया कि वायुमंडल में ओजोन की मात्र में धीरे- धीरे कमी होती जा रही है। इसके बाद 1974 में अन्टार्कटिका महाद्वीप के ऊपर ओजोन परत में एक बड़ा छिद्र होने का पता चला। इसके बाद 1985-86 में आस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैण्ड के ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत में छिद्र का पता चला।तब से लेकर वर्तमान समय तक निरन्तर वैज्ञानिकों द्वारा अध्ययन किया जाता रहा है। 1985 से पूर्व केवल उच्च अक्षांशों में ही ओजोन का स्तर घट रहा था, किन्तु बाद के अध्ययनों से यह पता चला कि अब मध्य अक्षांशों में भी ओजोन कवच कमजोर होता जा रहा है। यही ही हीं आर्कटिक अर्थात उत्तरी ध्रुव के उऊपर भी ओजोन परत का क्षरण हो रहा है। किंतु आर्कटिक के ऊपर की छिद्र की तुलना में अंटार्कटिका के ऊपर का छिद्र पाँच गुना पाया गया। ओजोन परत के क्षय के कारण - ओजोन परत के क्षय का प्रमुख कारण मानव की भोगवादी प्रवृत्ति एवं विलासितापूर्ण जीवन हे ,जिसकी पूर्ति हेतु मानव द्वारा ऐसे-ऐसे कार्य किए गए जो मुख्य रूपसे ओजोन परत के धष्ट होने का कारण बना। अब तक किए गए शोधों के आधार पर यह निष्कर्ष निकला है कि भौतिक सुख- सुविधाओं की अधिक से अधिक प्राप्त करने की अंधी दौड़ में लिप्त आधुनिक मानव की करतूत ही ओजोन परत के क्षय का मूल कारण है। वैज्ञानिकों के अनुसार ओजोन की परत में क्लोरीन यौगिकों की मात्रा में अतिशय वृद्धि हुई है, जिसका जिम्मेदार स्वयं मानव है। ओजोन को नष्ट करने वाले कारकों में एक अति महत्वपूर्ण कारक है क्लोरो- फ्लोरो-कार्बन( सी० एफ० सी० ), जिसका उपयोग मानव की विलासितापूर्ण वस्तुओं के निर्माण मे किया जाता है। जैसे वातानुकूलन यंत्रों, प्लास्टिक, फोम, रंग-रोगन, फ्रिआन, अनेक दुर्गंधनाशक , कीटनावक, प्रसाधन सामग्री के निर्माण में किया जाता है जो क्लोरो- फ्लोरो- कार्बन समूह के योगिक हैं। फ्रियोन-11 एवं फ्रियोन- 12 जैसे यौगिकों के ओजोन से क्रिया करने के कारण ओजोन में लगातार कमी होती जा रही है। ओजोन के नष्ट होने का वनों का अंधाधुंध विनाश होना भी है। वनों के विनाश से ऑक्सीजन का निर्माण कम होता जा रहा है, जिससे अंततः ओजोन के निर्माण में भी कमी आती जा रही है। इस प्रक्रिया में ओजोन का क्षय तो नहीं होता, बल्कि ओजोन का निर्माण ही नहीं होता है। इसके बाद नाइट्रिक आक्साइड एवं क्लोरीन आक्साईड गैसों का विभिन्न माध्यमों से वायुमंडल में प्रवेश करन से भी ओजोन का क्षय हो रहा है। नाइट्रिक आक्साइड गैस ओजोन के लिए विशेष घातक है। वैज्ञानिक अनुसंधानों के आधार पर वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि मिलों - कारखानों से निकलने वाले विषैले धुँओं एवं गैसों, प्रदूषण के बढ़ते स्तर , अंतरिक्ष अनुसंधान के तहत छोड़े जाने वाले राकेटों से भी ओजोन परत में तेजी से क्षरण हो रहा है। वैज्ञानिकों ने विश्लेषण करके यह निष्कर्ष निकाला है कि यदि थोड़ी सी अवधि के अंतर्गत 125 अंतरिक्ष यानों को छोड़ा जाय तो ओजोन की समूची परत ही नष्ट है जायेगी। गणनाओं से यह भी ज्ञात हुआ है कि परिवहन राकेटों की कुल 85 उड़ाने प्रतिवर्ष से अधिक होने पर भी ओजोन मंडल का क्षय हो जायेगा। कैसे करें सुरक्षा-

ओजोन कवच की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसी एक देश की नहीं है, कारण कि यह एक भूमण्डलीय पर्यावरणीय समस्या है। किंतु खासतोर से उन देशों की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है जो सी० एफ० सी गैसों का अधिक उत्पादध एवं उपभोग करते हैं। जिसमें विकसित देश अधिक हैं एवं कुछ विकासशील देश भी हैं। यही कारण है कि समय - समय सी० एफ० सी० गैसों के उत्पादन को कम करने एवं कार्बन- डाइ- आक्साईड आदि विषैली गैसों के उतसर्जन पर रोक लगायी जाती रही है और उसका सकारात्मक प्रभाव भी दिखायी दे रहा है। किंतु सबसे अहम बात यह भी है कि हम बिलासितापूर्ण ऐसे वस्तुओं का कम से कम उपयोग करें जिनके निर्माण से ओजोन परत का क्षरण होता है। इसका सबक तो हम कोरोना से बचाव हेतु लागू किए गए लॉकडाउन प्रक्रिया से ही ले सकते है। अप्रैल, 2016 के प्रारम्भ से ही उत्तरी ध्रुव के ऊपर ओजोन परत मे लगभग 10 लाख वर्ग किमी० क्षेत्र पर एक छिद्र बना हुआ था,किंतु लॉकडाउन के दौरान जब सारी गतिविधियां बंद हो गयीं, परिवहन बंद हो गया, कल- कारखाने बंद हो गए, मानवीय गतिविधियां बंद हो गयी.तो ओजोन परत नष्ट करने के लिए उत्तरदायी घातक गैसों का निकला भी बंद हो गया और परिणाम यह निकला कि यह ओजोन का छिद्र भी भर गया। कारण कि लॉकडाउन के दौरान प्रत्येक तरह के प्रदूषण में कमी आ गयी । इस तरह स्पष्ट है कि निश्चित तौर मानव की गतिविधियां ओजोन परत के क्षरण के लिए विशेष तौर पर जिम्मेदार है

# रिकार्ड 30वीं बार प्रधानमंत्री को अपने खून से खत लिख , बर्थडे पर बुंदेलखंड राज्य का माँगा 'गिफ्ट'

## संसद के विशेष सत्र मे राज्य बनाये पीएम मोदी - प्रवीण पाण्डेय

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर : बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर रिकार्ड 30वी बार अपने खून से खत लिखा गया ' आज शनिवार को बुंदेलखंड राष्ट्र समिति द्वारा पथरकटा चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम मे बुंदेलीयों नें खून से खत लिखा ' बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर खून से खत लिखकर उनको बधाई दिया । पाण्डेय के साथ उनके सहयोगी भी मोदी को खून से चिट्ठी लिखे एवं अलग राज्य की मांग किया ' पत्र मे लिखा की बुंदेलखंड के लोगों की जन भावनाओं का ख्याल रखते हुए जल्दी से जल्दी बुंदेलखंड राज्य बनाने की अपील की ' अभी रक्षाबंधन में बुंदेलखंड की हजारों बहनों ने प्रधानमंत्री को राखी भेजकर तोहफे में अलग राज्य देने की अपील की थी लेकिन प्रधानमंत्री कार्यालय ने अभी तक अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हमेशा से छोटे राज्यों की पक्ष धर रही है। अगर ऐसा न होता तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एक साथ तीन नए राज्य न बनाते। मोदी एक ही राज्य बना दें।



यहां के लोग रोजी रोटी की तलाश में महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। बुंदेलखंड देश का सबसे अच्छा पर्यटन क्षेत्र है। इसे पर्यटन हब बनाना है। यहां की बर्बाद हो रही सभी खूबसूरत धरोहरों को अगर कायदे से संवार दिया जाए तो न केवल यहां बाहर से हजारों सैलानी घूमने आएंगे बल्कि यहां रोजगार की अपार संभावनाएं भी विकसित होंगी लेकिन यह अलग राज्य बने बगैर संभव नहीं प्रवक्ता देव व्रत त्रिपाठी नें कहा की संसद के विशेष सत्र में बुंदेलखंड राज्य बनाये प्रधानमंत्री मोदी व संसद के विशेष सत्र में बुंदेलखंड राज्य की मांग उठाएं सांसद ' अगर सांसदों ने अब भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी तो वे एक सुनहरा अवसर गंवा देंगे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के सांसदों की बारी है कि वे संसद के विशेष सत्र में एक साथ अलग राज्य का मुद्दा उठाकर मातृभूमि के प्रति अपने दायित्व को निभाएं। उनको एक प्रतिनिधि मंडल बनाकर भी प्रधानमंत्री से मिलना चाहिए' अब सांसदों को आगे आना चाहिए।

मनीष त्रिपाठी, बाल गोविन्द मिश्रा, रोहित कुमार, संतोष पासवान, अरुण विस्वकर्मा , ठाकुर शिव नरेश सिंह, ठाकुर सोनी सिंह, प्रियंका त्रिपाठी, राम प्रसाद विस्वकर्मा , राजेश अंशु सिंह परमार, आदित्य पाण्डेय, अंकुश त्रिपाठी, दीपक सिंह आदि बुन्देले रहे

# चोरी व लूट की घटनाओं से थर्राया थरियांव हाइवे से हुए ट्रक चोरी का नही हो सका खुलासा

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर थरियांव थाना में लूट व चोरी घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही। ग्रामीण पुलिसिंग पर सवाल उठ रहें हैं। पिछ्ले माह हाइवे से एक ट्रक चोरी हो गया था, पीडित अभी भी थाने से लेकर जनपद के अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। थरियांव पुलिस ट्रक चोरी का पता नहीं लगा सकी। ट्रक मालिक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। हसवा और करनपुर से बीते रात चोरों ने बकरी व अन्य सामान पार कर दिया।

थरियांव क्षेत्र में आये दिन चोरी की घटनाओं से लोग सहमें हैं। थाने में फरियादियों को न्याय नहीं मिल रहा है। पिछले माह थाना क्षेत्र के जयसवाल पेट्रोल पंप से एक ट्रक चोरी हो गया है।सीसीटीवी में ट्रक लेकर जाते दिखाए दे रहा है। शांतीनगर निवासी बलराम पुत्र ज्ञानचंद ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका ट्रक जिसका नंबर ४स्त्र 71 ळ 9826 हाइवे के किनारे एक पेट्रोल पंप पर खड़ा था। जिसमें ड्राइवर अनुज यादव निवासी सेमरी थाना थरियांव ट्रक चोरी करके भाग गया। चोरी की शिकायत थरियांव थाना में की गयी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। ट्रक मालिक ने इसकी शिकायत एसपी से की है। बतादें एक पखवारे में दो ट्रैक्टर भी चोरी हुए थे लेकिन उच्चअधिकारियों के दबाव में ललौली थाना पुलिस ने चोर व ट्रैक्टर बरामद किया है । उधर बुधवार की रात देहुली गांव के पास लुटेरों ने दो राहगीरों को शिकार बनाया । दवा व्यापारी राजेश कुमार लोधी दुकान बंद करके थरियांव कस्बे से खोजवापुर घर जा रहे थे। थाना क्षेत्र के नट का डेरा मजरे दिहुली नहर पुल के पास हुई है वारदात। लुटेरों के पास चार पहिया वाहन था। राजेश ने बताया कि उनके पास तमंचा व चाकू था। किसी तरह भाग कर पहुंच कर जान बचाई। दवा व्यापारी ने थाने में तहरीर दी है।

वही दो दिन पहले हसवा कस्बे से एक किसान के घर से दो बकरियां चोरी हुई हैं। लेकिन पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

# 18 सितम्बर को भाजपा जिलाध्यक्ष का होगा भव्य स्वागत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में नव मनोनीत जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल का 18 सितंबर को होने वाले स्वागत समारोह की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल का स्वागत जुलूस 18 सितंबर को निकलेगा। सुबह 10:00 बजे छिउली नदी से स्वागत जुलूस चलेगा जो मुरादीपुर, चौडगरा, मलवा, नउवाबाग,आबूनगर,सदर अस्पताल, ज्वालागंज, चौक, वर्मा चौराहा, रेलवे स्टेशन, पटेल नगर चौराहा, पथरकटा चौराहा, बुलेट चौराहा होते हुए भाजपा कार्यालय में गोष्ठी में तब्दील हो जाएगा। इस दौरान स्वागत तैयारी बैठक में भाजपा के जिला महामंत्री नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल,उदय सिंह लोधी, मंत्री कुलदीप सिंह भदोरिया, मनोज मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी विवेक श्रीवास्तव,विजय प्रताप सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, सभासद संजय लाला, पूर्व सभासद अमित शिवहरे, शैलेंद्र रघुवंशी, जेपी सिंह फौजी, अभिषेक शुक्ला, मनोज गुप्ता,विक्रम सिंह चंदेल, अभिषेक श्रीवास्तव,पंकज त्रिवेदी, अक्षय लोधी, राजू साहू, प्रदीप गर्ग, सुशील मिश्रा, उत्कर्ष श्रीवास्तव, ऋतिक पाल सहित बड़ी संख्या में भाजपाइयों ने स्वागत तैयारी बैठक में भाग लिया और स्वागत समारोह में ज्यादा से ज्यादा भाजपाई सम्मिलित हो इस बावत रणनीतिबनाई गई तो वहीं अलग-अलग स्थानों में होर्डिंग, तोरण द्वार भी बनाए जाने की रणनीति बनाई गई।



# मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में बिना चिकित्सक हस्ताक्षर दी जा रहीं जांच रिपोर्टें

## एचओडी व सीएमएस बयान देने से पीछे हटे, प्रिंसीपल ने फोन पर कहा राउंड में सब पाया गया ठीक

**सवाल क्या यह नहीं बडी लापरवाही, हस्ताक्षर तो रहता होना अनिवार्य?**

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में बिना किसी चिकित्सक हस्ताक्षर के रिपोर्ट मरीजों व तीमारदारों को देने का मामला प्रकाश में आया है जिसको लेकर खुद तीमारदारों ने मामला बयां किया है वहीं उक्त मामले में संबंधित प्रिंसीपल ने ऐसा कुछ होने से इनकार किया और कहा उन्होंने निरीक्षण किया सब पर हस्ताक्षर पाया गया।



बताते चलें मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में एक बड़ी लापरवाही सामने आई जिसमें जो ब्लड व अन्य जांच की रिपोर्टे तीमारदारों व मरीजों को दी जा रही हैं उन पर किसी चिकित्सक के हस्ताक्षर नहीं थे जिसको लेकर तीमारदारों ने खुद कहा साथ ही वहां बैठे स्टाफ का कहना था पहले बीच में हुये थे परंतु अब नहीं हो रहे। उक्त मामले में संबंधित एचओडी व सीएमएस ने कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया, जबकि मेडिकल कॉलेज प्रिंसीपल ने सभी आरोपों को नकार कर उन्होंने खुद सीएमएस संग राउंड लिया सभी रिपोर्टो पर साइन हो रहे हैं।

# अपूर्वा पाली क्लीनिक में नहीं है मरीजो की जीवन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**ना ही डॉक्टर और ना ही मौजूद है ट्रेंड नर्स, फिर भी धड़ल्ले से संचालित हो रहा अवैध अपूर्वा पॉली क्लीनिक**

**सेहत महकमा सो रहा कुंभकर्णी नींद, शहर बिंदकी बस स्टॉप खलील नगर इलाका बना अवैध हॉस्पिटल संचालकों के लिए मुफीद ठिकाना**

**मानक विहीन अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़ का खुलेआम चल रहा कारोबार**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था दिन प्रतिदिन अपनी कमर तोड़ती नजर आती है। इसका सबसे बड़ा कारण स्वास्थ्य विभाग में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों का अपने दायित्व के प्रति निष्ठावान न होना बताया जाता है। अगर शहर के सिर्फ बिंदकी बस स्टॉप इलाके की बात की जाए तो यहां पर अवैध नर्सिंग होमो की भरमार देखी जा सकती है, किंतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों से इन अवैध नर्सिंग होमो के संचालकों की ऐसी सेटिंग-गेटिंग है कि इस इलाके से गुजरने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी आंख मूंदकर आते एवं जाते रहते हैं। शहर के जिला अस्पताल के पास पर बसा यह इलाका वैसे तो बहुत कम समय में तरक्की की राह पर आगे बढ़ गया, किंतु इसके आसपास जुड़े हुए ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी समाज की मुख्य धारा से जुड़े लोग कहीं ना कहीं दूर है जिसकी वजह से इन अवैध नर्सिंग होम संचालकों का कारोबार दिन दूनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। इसी इलाके में स्थित अपूर्वा पाली क्लीनिक इन दिनों काफी सुर्खियों में छाया हुआ है। सूत्रों का कहना है कि इस अवैध पाली क्लीनिक में मरीजों की जीवन सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है और मानक विहीन होने के बावजूद भी धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। बताते हैं कि इस पाली क्लीनिक का संचालिका अपने आपको ऊपर तक सेटिंग-गेटिंग का खिलाड़ी बताता है और पाली क्लीनिक में आने वाले मरीज एवं उनके तीमारदारों पर रौब गाँठकर अनाप-सनाप इलाज के नाम पर बिल बनाकर वसूली होती है। सूत्रों की माने तो अपूर्वा पाली क्लीनिक में ना तो विभिन्न बीमारियों के जानकार डॉक्टर है और ना ही ट्रेंड नर्स एवं स्टाफ है। सूत्र बताते है कि ये पाली क्लीनिक और यहां पर गर्भपात से लेकर नार्मल व सीजर डिलीवरी के अलावा विभिन्न तरह के रोगों से पीड़ित मरीजों की सर्जरी भी कराई जाती है। अब देखने वाली बात ये है कि जब अपूर्वा पाली क्लीनिक इतनी सुर्खियां हासिल किए हुए हैं तो फिर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की निगाह इस ओर क्यों नहीं जाती है। कुल मिलाकर अगर इस अवैध पाली क्लीनिक पर अभी भी संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही न की गई तो न जाने कितने मरीजो को अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड़ सकता है!??



# हरे वृक्षों की कटाई से पर्यावरण को खतरा : जिम्मेदार मौन

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। विभागीय उदासीनता से विकास खण्ड भनवापुर क्षेत्र में लकड़ी माफिया पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं लकड़ी माफियाओं के आगे बन विभाग व पुलिस विभाग के लोग नतमस्तक साबित हो रहें हैं ऐसा लगता है कि वन माफियाओं के आगे नियम कानून का कोई मतलब ही नहीं है यानी नियम कानून बेमतलब साबित हो रहा है बताया जाता है कि वन माफिया बेखौफ होकर ग्रामीण अंचल के क्षेत्रों में प्रतिदिन हरे वृक्षों की कटाई करते हैं और सब कुछ जानने के बावजूद भी जिम्मेदार हाथ पर हाथ रखे बैठे रहते हैं ऐसे में हरियाली की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार कितना सजग हैं इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक विकास खण्ड भनवापुर क्षेत्र के आस पास के गांवों में वन विभाग व पुलिस विभाग के रहमों करम पर वन माफियाओं का आतंक चरम सीमा पर है और जिम्मेदारों की घोर लापरवाही देखने को मिल रहा है बताते चलें कि जिम्मेदारों की भूमिका को संदेह के घेरे में कैद कर देने वाली है। ऐसे में हरियाली की सुरक्षा भगवान भरोसे ही बताई जाती है। जानकारों का मानना है कि हरियाली कम होने की वजह से शुद्ध ऑक्सीजन मिलने का सपना तार तार होने की प्रबल संभावना पैदा होती है सबसे अहम सवाल यह है कि जिम्मेदार हरियाली की सुरक्षा के प्रति उदासीन क्यों बने हैं। ऐसे में जिम्मेदारों व हरियाली माफियाओं के बीच की कड़ी कहीं सुविधा शुल्क तो नहीं है जो कि दोनों के गठजोड़ को संजीवनी देने का काम कर रही ही। सूत्रों की माने तो विकास खण्ड भनवापुर क्षेत्र में प्रतिदिन बन माफिया सैकड़ों बृक्षों को मौत के घाट उतार देते हैं लेकिन सबसे अफसोस की बात यह है कि सुविधा शुल्क के दम पर जिम्मेदार हरियाली की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि हरे वृक्षों को धराशाई करने से पहले वन माफिया वन विभाग व पुलिस विभाग के लोगों से तालमेल मिलाते हैं और कुछ वन माफिया मात्र एक दो हरे बृक्षों के कटान का परमिट बनवा कर उसी परमिट की आड़ में दर्जनों वृक्षों को धराशाई कर देते हैं। अब देखना है कि जिम्मेदारों व वन माफियाओं की तिकड़ी सांठगांठ से हरे वृक्षों पर कब तक जुल्म ढहता रहेगा।

# झोलाछाप डॉक्टरों व पैथोलॉजी सेंटर का कठपुतली बना जिले का स्वास्थ्य विभाग

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। इटवा स्वास्थ्य विभाग की दरियादिली से मरीजों की जेब ढीली कर झोलाछाप व पैथोलॉजी सेंटर मालामाल हो रहे हैं ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका जन चर्चा में है। मिली जानकारी के अनुसार जिले का कोई भी चौराहा झोलाछाप डॉक्टरों व पैथोलॉजी सेंटर से अछूता नहीं है। सूत्रों के अनुसार झोलाछाप डॉक्टर और पैथोलॉजी सेंटर अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में झोलाछाप डॉक्टर आधा परसेंट कमाने के चक्कर में मरीजों को पैथोलॉजी सेंटर के पास भेज देते है जांच होने के बाद कोई रिजल्ट नहीं है जबकि सभी झोलाछाप डॉक्टर जानते हैं कि इन छोटे-छोटे चौराहों पर बिना डिग्री लेकर पैथोलॉजी सेंटर चला रहे हैं लेकिन आधा परसेंट के चक्कर में मरीजों का जेब ढीला कर रहे हैं सूत्रों के झोलाछाप डॉक्टर छोटे-छोटे चौराहे पर नशीली टेबलेट व सिरप भी बेचते हैं ऐसे में कहीं ना कहीं स्वास्थ्य विभाग पर भी उंगलियां उठना लाजमी है ऐसा भी नहीं है कि स्वास्थ्य विभाग में बैठे जिम्मेदार झोलाछाप डॉक्टरों एवं पैथोलॉजी सेंटर की काली करतूतों से अंजान हैं झोलाछाप डॉक्टरों व पैथोलॉजी सेंटर की काली करतूत कई बार प्रकाश में आ चुकी है लेकिन इसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग जांच व कार्रवाई करने में निष्क्रिय साबित हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग की दरियादिली से ना सिर्फ झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले बुलंद हैं बल्कि बिना लाइसेंस के पैथोलॉजी सेंटर चलाने वाले भी नियम कानून को आइना दिखा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इटवा तहसील के महादेव चौराहा , पकड़ी चौराहा , बभनी चौरहा, सोहना चौरहा, बुडऊँ चौराहा, आदि चौराहे पर झोलाछाप डॉक्टरों व पैथालॉजी सेटंर सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि ये झोलाछाप डॉक्टर फोड़े से लेकर कैंसर तक की बीमारियों को ठीक कर देने का ठेका ले लेते हैं। और मरीजों को अपने लच्छेदार बातों में उलझा कर उनका इलाज करने लगते हैं जब मरीज का हालत ज्यादा गंभीर हो जाता है तब बाहर दिखवाने की सलाह देते हैं। ऐसे में मरीज उनकी बातों में फंस कर इनके ठगी का शिकार हो जाता है और मामूली सी बीमारी से वह लंबे समय तक जूझने लगता है। शायद यह कहना गलत ना होगा कि झोलाछाप डॉक्टरों और पैथालॉजी सेटंर संचालकों का कठपुतली बना है स्वास्थ्य विभाग। एक झोलाछाप डॉक्टर ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि झोलाछाप डॉक्टरी करने के लिए हम लोग स्वास्थ्य विभाग को मोटी रकम देते हैं इसलिए हम लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकती है। ऐसे में उस झोलाछाप डॉक्टर की बात यदि गलत मान ली जाए तो झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई करने के बजाए स्वास्थ विभाग आखिर किस वजह से इतना दिलेयर बना हुआ है।



# विश्व आत्महत्या बचाव सप्ताह के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा निर्देशित चिकित्सा एवं परिवार कल्याण योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व आत्महत्या बचाव सप्ताह पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ दुर्ग प्रताप सिंह मानसिक रोग विशेषज्ञ ने अपने वक्तव्य के माध्यम से समाज में तेजी से बढ़ती हुई आत्महत्या जैसी सामाजिक बुराई के फैलने के कारण एवं निवारण पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अपने वक्तव्य ने कहा कि सोशल मीडिया, (मोबाइल इंटरनेट),नशीले पदार्थों का सेवन, अहंकार एवं स्वाभिमान की भावना तथा सहनशीलता की कमी आदि ऐसे कारण हैं जिनसे आत्महत्या को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। आंकड़ों के मुताबिक देखा जाए तो वर्ष 2021 में प्रतिदिन 21 छात्रों की खुदकुशी की तो 2023 में यह संख्या बढ़कर 36 हो गई यानी हर 2 घंटे में तीन आत्महत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं। भारत में हर साढ़े चार मिनट पर एक सुसाइड का मामला सामने आता है। यह बड़ा ही गंभीर और चिंतनीय विषय है।भारत के भविष्य को लेकर उन्होंने बड़ी ही भयावह स्थिति को प्रकट करते हुए आगे कहां की महिलाओं की तुलना में पुरुष ज्यादा आत्महत्या करते हैं आत्महत्या जैसा जघन्य अपराध करने वाले व्यक्ति के लिए आज आवश्यक है आपसी प्रेम सहयोग सद्भावना तथा सहिष्णुता जैसे मानवीय गुना की जिन्हें वे अपने दैनिक जीवन में उपयोग कर एक स्वस्थ समाज राष्ट्र एवं परिवार का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम के अंत में मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर निशा अग्रवाल ने आगंतुक अतिथियों एवं सभागार में उपस्थित शिक्षक समुदाय एवं छात्रों का धन्यवाद कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष प्रकट किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉनिधि गुप्ता ने किया।इस अवसर पर डॉ रंजना राजपूत, डॉ छाया बाजपेई डॉ माधवी सिंह, डॉ अंजू गोयल, डॉ शमा बी, इंद्रपाल सिंह एवं विनीता सिंह सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



# आयुष्मान भव अभियान का संचालन 17 सितंबर से होगा शुरु

## दबरई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमओ ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

## बताये कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से प्रमुख पांच घटक, दिया जागरूकता संदेश

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। दबरई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान सीएमओ डा. राम बदन राम ने मीडिया से बात कर बताया कि 17 सितम्बर से आयुष्मान भव अभियान का संचालन किया जा रहा है।



आगे उन्होंने बताया जिसमें अभियान के प्रमुख घटक है पहला सेवा पखवाडा 17 सितम्बर से दो अक्टूबर 2023 तक, दूसरा आयुष्मान आपके द्वारा 3.0, तीसरा आयुष्मान मेला 17 सितम्बर से, चैथा आयुष्मान सभा 17 सितम्बर से, पांचवा आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान नगरीय वार्ड आदि। जानकारी दी कि सेवा पखवाडा 17 अक्टूबर से दो अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया जायेगा जिसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान महादान, अंगदान की शपथ ली जायेगी। कार्यक्रमों को लेकर अन्य विस्तृत जानकारी भी विस्तार से उनके द्वारा दी गई।

# विद्यार्थियों में हिन्दी शब्दकोश की जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण:- मंजर उलवासे

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंजः- जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद एवं हिन्दी के लिए समर्पित संस्था शब्दम के तत्त्वाधान में जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों में हिन्दी के शब्दकोश की जानकारी के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ कार्यक्रम के अध्यक्ष शब्दम के मुख्य सलाहकार डॉ चन्द्रवीर जैन एवं मुख्य अतिथि मंजर उलवासे, नीरज जैन ,अश्वनी कुमार जैन एवं अंकित जैन ने सर्वप्रथम भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। तदुपरांत मंगलाचरण डॉ स्वाति जैन एवं सरस्वती वंदना श्रीमती साधना मोडवेल द्वारा प्रस्तुत की गई।

मंजर उलवासे ने विद्यार्थियों को हिन्दी के शब्दकोश की जानकारी प्रदान करते हुए बहुत छोटी छोटी गलतियों को बताया। उन्होंने बताया कि हल, विसर्ग, स्वर आदि के होने से शब्दों के क्या अर्थ हो जाते हैं।



उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न मंच के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं को शान्त भी किया। डॉ चन्द्रवीर जैन ने विद्यार्थियों को हिन्दी वर्णमाला के सभी स्वर, व्यंजन , पंक्तियों की विस्तृत व्याख्या करते हुए उनमें वैज्ञानिक तथ्य भी बताए। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि हिन्दी वर्तमान में विश्व में बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिन्दी की महत्ता के विषय में बताते हुए राष्ट्रीय एकता के विषय में भी समझाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया। जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद ने प्रश्नमंच के विजयी विद्यार्थी क्रमशः अंजली, एंजिल दीक्षित, नंदिनी, भूमी गुप्ता, संजना राज, स्वीटी तिवारी, एंजल यादव, कोमल, मुस्कान, कौशिकी, मोनिका, शिखा, शिवानी यादव, अवन्तिका शर्मा, विशाल, सचिन, ईशू कुमार, साजिब को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में संजय कटारा, राजकुमार, संदीप जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, प्रशान्त जैन, अंजय जैन, निर्भय जैन, राजीव जैन, अंकित जैन, राजेश सक्सेना, सुकीर्ति चतुर्वेदी, सारिका कुलश्रेष्ठ, रंजना जैन, डॉ स्वाती जैन , साधना मोडवेल एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यो में खर्च हुए पैसों का सचिव के द्वारा नहीं किया जा रहा भुगतानझग्राम प्रधान

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के विकास खंड बहुआ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुरियानी के ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखित तौर पर एक तहरीर दिया है कि उनके ग्राम पंचायत के अंदर जितने भी कार्य हुए हैं उन सब कार्यों का भुगतान सचिव जय सिंह के द्वारा नहीं किया जा रहा है। वहीं ग्राम प्रधान ने कहा कि इस कारण ग्राम पंचायत में अन्य कोई विकास कार्य नहीं हो पा रहा है क्योंकि जिस भी दुकान से सामान लाया जाता है तो दुकानदार बिना



भुगतान के अब कोई भी सामान नहीं दे रहा है। वहीं ग्राम प्रधान ने कहा कि सचिव के द्वारा भुगतान नहीं किया गया है लेकिन उसके द्वारा 25 प्रतिशत कमीशन मांग रहा है।ग्राम पंचायत के अंदर ग्राम प्रधान के द्वारा मुख्य तौर पर कराए गए कार्य निम्न प्रकार हैं

1- ग्राम प्रधान का मानदेय 5000 रुपए मासिक की दर से

2- हैंड पंप मरम्मत का भुगतान

3- गांव में जलभराव से निजात हेतु अध्धा एवं रोड़ी का भुगतान

4- मरम्मत किए गए हैंड पंपों के मिस्त्री का भुगतान

5- गांव में हुए विकास कार्यों के शीला पट का भुगतान

6- स्वतंत्रता दिवस में व्यय का भुगतान

# शौर्य जागरण यात्रा की व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा



शिकोहाबाद। विश्व हिन्दू परिषद की बैठक नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता के कार्यालय पर की गई। जिसमें 9 अक्टूबर को होने वाली शौर्य जागरण यात्रा की व्यवस्थाओं पर मंथन किया गया। बैठक में जिला मंत्री शशिकांत शर्मा, नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता व शहर के व्यापारी नेता हरचरन सिंह चन्नी,अनिल कुमार चड्ढा,सोनी गंभीर,आकाश यादव राजा, आशीष यादव,अनमोल गुप्ता,हिमांशु गुप्ता व अन्य सदस्य शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि नौ अक्तूबर को शौर्य जागरण यात्रा धूमधाम से निकाली जायेगी। जिसके लिए विहिप अभी से तैयारियों में जुटी हुई है।

# माथुर वैश्य समाज ने बाबू गुरु दयाल सिंह प्रतिमा लगवाने को महापौर कोदिया ज्ञापन

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। माथुर वैश्य मंडलीय परिषद फिरोजाबाद मंडल द्वारा मंडलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता गाजीपुर के नेतृत्व में माथुर वैश्य समाज का एक प्रतिनिधि मंडल महापौर नगर निगम श्रीमती कामिनी राठौर से नगर निगम में मिला जिसमें माथुर वैश्य समाज द्वारा समाज की ज्वलंत समस्याओ के बारे में अवगत करते हुए एक ज्ञापन दिया जिसमे नगर निगम की जमीन माथुर वैश्य समाज से नगर पालिका फिरोजाबाद के प्रथम चेयरमैन एवं प्रमुख समाजसेवी बाबू



स्व. श्री गुरु दयाल सिंह जी गुप्ता के द्वारा नगर पालिका को दान में दी गयी थी जिस पर बाबू गुरु दयाल सिंह जी गुप्ता की मूर्ति नगर निगम के मुख्य गेट पर लगी हुई थी जिसको कि नगर निगम के मुख्य गेट कि मरम्मत के समय हटा दिया गया था जो कि अभी तक नहीं लगाई गयी है एवं सुभाष तिराहे पर स्थापित माथुर वैश्य स्तंभ के सौंदर्य करण और माथुर वैश्य समाज द्वारा स्थापित माथुर वैश्य वाटिका जिसमें व्यक्ति के मरने के बाद उसके परिवार के शुद्धि कार्यक्रम के लिए सर्व समाज को दी जाती है वहां सड़क और नाली निर्माण के लिए भी महापौर जी को अवगत कराया एवं सुहाग नगर में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बोहरे श्री ओम प्रकाश जी गुप्ता पार्क की दुर्दशा के बारे में अवगत कराते हुए सुंदरीकरण के लिए भी ज्ञापन दिया ज्ञापन के समय मंडलाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता गाजीपुर मंडल मंत्री दीपक गुप्ता कालू महासभा उपाध्यक्ष मुकेश मामा पार्षद अजय गुप्ता एवं हरिओम गुप्ता महासभा संगठन मंत्री आनंद गुप्ता टी टी कानपुर अशोक कुमार गुप्ता राकेश मेरोठिया आकाश गुप्ता राजेश जबरेबा प्राचीन सेठ शैलेंद्र कुमार गुप्ता सुशील कुमार गुप्ता डब्बू आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सिरसा में 2 दिवसीय दौरा

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने 2 दिवसीय दौरे पर आज हेलिकॉप्टर से सिरसा पहुंच गए हैं। पुलिस लाइन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का स्वागत पूर्व गृह राज्य मंत्री गोपाल कांडा ने किया। गोपाल कांडा कुछ पल में ही मुख्यमंत्री के साथ वह बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच गए ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ भेंट के बाद वह शाम को जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों से रूबरू होंगे।

बताया गया है कि मुख्यमंत्री के सिरसा पहुँचने से पहले उनके रूट और कार्यक्रम स्थलों पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

### 10 हजार लोगों की ओर से रजिस्ट्रेशन

मुख्यमंत्री के साइक्लोथॉन में शामिल होने के लिए जिले भर के 10 हजार लोगों की ओर से रजिस्ट्रेशन करवाया गया है।सिरसा पहुंचने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भाजपा के नेताओं व कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

### 14 किलोमीटर की होगी साइक्लोथॉन

बताया गया है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा हरियाणा में यह कार्यक्रम समाज में फैल रही नशे जैसी सामाजिक बुराई को रोकने तथा लोगों में जागरूकता लाने के मकसद से किया जा रहा है। साइक्लोथॉन के लिए अभी तक दस हजार से अधिक का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। उन्होंने कहा कि शहर में साइक्लोथॉन 14 किलोमीटर की होगी। जहां-जहां से साइक्लोथॉन गुजरेगी वहां पर संबंधित विभाग के अधिकारी पानी व अन्य व्यवस्थाएं स्थानीय प्रशासन ने की हैं।

सिरसा में मुख्यमंत्री दो दिन ठहर कर आमजन में साइक्लोन के प्रति लोगों में चेतना का सृजन करेंगे। जिसमें नशा से लोगों को होने वाले शारीरिक रूप से नुकसान पर चर्चा होगी। खासकर युवा पीढ़ी को चेताने के लिए कोशिश की जाएगी कि विदेशी ताकतों द्वारा भारत की युवा पीढ़ी को नर्क के गर्त में धकेलने के लिए चिट्टा जैसी नशीली दवाओं का सेवन करने की प्रेरणा देने के प्रयास पर लगाम लगाई जा सके।



सिरसा पहुँचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल बार एसोसिएशन के समारोह में वकीलों को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री अपने इस दो दिन के कार्यक्रम में सिरसा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाओं के अलावा लोगों से रुबरु होकर उनके विचार जानने की पूरी कोशिश में है।

अपने इस जनचेतना कार्यक्रम में यानि आज 16 सितंबर को मुख्यमंत्री सबसे पहले सिरसा पुलिस लाइन में दोपहर 2.55 बजे पहुंचे और वहाँ बुजुर्गों,महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों से मिलकर उन्हें सरकार द्वारा चलाए गए उनके हित के सरकार के कार्यक्रमों और योजनाओं से अवगत कराया । यहां से वह वाया रोड से बार एसोसिएशन में कार्यक्रम 3 बजे से 4 बजे तक तक रहे। इसके बाद एक घंटे तक वह निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए और उसके बाद शाम 5 बजे से जन संवाद ऑडियो, मिनी सेक्टर में रहे इस जनसंवाद कार्यक्रम के बाद जनता भवन में शाम 6.10 से 8.40 तक जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने लोगों में नशामुक्ति के लिए चेतना जागृत करने, लोगों की दुख तकलीफों, सरकार द्वारा चलाई गयी विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं और उसके क्षेत्र की जरूरतों की जानकारी भी ली।

बताया गया है कि मुख्यमंत्री कल 17 सितंबर को सुबह 6.30 बजे शहीद भगत सिंह स्टेडियम में साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद वह सीडीएलयू में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। साढे. 9 बजे वह वापस पुलिस लाइन हेलीपैड पर पहुंचेंगे।

# बाजरे की एमएसपी पर सरकारी खरीद करने की मांग को लेकर किसान सभा ने भिवानी की अनाज मण्डी में सरकार विरोधी किया प्रदर्शन

*बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500 रुपये तत्काल निर्धारित करे सरकार- रामफल देसवाल*

विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बर। अखिल भारतीय किसान सभ भिवानी ने नई अनाज मंण्डी में बाजरे की 2500 रुपये प्रति किंवटल एमएसपी पर तुरन्त सरकारी खरीद शुरू करने की मांग को लेकर राज्य सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल कर रहे थे । भिवानी की नई अनाज मण्डी में किसानों को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल व उपप्रधान कामरेड ओम प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार ने बाजरे का सरकारी एमएसपी 2500 रुपये प्रति किंक्टल निर्धारित किया था , परन्तु आज किसान बाजरे को बेचने के लिए मण्डी में आ रहा है , तो सरकारी एजेन्सियां गायब हैं और किसान को 1950 व उसके आसपास अपना बाजरा बेचना पड़ रहा है। उसे प्रति क्विंटल 550 रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है , इसी तरह हरियाणा के किसानों ने रबी की सरसों की फसल में 20000 करोड़ का घाटा उठाना पड़ा । उन्होंने हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया कि वह प्राईवेट व्यापारियों को खरीदने के लिए छूट दे रही है और जानबूझकर सरकारी खरीद नहीं कर रही है , जो सरकार अपने आप को किसान हितैषी बता रही है , वह मण्डियों में किसान की लुटाई करवा रही है । किसान सभा किसानों की इस लूट का विरोध करती है और तुरन्त सरकारी खरीद शुरू करने की मांग करती है । उन्होंने कहा कि कपास के गुलाबी सून्डी लग गई है तथा धान में सोखा आने के कारण कीड़ा लग गया है , किसानों की पचास प्रतिशत फसल व पैदावार खत्म हो गई है , उसकी विशेष गिरदावरी करके 25000 रुपये प्रति क्विंटल मुआवजा दिया जाए किसानों को बकाया पड़ा बीमा क्लेम व मुआवजा भी दिया जाए । आज के प्रदर्शन में किसान राजपाल पालवास , प्रदीप नन्दगांद , राजेश , सुखबीर , बलवान कितलाना , सुखबीर दिनोद , किसान सभा के कार्यवाहक ब्लाक प्रधान नरेन्द्र धनाना , सचिव प्रताप सिंह सिंहमार व कमेटी सदस्य महाबीर फौजी शामिल थे ।

# जनसंवाद नहीं जन अपमान कार्यक्रम बनकर रह गया मुख्यमंत्री मनोहर कार्यक्रम- राजकुमार

**विनोद कश्यप, प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के जिला सिरसा स्थित जनता भवन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन संवाद कार्यक्रम से पूर्व कांग्रेसी नेता राजकुमार शर्मा को पुलिस द्वारा घर में नजर बंद किया गया। मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम से पहले किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन अलर्ट नजर आ रहा है।

वहीं, कांग्रेसी नेता राजकुमार शर्मा ने बताया कि राजनीति से जुड़े होने के चलते आज तक हमने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया कि जिससे किसी राजनीतिक शख्सियत के कार्यक्रम में दखलबाजी की गई हो। राजनीति से जुड़े होने के चलते जब राज्य का मुखिया लोगों के साथ जन संवाद करने के लिए सिरसा में पहुंच रहा हो तो मेरा भी यह दायित्व बनता है कि मैं भी सिरसा की आवाज मुख्यमंत्री के समक्ष उठाऊं। शहर में गंदगी के लगे अंबार

आज आवाज उठाने की बजाय आवाज दबाने का कार्य भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। आज सिरसा के शहर में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। सड़कें बिल्कुल टूट हुई हैं। सड़कों के टूट जाने से कई लोग अपनी जान से भी हाथ धो बैठे हैं। मैं मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह बात देना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री को वास्तविक स्थिति से अवगत करवाने वाले सिरसा के नेता मुख्यमंत्री को बरगलाने का कार्य कर रहे हैं।

### जन अपमान बनकर रह गया जनसंवाद कार्यक्रम


सिरसा शहर की स्थिति बदतर हो गई है। शहर की नुमाइंदगी करने वाला गोवा रहता है। जब भी मुख्यमंत्री का कोई कार्यक्रम होता है तो हाजिरी भरने के लिए आ धमकता है। सिरसा की जनता से उसका किसी भी प्रकार का कोई सरोकार नहीं है। मुझे दुख इस बात का है कि मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा जनसंवाद आमजन के लिए जन अपमान बनकर रह गया है। एक प्रदेश के राजा आने पर धारा 144 लगो दी जाती है।

# फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री वाले अपने उत्पादन सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए करें डिजिटल मंच का उपयोग- मनोहर लाल

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, 16 सितम्बरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जुड़े लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वे वर्तमान दौर में अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए डिजिटल मंच का अत्यधिक उपयोग करते हुए एक सफल उद्यमी के तौर पर स्वयं को स्थापित करें।





मुख्यमंत्री आज सिरसा से मुख्यमंत्री की विशेष चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज भारतीय इंडस्ट्री 4.0 के इस दौर में डिजिटल रिवोल्यूशन का चेहरा बना हुआ है। फूड प्रोसेसिंग में भी इसका कारगर उपयोग हो रहा है। विशेषकर उत्पादों को बेचने में डिजिटल प्लेटफार्म बहुत उपयोगी साबित हो रहे हैं। ज्यादातर उपभोक्ता कोई भी खाने पीने की चीज खरीदने के समय उसकी ऑनलाइन उपलब्धता तलाश करते हैं। इसलिए फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जुड़े सभी लोग भी डिजिटल मंच का उपयोग कर अपने उत्पाद सीधे ही उपभोक्ताओं को बेच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री बड़ी तेजी से विकसित हो रही है। आज बढ़ती जनसंख्या बढ़ते शहरीकरण और स्वास्थ्य के प्रति सचेत उपभोक्ता के कारण उच्च कोटि के बाद पदार्थों की मांग निरंतर बढ़ रही है। देश में वर्ष 2022 में फूड प्रोसेसिंग उद्योग 26 लाख करोड़ रुपए का था जो अगले 3 वर्षो में बढ़कर 35 लाख करोड़ रुपये तक होने की उम्मीद है। इसलिए इस उद्योग में निवेश व विकास की व्यापक संभावनाएं है।

मनोहर लाल ने सभी उद्यमियों का कृषि प्रधान प्रदेश हरियाणा में फूड प्रोसेसिंग उद्योग को नए आयाम देने के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने उद्योग लगाकर न केवल हरियाणा के औद्योगिक क्षेत्र के विकास में, बल्कि रोजगार बढ़ाने सहित लाखों किसानों की आय बढ़ाने में भी योगदान दिया है।

### प्रदेश में 28 हजार फूड प्रोसेसिंग यूनिट हैं संचालित

मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पिछले 9 सालों में प्रदेश में ऐसा माहौल बनाया है, जिसमें कारोबार करना आसान हो गया है, विभिन्न विभागों से अनुमति लेना सरल बना दिया गया है। हरियाणा कृषि व्यवसाय एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति अधिसूचित करने के साथ-साथ, प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए अनेकों प्रकार की सब्सिडी एवं करोडो रुपयों का सहायता अनुदान दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप, हरियाणा में अब तक लगभग 28 हजार फूड प्रोसेसिंग यूनिट लग चुकी हैं।

### एमएसएमई के तहत मिलने वाले लाभ उठाए उद्यमी

मुख्यमंत्री ने फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए ऐसे सभी उद्यमियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे एमएसएमई का लाभ उठाकर अपने उद्योग को तेजी से आगे बढाएं। साथ ही हरियाणा प्रदेश द्वारा उद्यम एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के भी लाभ उठाए।

उन्होंने बताया कि हरियाणा में उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर 6 लाख 44 हजार 544 उद्यम पंजीकरण प्रमाणित एम.एस.एम.ई. हैं। इनमें से 27 हजार 370 एम.एस.एम.ई. पंजीकृत हैं। फूड फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के रूप में एम. एस.एम.ई. पॉलिसी व एचईईपी- 2020 के तहत कुल 4860 इकाइयों ने विभिन्न लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन किए हैं। इनमें से 1501 इकाइयों को लाभ वितरित किए जा चुके हैं तथा 719 इकाइयों को लाभ देने की प्रक्रिया चल रही है।

# सिरसा में आम आदमी पार्टी के नेताओं की गिरफ्तारी साबित कर रही सरकार है भय में

**विनोद कश्यप, प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः सिरसा में शनिवार को सीएम के कार्यक्रम से पहले आम आदमी पार्टी के नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। इस पर आम आदमी पार्टी के स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

अनुराग ढांडा ने जानकारी दी कि आम आदमी पार्टी के नेता सिरसा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी कुलदीप सिंह गदराना, जिला अध्यक्ष हैप्पी सिंह रानिया, वरिष्ठ नेता धर्मपाल लोट, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ नेता हंसराज सामा और वरिष्ठ नेता दारा सिंह दमदमा को पुलिस ने लाइव प्रेस कांफ्रेंस से ही गिरफ्त में ले लिया। इसका आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने जमकर विरोध किया।

आम आदमी पार्टी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं से डर लगने लगा है। इसलिए वे जहां भी जाते हैं, पहले ही आम आदमी पार्टी कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया जाता है। जनता सब कुछ देख रही है। खट्टर सरकार के जुल्म और ज्यादती ज्यादा दिन नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों पर तानाशाही की गई है। मुख्यमंत्री खट्टर की ये तानाशाही ज्यादा दिन नहीं चलेगी। सिरसा में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे आम आदमी पार्टी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। कोई भी आम व्यक्ति किसी तरह का मांग व आवाज उठा सकता है, लेकिन जनता की आवाज से भाजपा सरकार डरी हुई है। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया जाता है। इससे पहले जिले में हुए जन संवाद कार्यक्रम के दौरान आम आदमी पार्टी नेताओं को गिरफ्तार करवाया गया था।

उन्होंने कहा कि सिरसा में जो मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी, उनको लेकर ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सवाल पूछने वाले थे।

## "सोशल मीडिया का युवा समाजसेवी द्वारा सर्वोत्तमउपयोग, वृद्धा महिला को मिला पेंशन योजना का लाभ"

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , सराइकेला (झारखण्ड)**

ईचागढ़ - झबरी गांव की वृद्धा महिला चंचला देवी को वृद्धा पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करने में लगभग डेढ़ साल बितने के बाद भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। जिसको देखते हुए समाजसेवी रोहित दे के द्वारा समाधान करने का प्रयास किया गया।

सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के युवा समाजसेवी रोहित दे ने चंचला देवी की समस्या को सोशल मीडिया, ट्विटर के माध्यम से समस्या का समाधान करने का प्रयास किया गया। इसके परिणामस्वरूप, वृद्धा महिला को उनके अधिकार का लाभ मिलने की संभावना हैं।

रोहित दे ने ट्विटर पर जिले के उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला को इस मामले की जानकारी देने के बाद, उपायुक्त जी ने त्वरित उत्तर दी एवं वृद्धा महिला चंचला देवी को पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने का आदेश जारी किया। इस पड़ाव के बाद, चंचला देवी के परिजनों ने सरायकेला खरसावां जिले के उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला का आभार व्यक्त किया और युवा समाजसेवी रोहित दे का सम्मान किया।

\इस कार्रवाई से साफ होता है कि समाज के सबसे असमर्थ वर्गों की मदद करने के लिए युवा समाजसेवी रोहित दे जैसे व्यक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और सोशल मीडिया का सही तरीके से उपयोग किया जा सकता है। इसके माध्यम से कई अच्छे काम किये जा सकता है, जिससे समाज में सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

# पुलिस कप्तान के निर्देश पर चलाया गया अबैध बालू परिवहन के खिलाफ छापेमारी

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , सराईकेला-खरसावां**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक के प्रतिनियुक्ति के बाद से ही क्षेत्र में अबैध धंधों पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान चलाकर सख्ती के साथ पुलिस लगातार कारवाई करने में लगे हुए हैं। जिला में अबैध धंधों पर अंकुश भी लगा है , मगर अबैध धंधों में संलिप्त धंधेबाज नये नये तरीके अपना कर प्रशासन को चकमा देकर अबैध बालू का परिवहन करने में बाज नहीं आ रहा है। वहीं ईचागढ़ पुलिस द्वारा जिला के पुलिस कप्तान डाक्टर बिमल कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी गौरव मिश्रा के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। जगह जगह छापामारी अभियान शुक्रवार रात से जारी है। वहीं शनिवार को ईचागढ़ थाना के पास चेक नाका लगाकर तीन बालू लदे हाइबा एवं एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया। वहीं थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अबैध बालू के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाया गया । उन्होंने कहा कि शनिवार को तीन हाइबा एवं एक ट्रैक्टर को रोक कर पुछताछ किया गया तो हाइबा में बिहार के गया का चालान दिखाया गया। उन्होंने बताया कि तीनों हाइबा को जप्त कर लिया गया है एवं ओवर लोड के लिए डीटीओ को लिखा गया है। उन्होंने कहा कि अबैध बालू लदे ट्रैक्टर को भी जप्त किया गया है एवं आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।



# योगी सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान

प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था प्रदेश की योगी सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान है। आए दिन अपराधी हत्या, लूट, डकैती जैसी जघन्य घटनाओं को अंजाम दे रहे है, जिससे प्रदेश की जनता में भय व्याप्त है। जनपद मिजार्पुर में विगत सोमवार को दिन दहाड़े बाइक सवार बदमाशों द्वारा रुपए से भरा बॉक्स कैश वैन से लूटकर घटना को अंजाम दिया गया और वैन के सुरक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी साथ ही राहगीरों को भी घायल कर दिया।



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए जनपद मिजार्पुर (कोन ब्लाक) के लूटकांड में मारे गये गार्ड जय सिंह के आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर बच्चों को सांत्वना देते हुए कहा कि "आप के पिता जी अपना कार्य बहादुरी से करते हुए शहीद हुए हैं, आप एक बहादुर पिता के बच्चे हैं, आपके साथ कांग्रेस परिवार हर परिस्थितियों में खड़ा है।"

श्री राय ने इस मौके पर मौजूद स्थानीय पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि "प्रदेश में पूरी तरह से जंगलराज कायम है, अपराधी कानून व्यवस्था को अपनी जेब में रखकर घूम रहे हैं, प्रदेश की योगी सरकार में अपराध अपने चरमोत्कर्ष पर है, पूरे प्रदेश में भय का माहौल है और सरकार अपराध रोक पाने में पूरी तरह से विफल है, कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है।"

उल्लेखनीय है कि शहीद गार्ड जय सिंह ही अपने पूरे परिवार का भरण पोषण करने का एकमात्र सहारा थे, वह ही अपने पूरे परिवार की देखभाल करते थे। उनकी आकस्मात हत्या हो जाने से उनके परिवार में आय का कोई दूसरा श्रोत नहीं बचा है। आज की स्थिति में उनके बच्चों का पालन पोषण और शिक्षा-दीक्षा का संकट खड़ा हो गया है।

श्री अजय राय ने प्रदेश सरकार से इस दुखद घटना में शहीद हुए गार्ड जय सिंह के परिवार की विषम आर्थिक दशा को देखते हुए तत्काल एक करोड़ रुपए की मदद तथा उनके छोटे भाई को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग की है।

# नीमडीह अस्पताल मैदान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित

फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह

नीमडीह (झारखंड), 16 सितंबर 2023 : झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह अस्पताल मैदान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मेला



का उदघाटन विधायक सविता महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नीमडीह प्रखंड के विभिन्न गांवों के सैकड़ों मरीज पहुंचे और चिकित्सीय परीक्षण करा कर निशुल्क दवा लिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान महासंघ के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अनंत कुमार महतो, बाल विकास परियोजना पदाधिकरी श्रीमती विभा सिन्हा, स्वास्थ्यकर्मी दीपक कुमार महतो, चंद्रमोहन गोराई, अमरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# ईचागढ़ प्रखंड के सात आँगनवाड़ी केंद्र पर होगी सेविका/ सहायिका का चुनाव

दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )

ईचागढ़ः - बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से प्रखंड के सात आंगनवाड़ी केंद्र पर सेविका/सहायिका का चयन किया जाएगा।बाल विकास परियोजना पदाधिकारी साधना चौधरी द्वारा बताया गया कि ईचागढ़ प्रखंड के अंतर्गत सात आँगनवाड़ी केंद्र पर सेविका/ सहायिका का पद रिक्त है।सरकार के निर्देशानुसार रिक्त स्थान पर चुनाव कराया जाएगा। आँ. केंद्र सालुकडीह में 03.10.2023,आँ. केंद्र आदरडीह में 04.10.2023,आँ. केंद्र सितु में 09.10.2023,आँ. केंद्र पामिया में 10.10.2023,आँ. केंद्र बड़ा आमड़ा में 11.10.2023, आँ. केंद्र पाटपुर में 12.10.2023 ओर आँ. केंद्र कुडूकतोपा में 13.10.2023 को सेविका/ सहायिका का चयन किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार सभी प्रकार के शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ आमसभा में उपस्थित रहेगी । अधिक जानकारी के लिए संबंधित प्रभारी सेविका या बाल विकास परियोजना कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।



# क्रेटा गाड़ी छीनने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार।

हिसार / दिनेश महता, 16/9/23 हिसार पुलिस की सीआईए टीम ने सुरेवाला चोक से क्रेटा गाड़ी छीनने के मामले में दो आरोपियों भूटाना, गोहाना निवासी सचिन उर्फ सोनू और भल्ला, असंध निवासी अनिल को थाना उकलाना में आईपीसी की धारा 379अ के तहत अंकित अभियोग संख्या 294 दिनाक 09.09.2023 में गिरफ्तार किए गए है।

उप निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि उकलाना मंडी निवासी रमेश ने फेसबुक पर अपनी क्रेटा गाड़ी की फोटो उसे बेचने के लिए डाली थी। 9 सितंबर को आरोपी भल्ला, असंध निवासी अनिल ने राकेश के पास फोन कर गाड़ी देखने को कहा और अनिल, सचिन उर्फ सोनू अपने एक साथी साथी रमेश कुमार की दुकान पर आए। तीनों आरोपी रमेश के साथ गाड़ी की ट्राई लेने के लिए सुरेवाला चोक तक गए और उकलाना मंडी वापस पहुंचने पर इन्होंने गाड़ी को चाबी गुम होने का बहाना बनाया। चाबी ढूंढने का बहाना करते हुए तीनो अचानक से रमेश को चकमा देते गए गाड़ी छीनकर भाग गए। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को पीछा किया। पुलिस के डर से आरोपी छीनी गई क्रेटा गाड़ी को अंबाला के छोड़कर फरार हो गए ।

उप निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने उकलाना मंडी निवासी रमेश कुमार की शिकायत पर थाना उकलाना में उपरोक्त अभियोग अंकित कर मामले के दो आरोपियों सचिन उर्फ सोनू और अनिल को मुनक, करनाल से गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा छीनी गई गाड़ी अंबाला से बरामद की जा चुकी है। आरोपियों को आगामी कार्रवाई के लिए आज पेश अदालत कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।